सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 27 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 203, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## वृद्धि की रफ्तार बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। } 14

## क्रांति लायेगा भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को क्रांति लाने वाला करार दिया और कहा कि इससे किसानों, युवाओं, उद्यमियों और एमएसएमई सहित हर वर्ग को लाभ होगा। } 16



# कृतज्ञ राष्ट्र ने कारगिल के शहीदों को किया नमन

### विजय दिवस पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व तीनों सेना प्रमुखों ने जवानों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के सशस्त्र बलों के उन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 1999 के करगिल युद्ध में भारत की सरजमीं की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में बहादुरी से लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ करगिल युद्ध में भारत की जीत सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैन्य कर्मियों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को लद्दाख में करगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने तक चले युद्ध के बाद घोषणा की कि दुश्मनों से अपनी जमीन को मुक्त कराने के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन विजय पूर्ण रूप से सफल हुआ है। इस दिन को हर वर्ष करगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा करगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के प्रति उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों का सर्वोच्च कमांडर भी होता है। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भारत-मालदीव के साथ संबंधों की मजबूती को लेकर उत्सुक

### मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

माले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मोदी का समारोह में शामिल होना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार का एक और संकेत है। मालदीव की राजधानी के मध्य में स्थित समारोह स्थल, रिपब्लिक स्क्वायर पर राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनके मंत्रिमंडल के शीर्ष मंत्रियों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी, मुइज्जू के बगल में बैठे और मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित 50 मिनट से अधिक समय के कार्यक्रम को देखा। समारोह में सैन्य परेड और बच्चों एवं पारंपरिक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें मालदीव के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा भारत और मालदीव के बीच गहरी साझेदारी है जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और सांस्कृतिक एवं आर्थिक आदान-प्रदान के लंबे इतिहास पर आधारित है। उन्होंने एक्स पर कहा, हमारे संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जो लोगों के बीच आपसी संपर्क और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से आकार ले रहे हैं। भारत मालदीव के लोगों की आकांक्षाओं का समर्थन करने और हमारे ग्रह की बेहतरी के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी। इस महत्वपूर्ण अवसर ने मालदीव के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा, यह पिछले कुछ वर्षों में देश की परिवर्तन यात्रा का भी प्रतीक है। अपनी प्राचीन समुद्री परंपराओं से लेकर जलवायु ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संक्षेप

### यूएई में एशिया कप का आयोजन नौ से

नयी दिल्ली। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित ग्रुप चरण मैच रविवार (14 सितंबर) को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में है और इन दोनों टीमों के अगले रविवार (21 सितंबर) को फिर से सुपर फोर मैच में आमने सामने होने की संभावना है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा और उसके सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है जबकि श्रीलंका अफगानिस्तान बांग्लादेश, और हांगकांग ग्रुप बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम को अनुमति देगा तथा मैच दुबई तथा अबुधाबी में खेले जाएंगे। **(विस्तृत खबर भीतर)**

### जल्द मिलेगी उमस भरी गर्मी से राहत

लखनऊ। पिछले तीन-चार दिनों से लोग उमसभरी गर्मी से परेशान थे, लेकिन शनिवार को दोपहर घने बादल छाने के साथ झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी। मौसम विभाग के मुताबिक, बरसात का सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। वाराणसी समेत पूर्वी यूपी के 10 से अधिक जिलों में मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, राजधानी में बादलों की आवाजाही के बीच दोपहर बाद धूप भी निकलने के आसार हैं। देर शाम और रात में हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया और आसपास के इलाकों में अत्यधिक बारिश के साथ 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा भी चलेगी।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- अखिलेश को जालीदार टोपी पहननी चाहिए : केशव (पृष्ठ-02)
- संविधान ही ढाल, संविधान ही कवच : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- सशस्त्र बल अब मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्वतंत्र (पृष्ठ-14)
- 4,900 करोड़ की परियोजनाओं का तमिलनाडु में लोकार्पण (पृष्ठ-14)
- अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी की छापेमारी जारी (पृष्ठ-14)





# सेना ने दुश्मनों के दुस्साहस का दिया मुंहतोड़ जवाब

### सीएम योगी ने 'कारगिल विजय दिवस' पर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के वीर जवानों ने देश की आन-बान-शान के खिलाफ दुश्मनों के दुस्साहस को सदैव मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने अपना बलिदान देकर भी भारत की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखा है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' तथा 'समर्थ व सशक्त भारत' बनाये जाने तथा 'आत्मनिर्भर व विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने के लिए हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। कारगिल विजय दिवस हमें यही संदेश दे रहा है। जिन वीर सैनिकों ने देश को सुरक्षित रखने के लिए अपना बलिदान दिया है, उनकी प्रेरणा है कि हम एक रहें। मुख्यमंत्री शनिवार को कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, मेजर रितेश शर्मा, लांस नायक केवलानन्द द्विवेदी तथा राइफलमैन सुनील जंग के परिजनों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मातृभूमि की एकता और अखण्डता तथा देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले भारत माता के सभी बहादुर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। एक तरफ हम कारगिल युद्ध के योद्धाओं का स्मरण कर उनके परिजनों का सम्मान कर रहे हैं। दूसरी ओर लखनऊ नगर निगम ने भारत के स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि अचानक नहीं आयी है, इसके लिए परिश्रम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था। यह युद्ध पाकिस्तान द्वारा थोपा गया था। मई, 1999 में स्थानीय चरवाहों ने कारगिल की पहाड़ियों पर घुसपैठ की सूचना भारतीय सेना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उन्नाव में एआई यूनिवर्सिटी का योगी ने किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद को शनिवार शिक्षा, तकनीक और सांस्कृतिक समृद्धि के अद्वितीय संगम के रूप में एक नई पहचान मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में स्थापित देश की पहली निजी एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करते हुए इसे आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने इस ऐतिहासिक जनपद की साहित्यिक, सांस्कृतिक और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली विरासत को याद करते हुए कहा कि यह नई यूनिवर्सिटी तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों, निजी और सरकारी निवेश की उपलब्धियों तथा शिक्षा-उद्योग सहयोग की दिशा में हुए सुधारों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी भारत के एआई ...शेष पृष्ठ 14 पर



# बीएलए का पाक पर हमला, 23 सैनिकों की मौत

### मस्तुंग, कलात, जमुरान, बुलेदा और क्वेटा में पाक की सेना को बनाया निशाना

एजेंसी

करांची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में संघीय हुकूमत से आजादी की लड़ाई लड़ रही बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक विज्ञप्ति में सशस्त्र हमलों की जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने कहा कि उसके लड़ाकों ने पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी समेत कम से कम 23 सैन्यकर्मियों की हत्या कर दी। सशस्त्र हमलों में सैन्य बुनियादी ढांचे और खुफिया जानकारी से जुड़ी संपत्तियों को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया।

द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बलूच लिबरेशन आर्मी की 25 जुलाई को मीडिया को जारी विज्ञप्ति में बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच ने कहा कि समूह के लड़ाकों ने मस्तुंग, कलात, जमुरान, बुलेदा और क्वेटा में पाकिस्तान की सेना को निशाना बनाया। साथ ही नुश्की, दलबंदिन और पंजगुर में भी हमले किए। यह हमले संघीय सरकार और उसकी सेना यह बताने के लिए किए गए कि आजादी के सिवा और कोई बात स्वीकार नहीं। बीएलए के अनुसार, 22 जुलाई को कलात के कोहाक क्षेत्र में ...शेष पृष्ठ 14 पर



## झारखण्ड : मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

गुमला। झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्य घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग में एकत्र हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि इस गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी बंद होने के बाद घटनास्थल से एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद की गईं। झारखंड पुलिस के महानिरीक्षक (अभियान) ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है सैनिकों का पराक्रम : धामी

### कारगिल विजय दिवस पर शौर्य को सलाम, उत्तराखंड के शहीदों को नमन

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश की खातिर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लड़े गए युद्ध ने भारतीय सैनिकों के साहस, रणनीति और पराक्रम की जो मिसाल कायम की, वह इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उत्तराखंड की वीरभूमि ने इस युद्ध में 75 अमर शहीद देश को दिए।

गांधी पार्क, देहरादून में आयोजित कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहा कि उनका बलिदान सदैव देश की प्रेरणा बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि उत्तराखंड सरकार उपनल (उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम) के माध्यम से पूर्व सैनिकों को विदेशों में रोजगार दिलाने की योजना पर कार्य कर रही है, जिसमें 50% स्थान सिविल अभ्यर्थियों के लिए भी आरक्षित होंगे। वर्तमान में ...शेष पृष्ठ 14 पर



**विशेष खबर** 30 मिनट में पूरा घर जमींदोज, भारी संख्या में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद

# छांगुर बाबा के भतीजे के घर पर बुलडोजर एक्शन

जिला संवाददाता

बलरामपुर। यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा के खिलाफ एक्शन जारी है। बलरामपुर में शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के घर को बुलडोजर से ढहा दिया। करीब 30 मिनट में ही दो बुलडोजर ने पूरे घर को गिरा दिया। इस दौरान भारी तादाद में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

छांगुर बाबा और नसरीन की गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने सबरोज को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। एटीएस पूछताछ में सामने आया कि सबरोज भी छांगुर बाबा के धर्मांतरण गैंग में शामिल था। वह छांगुर के बलरामपुर में सारे काम देखता था। वह जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के भाई इशहाक का बेटा है। सबरोज का घर उतरौला तहसील के गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी गांव में बना था। यह छांगुर और नसरीन की कोठी से 1 किमी दूर है। प्रशासन ने इससे पहले 8, 9 और 10 जुलाई यानी 3 दिन में छांगुर बाबा की 3 करोड़ की कोठी पर बुलडोजर चलाया था। यह कोठी नसरीन के नाम थी। 11 बजे दो बुलडोजर लेकर टीम पहुंचीं शनिवार सुबह सबसे पहले सबरोज के घर उतरौला कोतवाली की फोर्स पहुंची। 30 पुलिसकर्मी, सीओ राघवेंद्र सिंह और एएसपी विशाल पांडेय पहुंचे। वहां सुरक्षा व्यवस्था देखी। इसके बाद एसडीएम सत्यपाल प्रजापति पहुंचे। दो बुलडोजर ने 7 मिनट में छत ढहाई और 10 मिनट में दीवारें गिरा दी। इसके बाद पिलर खोद दिए। कुल 30 मिनट में पूरे घर को जमींदोज कर दिया गया। सबरोज के खिलाफ 3 महीने पहले सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। उसने रेहरा माफी में 300 स्क्वायर फीट की जमीन पर अवैध तरीके से मकान बनवाया था। सबरोज को पहला नोटिस 15 मई 2025 को जारी किया गया था। दूसरा नोटिस 29 जून को जारी किया गया था। दोनों बार ही सबरोज ने नोटिस को संज्ञान में नहीं लिया और खुद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की। 18 जुलाई को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया। इसकी मियाद 23 जुलाई को पूरी हो चुकी थी। सबरोज के परिवार ...शेष पृष्ठ 14 पर



# धर्मांतरण मामले में आरोपितों पर पुलिस का कसा शिकंजा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में धर्मांतरण के मामले चर्चा के केंद्र में हैं। इस मामले में अभी तक एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार हो चुके हैं जबकि शेष पर शिकंजा कसने की पुलिस ने पूरी तैयारी करली है। आगरा में जहां धर्मांतरण मामले में पाकिस्तान के दो नागरिकों की भूमिका उजागर हुई है, वहीं नोएडा में एक सैलून संचालक पर बलात्कार के बाद धर्मांतरण का आरोप लगाया है। शाहजहांपुर जिले में धर्मांतरण मामले में तीन आरोपितों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

**अवैध धर्मांतरण में पाकिस्तान के दो नागरिकों की भूमिका**

आगरा के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि पाकिस्तान के दो इन्फ्लुएंसर तनवीर अहमद और साहिल अदीम के नाम सामने आए हैं तथा ये धर्म परिवर्तन के लिए उपदेश देते थे। जांच में सामने आया कि लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्हें बौद्धिक चर्चाओं के लिए भी आमंत्रित किया गया था। आमंत्रित लोगों में कश्मीर की कुछ लड़कियों का एक समूह भी शामिल था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चार मई को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की प्राथमिकता : योगी

## सीएम ने अयोध्या और देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य, जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद

- **पंचायत, नगर निकायों से लेकर विधानसभा स्तर तक अपनाई जाए समन्वय, संवाद और संरचना आधारित कार्य संस्कृति**
- **मुख्यमंत्री ने कहा, सेतुओं के निर्माण को 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना' से जोड़े,, धरातल पर दिखें योजनाएं**

स्थापित कर उनकी प्राथमिकताओं और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था।

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार केवल योजनाएं बनाकर ही नहीं रुकती, बल्कि उन योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता तक लाभ पहुंचाने में भी विश्वास करती है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए शासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सशक्त संवाद आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नगर निकायों को अलग से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराती है और सीएम ग्रिड योजना के माध्यम से नगरों के समग्र विकास को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम एवं नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य शामिल करें। जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी देना, उनके सुझावों को शामिल करना और कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की ज़िम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि जिन नगर निकाय क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाए। इन नए शहरीकृत गांवों में पेयजल, जलनिकासी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से पूरी कराई जाएं ताकि नगरीय सुविधा और ग्रामीण पहचान के बीच सामंजस्य बना रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला मुख्यालयों को फोर लेन और ब्लॉक मुख्यालयों को कम से कम दो लेन की सड़कों से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जाए। इसके साथ ही, सभी विभाग ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उन्हें तत्काल ठीक कराने के लिए समन्वित प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभाग की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि शासन की संवेदनशीलता का परिचायक है। सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की सड़कों की चौड़ाई को 3.5 मीटर से बढ़ाकर 5 मीटर किया जा रहा है। इससे न केवल यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम होगाए बल्कि आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पहुँच भी तेज हो सकेगी। यह निर्णय शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक पर्यटन स्थल चिन्हित किया जाए और वहां पर सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जनसुविधाओं का विकास किया जाए। इससे स्थानीय पर्यटन को बल मिलेगा और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सेतुओं के निर्माण को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना से जोड़ा जाए। यह योजना विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के समन्वय को सुदृढ़ करने का एक राष्ट्रीय मॉडल है। इसके अंतर्गत सेतु निर्माण कार्यों को तीव्रता से आगे बढ़ाया जा सकता है और वित्तीय संसाधनों का भी समुचित उपयोग सुनिश्चित होता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केवल लोक निर्माण विभाग ही नहीं, बल्कि सभी विभाग. चाहे वह नगर विकास होए जल शक्ति हो या पर्यटन विभाग अपनी कार्ययोजनाएं तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करें। इससे योजनाएं जमीन से जुड़ेंगी और वास्तविक समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं में शामिल किया जाए। जो कार्य योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, उनकी टेंडर प्रक्रिया तत्काल पूर्ण की जाए और मानसून के बाद जनप्रतिनिधियों के कर कमलों से उनका भूमि पूजन कराया जाए। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिलेगी बल्कि जनसहभागिता और उत्तरदायित्व की भावना भी सशक्त होगी। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्रों की जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने, योजनाओं की जानकारी देने और शासन तक जनता की समस्याएं पहुंचाने की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए जनप्रतिनिधि पारदर्शिता और जवाबदेही की मिसाल बनें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने उन क्षेत्रों का विशेष उल्लेख किया जो हाल ही में बाढ़ या किसी अन्य आपदा से प्रभावित हुए हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में आगे बढ़ता यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब केवल देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में देश का भविष्य गढ़ने वाला अग्रणी प्रदेश बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने तकनीक को शासन, शिक्षा, कृषि, सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में समावेशित कर जनकल्याण के नए आयाम गढ़े हैं। 'एआई प्रज्ञा' से लेकर 'यूपी एग्रीज', आईबीएम और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सहयोग से शुरू हुई पहल से लेकर लखनऊ को एआई सिटी बनाने की तैयारी तक उत्तर प्रदेश एक ऐसी डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जहां नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता, उत्पादकता और दक्षता को नया आयाम मिल रहा है। भारत सरकार विजन के विजन 2047 के साथ समन्वित राज्य की एआई नीति और कौशल विकास जैसे प्रयास यह दर्शाते हैं कि यूपी केवल तकनीकी उपभोक्ता नहींए बल्कि नवाचार का केंद्र बन रहा है।

उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि शासन और विकास की रीढ़ बनती जा रही है। युवाओं से लेकर किसानों और सरकारी तंत्र से लेकर शिक्षा तक, एआई के विविध आयामों को नीति और योजना से जोड़ा जा रहा है। अगले कुछ वर्षों में यूपी न केवल एआई स्किल्ड पॉपुलेशन का निर्माण करेगा, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर तकनीकी नेतृत्व की भूमिका में भी दिखाई देगा। प्रदेश सरकार विजन 2047 के अनुरूप एआई नीति के ड्राफ्ट पर काम कर रही है। साथ ही एआई बूटकैम्प के जरिए 30 विभागों के सरकारी अधिकारियों को प्रशिक्षित

- **महिला सुरक्षा से लेकर स्मार्ट खेती और न्याय प्रणाली तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का किया जा रहा उपयोग**

किया गया है ताकि वे सरकारी प्रक्रियाओं में एआई का प्रभावी उपयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त डीबीटी प्रणाली को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए कुछ मामलों में एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन और डेटा एनालिटिक्स को शामिल किया गया है। मार्च 2024 में स्वीकृत इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत लखनऊ में 10,732 करोड़ के निवेश से एक विशाल एआई इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें 10,000 जीपीयू, मल्टी मॉडल लैंग्वेज मॉडल्स और एआई इनोवेशन सेंटर शामिल हैं। यह निवेश देश के किसी भी अन्य तकनीकी ढांचे की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त लखनऊ में एआई ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के प्रस्ताव अनुमोदन प्रक्रिया में हैं, जबकि वाराणसी में एआई-सक्षम स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम कार्यान्वयन के चरण में है। उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना एआई प्रज्ञा के अंतर्गत माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल, गूगल और गुवी जैसे टेक दिग्गजों के साथ साझेदारी में 10 लाख से अधिक युवाओं, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों, सरकारी कर्मियों और किसानों को एआई मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। हर माह 1.5 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है और प्रशिक्षण में इंडस्ट्री-रेडी सर्टिफिकेशन भी शामिल हैं। प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर में एआई-सक्षम सीसीटीवी, फेशियल रिकग्निशन, नंबर प्लेट ट्रैकिंग, और एसओएस अलर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं लागू की गई हैं। इनका 112 हेल्पलाइन और पुलिस कंट्रोल रूम से सीधा एकीकरण है। 70 जेलों में 'जार्विस' एआई निगरानी प्रणाली सक्रिय है, जिससे कैदियों की गतिविधियों पर 24 गुणा 7 घंटे नजर रखी जा रही है। यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट के तहत विश्व बैंक के सहयोग से 4,000 करोड़ के निवेश से 10 लाख किसानों को एआई आधारित स्मार्ट सिंचाई, ड्रोन मैपिंग, कीट पहचान और डिजिटल मार्केट एक्सेस जैसी तकनीकों से जोड़ा गया है। इस पहल में 10,000 महिला समूहों को भी भागीदार बनाया गया है। राजस्व विभाग में चकबंदी और भूमि अभिलेखों के लिए सैटेलाइट इमेजिंग और एआई एल्गोरिद्म का उपयोग किया जा रहा है। इससे डिजिटल मैपिंग, विवाद रहित भूमि वितरण और पारदर्शिता को बढ़ावा मिल रहा है।

# अखिलेश यादव को जालीदार टोपी पहननी चाहिए : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए राजनीतिक बहस में नया

- **भाजपा विधायक के घर पहुंचे थे डिप्टी सीएम, सपा पर जमकर बरसे**
- **कहा, सपा की राजनीति सिर्फ वोटबैंक तक सीमित**

तड़का लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश को अब लाल टोपी छोड़कर जालीदार टोपी पहन लेनी चाहिए, क्योंकि उनकी राजनीति अब तुष्टिकरण और परिवारवाद तक सीमित हो चुकी है। सपा अब 'पीडीए' यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी बन गई है। उन्होंने सपा द्वारा मस्जिदों में बैठकें करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि राजनीति का धर्म से इस तरह जुड़ाव लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। मौर्य ने याद दिलाया कि 2017 से पहले अखिलेश राज में अपराधियों का बोलबाला था और आज वही अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़ चुके हैं। बता दें कि शनिवार को केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ के गोमती नगर स्थित भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के आवास पर पहुंचे। विधायक बृजभूषण राजपूत एक वर्ष से उपवास पर हैं और सावन में मौन व्रत के दौरान रुद्राभिषेक कर रहे हैं। पूजा में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए मौर्य ने अखिलेश यादव और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अब लाल टोपी नहीं बल्कि जालीदार टोपी पहननी चाहिए, क्योंकि उनकी राजनीति का झुकाव अब पूरी तरह तुष्टिकरण की ओर है। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी अब 'पीडीए' यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी बन चुकी है, जहां सिर्फ परिवार के लोग ही निर्णय लेते हैं और बाकी कार्यकर्ता मात्र दर्शक हैं।केशव मौर्य ने सपा की धार्मिक स्थलों पर हो रही बैठकों को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल पर राजनीतिक पार्टी की बैठक करना न तो लोकतांत्रिक है और न ही संवैधानिक। उन्होंने कहा कि बैठकें करना गलत नहीं, लेकिन धार्मिक स्थलों पर राजनीति करना संविधान की भावना के विपरीत है। डिप्टी सीएम ने याद दिलाया कि अखिलेश यादव जब 2012 से 2017 तक मुख्यमंत्री थे, तब अपराध और अपराधियों का बोलबाला था। प्रदेश में गैंगवार, जबरन वसूली, अपहरण जैसे अपराधों की भरमार थी। पुलिस पर राजनीतिक दबाव था और अपराधी बेलगाम घूमते थे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने दावा किया कि 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अपराधियों का या तो एनकाउंटर हुआ या वे प्रदेश छोड़कर भाग गए।

# 5 करोड़ रुपयेसे होगा प्रवेश द्वारों का निर्माण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग तीर्थ स्थलों के विकास योजना के अंतर्गत भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में अब श्रद्धालुओं का स्वागत और भी भव्य रूप में किया जाएगा। चित्रकूट में प्रवेश करने वाले तीन प्रमुख सड़क मार्गों-प्रयागराज-चित्रकूट, बांदा-चित्रकूट एवं कौशांबी-चित्रकूट मार्ग पर भक्ति थीम पर आधारित तीन भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जा रहा है।इस परियोजना के लिए 05 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है।यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चित्रकूट भगवान राम की तपोभूमि है। वनवास के दौरान प्रभु श्री राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण ने साढ़े ग्यारह वर्ष बिताए थे। चित्रकूट से जुड़े तीन प्रमुख मार्ग में भक्ति थीम पर आधारित प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि यात्रियों की सुविधा बढ़ाना और राम वन गमन पथ को भव्य बनाना भी है। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को चित्रकूट के विकास के साथ आध्यात्मिक गरिमा का बनाए रखना भी है।

- **प्रयागराज-चित्रकूट, बांदा-चित्रकूट एवं कौशांबी-चित्रकूट मार्ग पर बनेंगे प्रवेश द्वार**

# जदयू के प्रदेश सचिव आराम सिंह यादव का निधन



**लखनऊ।** बदायूं के तहसील सहसवान के निवासी आराम सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश सचिव, जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश का असामयिक एवं आकस्मिक निधन हो गया है । आराम सिंह यादव पार्टी के प्रदेश सचिव के साथ ही अधिवक्ता एवं समाजसेवी थे। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने आराम सिंह यादव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके निधन से पार्टी को उत्तर प्रदेश में अपूरणीय क्षति हुई है। दुःख की इस घड़ी में जनता दल यूनाइटेड उनके परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक-संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# लैंडपोर्ट रुपईडीहा में मना कारगिल विजय दिवस



**लखनऊ।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वाधान में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रुपईडीहा लैंड पोर्ट पर विजय कारगिल दिवस मनाया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी ने लास्ट पोस्ट के बिगुल की धून पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय जिसमें भारत के लगभाग 500 जावानों ने अपना बलिदान देकर यह शौर्य गाथा लिखे। आज भी अमर शहीद विक्रम बत्रा की वह शब्द याद आते हैं, कि हम तिरंगा फहराएंगे या तिरंगे में लिपटकर आएंगे।

लैंड पोर्ट रुपईडीहा के मैनेजर एवं रीजिनल एडमिनीस्ट्रेटर उत्तर प्रदेश सुधीर शर्मा ने अपने संबोधन में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की वो लाइन स्मरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन नगपलिका रुपईडीहा डॉ. उमाशंकर वैश्य ने अपने संबोधन में कारगिल अमर शहीदो को शत शत नमन किया। रुपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय वर्मा ने अपने संबोधन में कहा की हमें अपने जवानों पर गर्व है तिरंगे की आन बान शान के लिए हमारी सेना सदैव तत्पर है । अधिशाषी अभियंता रामबदन यादव व अनिकेत पाण्डेय ने भी अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किये ।

इस अवसर पर कस्टम,इमीग्रेशन,प्लांटकोरेनटिन व लैंड पोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । इस कार्क्रम के सफल आयोजन में राजकुमार वर्मा, रामनिरंजन, पुष्कर राय, ऋषभ सिंह, देवांश सिंह व नरेन्द्र दुबे का विशेष सहयोग रहा।

# संविधान ही ढाल, संविधान ही कवच : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आरक्षण दिवस को संविधान मानस्तंभ दिवस के रूप में शनिवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में सपा के जिला/महानगर कार्यालयों में मनाया गया। अखिलेश

- **सपा ने प्रदेश और जिला कार्यालयों में मनाया संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस**

यादव ने इन कार्यक्रमों की अपार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत के संविधान की प्रति के सानिध्य में संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस आयोजित करके हम सामाजिक न्याय व समता-समानता और आरक्षण को बचाए-बनाए रखने का अपना संकल्प दोहरा रहे है। इसके पीछे यही मूल भावना है कि संविधान मानस्तंभ वस्तुतः पीडीए प्रकाश स्तंभ के रूप में हमारे सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है।

शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव गाजीपुर, माता प्रसाद पाण्डेय नेता विरोधी दल गोरखपुर, लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद एटा, रामजी लाल सुमन सांसद फिरोजाबाद, अवधेश प्रसाद सांसद अयोध्या, धर्मेन्द्र यादव सांसद जौनपुर, श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष बदायूं में संविधान मानस्तंभ स्थापना के कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि रहे। वहीं, राजधानी लखनऊ जिला/महानगर में स्थापना दिवस कार्यक्रम में क्रमशः पूर्व कैबिनेट मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं पूर्व सांसद अन्नू टंडन शामिल हुई। प्रदेश के अन्य जिलों में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल रहे।संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के लिए नामित सांसद पदाधिकारी सनातन पाण्डेय मथुरा, देवेन्द्र शाक्य हाथरस, वीरेन्द्र सिंह कानपुर महानगर, रमाशंकर राजभर इटावा, बाबू सिंह कुशवाहा झांसी, जितेन्द्र दोहरे जालौन, लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद बांदा, नरेश उत्तम पटेल प्रयागराज गंगापार, एसपी सिंह पटेल फतेहपुर, राजीव राय चंदौली, छोटे लाल खरवार मिजार्पुर, पुष्पेन्द्र सरोज भदोही, अफजाल अंसारी आजमगढ़, दरोगा प्रसाद सरोज मऊ, रामप्रसाद चौधरी सिद्धार्थ नगर, उत्कर्श वर्मा बहराइच, लालजी वर्मा बाराबंकी, नीरज मौर्या लखीमपुर खीरी, आरके चौधरी सीतापुर, आदित्य यादव बरेली, हरेन्द्र मलिक मुरादाबाद, इकरा हसन सहारनपुर में शामिल हुए। विधायकगण त्रिभुवन दत्त आगरा, इन्द्रजीत सरोज कन्नौज, धर्मराज उर्फ सुरेश यादव हमीरपुर, संदीप पटेल कौशाम्बी, रामअचल राजभर वाराणसी, शिवपाल सिंह यादव गाजीपुर, ओमप्रकाश सिंह बलिया, माता प्रसाद पाण्डेय गोरखपुर, प्रभुनारायण यादव संतकबीरनगर, राममूर्ति वर्मा बलरामपुर, राजेन्द्र कुमार अमेठी, अताउर्रहमान संभल, इकबाल महमूद अमरोहा, मनोज पारस गाजियाबाद, महबूब अली बुलन्दशहर, कमाल अख्तर सहारनपुर में शामिल हुए।

# गांवों के समग्र व संतुलित विकास से ही बनेगा विकसित भारत : केशव

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न जिलों के 11 खंड विकास अधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों के समग्र व संतुलित विकास से ही विकसित भारत के

- **उपमुख्यमंत्री ने बटन दबाकर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के डैशबोर्ड का किया शुभारंभ**

निर्माण का लक्ष्य पूरा होगा। गांवों व ग्रामीणों को हर हाल में सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है। स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट गांव बनाना है। विकास कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए।उत्तर प्रदेश का ग्राम्य विकास विभाग कई योजनाओं में देश मे टॉप पर है। उत्तर प्रदेश मे मनरेगा में महिला भागीदारी देश में सर्वोच्च है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियो व मुख्य विकास अधिकारियो को निर्देश दिये कि निष्क्रिय स्वंय सहायता समूहों को सक्रिय करने में मुख्य विकास अधिकारी विशेष फोकस करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को और अधिक पारदर्शी व निष्पक्ष बनाया जाय। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को योजना भवन मे प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियो के साथ आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीबों का कल्याण करना है। पीएमजीएसवाई की एफडीआर तकनीक में उत्तर प्रदेश ने लीडरशिप की भूमिका निभाई है। पीएमजीएसवाई की एफडीआर तकनीक से बनाई जा रही सड़कों की नियमित रूप से निगरानी की जाय।निर्देश दिये कि समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाकर देश-विदेश के मार्केट में ले जाएं।गांवो के युवा बेरोजगारों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जोड़ने का कार्य किया जाए।गांवो की श्रम शक्ति को सही दिशा में मोड़ा जाए।सीडीओ गांवों के विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखें। मनरेगा से कराये गये पुराने कार्यों का ठीक से अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए।पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल विकसित किया जाय।ग्राम चौपाल जनता से जुड़ने का सशक्त माध्यम है।ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण ग्राम चौपालो मे सुनिश्चित किया जाय।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा के तहत खेल मैदान बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न जिलों के 11 खंड विकास अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में बेहतर कार्य करने के लिए तीन मुख्य मुख्य विकास अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी का प्रथम, अम्बेडकर नगर के मुख्य विकास अधिकारी का द्वितीय व बिजनौर के मुख्य विकास अधिकारी को तृतीय स्थान रहा।

# प्रो. विनोद चंद्रा उप्र कांग्रेस कमेटी के रिसर्च एवं डेटा एनालिसिस विभाग के समन्वयक मनोनीत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उप अविनाश पाण्डेय की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे समयबद्ध संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तीन विभाग/प्रकोष्ठों के समन्वयक मनोनीत किए हैं।

शिक्षाविद एवं श्री जय नारायण पीजी महाविद्यालय (केकेसी) लखनऊ के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के रिसर्च एवं डेटा एनालिसिस विभाग का समन्वयक मनोनीत किया गया है। युवा शिक्षक नेता एवं शिया महाविद्यालय लखनऊ के अस्सिटेंट प्रो. डॉ. अमित कुमार राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ का समन्वयक मनोनीत किया गया एवं चिकित्सक एवं सफल उद्यमी डॉ. आजाद बेग को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# लखनऊ में वीजा केन्द्र, गोमती नगर को मेट्रो से जोड़ने की मांग

## महासमिति के वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम के साथ विभूतियों को सम्मानित किया गया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की कार्यपालिका/वार्षिकोत्सव बैठक शनिवार को मनीषा मीदर विराम खण्ड-2 गोमती नगर में सम्पन्न हुई जिसमें प्रबन्ध समिति/कार्यपालिका/सलाहकार समिति सदस्य, वार्ड / खण्ड/महिला प्रभारी, सम्बद्ध समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष अन्य पदाधिकारीगण एवं लखनऊ के जन्य क्षेत्रों/ग्रामीण अंचल के आमंत्रित्त गणमान्य सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद कई प्रस्तावों को पारित किया गया।

महासमिति ने सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रति आभार व्यक्ति किया कि उन्होंने लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित कराया। उन्होंने अन्तराष्ट्रीय स्तर का गोमती नगर

- बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद कई प्रस्तावों को पारित किया गया

टर्मिनस का निर्माण एवं इसका नामकरण अटल विहारी बाजपेई टर्मिनस के साथ अटल की मूर्ति भी लगवाने की सहमति प्रदान की है।

महासमिति के आग्रह पर लखनऊ में विदेश जाने वालो की सुविधा वीजा केन्द्र एवं शीघ्र ही गोमती नगर को मेट्रो से जोड़ने एवं अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोपी देशों को आने जाने के लिए हवाई सुविधा भी लखनऊ से उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया।

महासमिति के गत वार्षिकोत्सव में 11 सूत्रीय मांगो को पूर्ण कराने के लिए राजनाथ सिंह को पुनः एक बार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसमें लखनऊ के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे क्रासिंग पर ऊपरगामी सेतु/अन्डरपास का निर्माण जिसमें गोमती नगर की जुगौली, ग्वारी, विनीत खण्ड-3 से खरगापुर, भरवारा, पिपराघाट, लोहिया बौराहे पर अन्डरपास, समतामूलक, मिठाई वाले बौराहे, पर क्लोवर लीफ, मिठाई वाले चौरहे से हैनिमेन व इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान से कठौता चौराहा तक ऐलिवेटिड रोड, पोलिटेक्निक चौराहे से शारदा नहर तक चौड़ीकरण, कठोता झील का विकल्प खण्ड में द्वितीय जलाशय का निर्माण, पीएनजी गैस सुविधा एवं विभूति खण्ड में समस्त चिकत्सीय परिक्षण सुविधाओं सहित डाइगनोस्टिक सेन्टर, विवेक खण्ड 3 में सीनियर सिटीजन एवं निराश्रित भवन, विनीत खण्ड में ई-लाईब्रेरी का निर्माण, 39 पार्कों में ओपन जिम एवं 38 स्थानों पर सोलर लाईट आदि प्रमुख कार्य हैं।

महासमिति के लगातार प्रयासो से समतामूलक चौराहे पर फलाईओवर, पॉलिटेक्निक से गोमती नगर आने वाले वाहनों तथा विभूती खण्ड की तरफ से शहीद पथ पर क्लोवर लीफ तथा मिठाई वाले चौराहे से दयाल पैराडाईज/हुसडिया व इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान से शहीद पथ कठौता चौराहे की तरफ आवाजाही के लिए ऐलिवेटिड रोड बनाने के महासमिति के प्रस्तावों को सैद्धांतिक रूप से पी.डब्ल्यू.डी., सेतु निगम ने सहमति प्रदान की है।

महासमिति लगातार गोमती नगर के पाकों के सौन्दर्याकरण व अनुरक्षण, जल भराव से बचाव के लिए अन्तरिक नालियों को निकटस्थ नालो से जोडने व नालों को ढकने, सतरिक रोड का चौड़िकरण, विद्युत व्यवस्था को सुद्दढ करने के लिए ट्रान्सफारमरों की व्यवस्था, अनाधिकृत नॉनवेज शराब की दुकानों को हटवाने, 10 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटवाने, स्वच्छता कूड़ा उठवाने, नालियों की सफाई, डेंगू व मच्छरों से बचाव के लिए छिड़काव, मार्ग प्रकाश, सड़कों, फुटपाथों/पाकों से अवैध पार्किंग, वेण्डरों, वाहनों, जालियों, होडिंर्गो, ठेलों, अवैध जानवरों, गार्ड रूम, जनरेटरों का अतिक्रमण हटाना, खाली प्लॉटों की त्वरित स्वच्छता, दुकानों, शुद्धपेय जल के लिए लखनऊ में अविकसित झीलों को डिसिल्ट कर उससे शुद्धपेय जल की व्यवस्था, नये एवं पुराने पानी की टंकियां एवं नई टंकियों का निर्माण से शुद्धपेय जल की व्यवस्था।

महासमिति के प्रयास से चिकित्सा क्षेत्र में फिजियोथेरेपी तथा डायग्नोस्टिक सेंटर समिति के कार्यालय में प्रारंभकिया गया है। बन्दरों, छुट्टा जानवरों, आवारा, पालतू कुत्तों आदि पर सड़कों व पाकों में गंदगी फैलाने रोकने का प्रयास किया गया।

# आज खुले रहेंगे जोनल कार्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने करदाताओं की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब नागरिक अपने संपत्ति कर (हाउस टैक्स) को और अधिक सुगमता से जमा कर सकेंगे। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर रविवार को भी नगर निगम के सभी आठों जोनल कार्यालय टैक्स जमा करने के लिए खोले गए। यह कदम विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए लाभकारी है, जो सप्ताह के कार्यदिवसों में अपने व्यस्त समय के कारण कार्यालय नहीं आ पाते। अब वे रविवार को भी अपने निकटतम जोनल ऑफिस में जाकर आवासीय भवन एवं व्यावसायिक भवनों का टैक्स आसानी से जमा कर सकते हैं। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवासीय भवन स्वामियों को 31 जुलाई तक विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है। जिन आवासीय भवन मालिकों द्वारा 31 जुलाई से पहले यूजर चार्ज जमा कर दिया जाएगा और उसके बाद टैक्स जमा किया जाएगा, उन्हें 10% की ऑनलाइन छूट दी जा रही है। यह छूट केवल ऑनलाइन भुगतान पर ही मान्य होगी। इसके साथ ही व्यावसायिक भवनों के स्वामियों के लिए भी राहत की खबर है। यदि वे 31 जुलाई तक अपने भवनों का कर जमा करते हैं, तो उन्हें 5% की छूट दी जाएगी। यह छूट भी केवल समय पर कर भुगतान करने पर मान्य होगी और नागरिकों को कर समय से जमा करने के लिए प्रेरित करेगी। यह पहल नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने और टैक्स संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए की गई है। उनका कहना है कि नागरिकों को लंबी कतारों और कार्यालयों के चक्कर से बचाने के लिए अब सेवाएं ऑनलाइन और सप्ताहांत में भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगर निगम की तरफ से अपील की गई है कि लखनऊ के नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाएं और समय रहते टैक्स का भुगतान करें, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। नगर निगम द्वारा प्राप्त कर राशि से स्वच्छता, सड़क निर्माण, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट्स और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जोन में व्यवस्था की गई है, जहां नागरिकों को ऑनलाइन भुगतान करने में सहयोग और आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है।

# प्रदेश में टीबी के खात्मे की मुहिम को और तेज करने का प्लान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने ग्राम पंचायतों को लेकर बड़ा प्लान तैयार किया है। इस प्लान के मुताबिक गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सरकार की ओर से यूपी के सभी डीएम को भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दरअसल प्रदेश में टीबी के खात्मे की मुहिम को और तेज करने का प्लान है। इसको लेकर अभियान भी चलाया जाएगा।

खासतौर से गांवों में संदिग्ध रोगियों को खोजने का अभियान चलेगा। अधिकाधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कराने की योजना है। इसके लिए गांवों में टीबी के संदिग्ध रोगियों को खोजने की मुहिम चलेगी। इसमें पंचायती राज विभाग की भी मदद ली जाएगी। इस मुहिम को अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी सभी जिलाधिकारियों को सौंपी गई है। प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार ने हर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। यूं तो यह मुहिम शहरों में भी चलेगी, मगर गांवों पर ज्यादा फोकस होगा। जिलाधिकारियों के जरिए इस अभियान को गति देने की योजना है।

ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज और शहरी इलाकों में नगर विकास विभाग की भी मदद ली जाएगी। केंद्र ने टीबी को लेकर 100 दिन के अभियान की सफलता के बाद इसका विस्तार कर दिया था। यूपी ने इस अभियान को जारी रखने का फैसला किया है। हर जिले में स्क्रीनिंग, पोषण सहायता और सख्त निगरानी के आदेश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत सफल रहे 100 दिवसीय सघन अभियान को सभी जिलों में विस्तारित किया गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने भी सभी डीएम

- ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज और शहरी इलाकों में नगर विकास विभाग की ली जायेगी मदद

### प्रदेश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की स्थिति

- वर्ष 2023-1372 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हुई
- वर्ष 2024-7191 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हुई
- वर्ष 2025 (मई तक) 3525 ग्राम पंचायतें

प्रदेश में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 57455 है।

और मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

सभी जिलाधिकारियों से जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष होने के नाते टीबी के खिलाफ जन अभियान बनाने की मुहिम का नेतृत्व करने की अपेक्षा की गई है। टीबी को लेकर चले 100 दिवसीय अभियान में यूपी पहले पायदान पर रहा था।

अभियान में 4.07 करोड़ उच्च जोखिम वाली आबादी की स्क्रीनिंग हुई थी। 44.30 लाख एक्सरे और 8.34 लाख नैट जांच कराई गईं थीं। जिनसे 2.07 लाख टीबी रोगी चिन्हित किए गए। हर जिले में उच्च जोखिम वाले समुदायों में सक्रिय खोज, प्रारंभिक जांच और तुरंत इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलेगा। जबकि पहले से टीबी मुक्त घोषित पंचायतों की यथास्थिति बनाए रखने पर भी फोकस किया जाएगा। इस साल मई तक 3525 पंचायतें टीबी मुक्त होने के लिए अर्ह पाई गई हैं।

# अलीगंज में निर्माण कार्य के बीच सुरक्षा मानकों में अनदेखी




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर को संवारने की महत्वाकांक्षी सीएम ग्रिड योजना के तहत अलीगंज में हो रहे यूटिलिटी डक्ट निर्माण कार्य के दौरान कार्यदाई संस्था नगर निगम के ठेकेदार ने कुछ स्थानों पर लगभग 20 फीट गहरे मैनहोल के ढक्कन क्षतिग्रस्त कर दिए थे जानकारी के अनुसार, ये कार्य जलकल एवं सुएज से पूर्व समन्वय स्थापित किए बिना किए गए हैं।

सुएज का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान यदि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ें, तो संभावित जोखिमों से बचा जा सकता है, अन्यथा सीवर सफाई के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है। इस

- सीएम ग्रिड योजना के तहत हो रहा काम

प्रकार की स्थिति सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील हो सकती है।

पहले भी देखा गया है कि इस तरह की गैर-समन्वित गतिविधि पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई की ओर से मुंशीपुलिया क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण के दौरान की गई थी, जिसके कारण आज तक उस क्षेत्र में सीवर संबंधी समस्याएं बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग को इस मामले पर ध्यान देने का अनुरोध किया है जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे।

# कराटे चैम्पियनशिप में छात्रों ने 11 पदक जीते

**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीआईएससीई जोनल कराटे चैम्पियनशिप में 7 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 11 पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन, ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस कराटे चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्रों में आदित्य, युग अग्रवाल, अक्षय सिंह, सान्या श्रीवास्तव, मिशिका त्रिपाठी, आर्यही कुमार एवं जोशिका पाण्डेय शामिल हैं जबकि सरस वर्मा, अथर्व एवं कार्तिकेय गुप्ता ने सिल्वर मेडल एवं अर्णव तिवारी ने ब्रांज मेडल जीता है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र अब कानपुर में अगस्त में आयोजित होने वाली सीआईएससीई रीजनल कराटे चैम्पियनशिप में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहरायेंगे।

# पीएम आवास के लिए बारह अरब इकतीस करोड़ मंजूर

## आवासों की जियोटैगिंग होगी, आपदा प्रतिरोध विशेषताएं भी देखी जायेंगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर नागरिक को छत उपलब्ध कराने की दिशा में लगातर बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मिशन 2.0 के अंतर्गत 12 अरब 31 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस धनराशि का उपयोग शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आवास निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

योजना के तहत सभी आवासों की जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाएगी, ताकि निर्माण की प्रत्येक अवस्था की निगरानी सटीकता से की जा सके। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि आपदा प्रतिरोध विशेषताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

- हर नागरिक को छत देने की दिशा में बड़ा कदम, हर लाभार्थी को मिलेगा 2.5 लाख अनुदान

इससे प्राकृतिक आपदाओं के समय आवासों की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। योजना में लाभार्थियों को दी जाने वाली सहायता के लिए निर्मित मकानों के फोटोग्राफ्स और जियो टैगिंग अनिवार्य कर दी गई है, जिससे वास्तविकता और पारदर्शिता बनी रहे। निमार्णाधीन मकानों में भूकंप, बाढ़ और अन्य आपदाओं से सुरक्षा की दृष्टि से आपदा प्रतिरोध विशेषताओं को शामिल करना अनिवार्य किया गया है।

इस योजना में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच लागत का साझा वहन 60:40 के अनुपात में किया जा रहा है, जिससे प्रदेश पर वित्तीय बोझ कम हो। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 2.5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे उन्हें पक्के घर बनाने में मदद मिलेगी।

### गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए योजना की निगरानी

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मिशन 2.0 की शुरूआत 1 सितंबर 2024 को की गई थी। इस योजना का उद्देश्य वर्ष सभी परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। योजना की निगरानी राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है, ताकि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। जन-जन को छत देने की दिशा में ये कदम न केवल सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि शहरी क्षेत्रों के समेकित विकास को भी गति देंगे।

# रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति बने ब्रजेश पाठक

## अरुण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, ध्वनि मत से सभा ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का कार्यक्षेत्र व्यापक है। आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवा, सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में सोसाइटी द्वारा व्यापक कार्य किया जा रहा है। पूरे भारत में 1100 से अधिक शाखाएं हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाती है, जैसे कि प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, रक्त दान अभियान और विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने कहा कि सोसाइटी मानवीय सिद्धांतों और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी काम करती है, जैसे कि निष्पक्षता, निस्वार्थता और एकता। इंडियन रेडक्रॉस



सोसाइटी युद्ध या संघर्ष के दौरान घायलों और युद्ध बंदियों की मदद करने में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। डिप्टी सीएम इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के चुनाव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। चुनाव अधिकारी गंगाराम गुप्ता ने जानकारी दी कि चुनाव के दौरान सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति पद हेतु उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु अरुण कुमार सिंह का नाम फतेहपुर चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया।

पूर्व उप सभापति अखिलेंद्र शाही ने इस पर सभा का समर्थन मांगा, जिस पर सदन ने सर्वसम्मति से ध्वनि मत से समर्थन किया। शाही द्वारा विगत वर्षों में सोसाइटी की ओर से किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा तैयारियों के मद्देनजर मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने शनिवार को आयुक्त सभाकक्ष में जिलाधिकारी विशाख जी, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार सहित केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्र व्यवस्थापकों और नोडल अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आहूत की गई। मंडलायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोग द्वारा जारी की गई प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक गहनता के साथ आयोग की ओर से जारी गाइडलाइंस का अध्ययन करना सुनिश्चित कर ले। किसी भी प्रकार की लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे। मंडलायुक्त की ओर से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क बनाते हुए मेडिकल व एम्बुलेंस की व्यवस्था उक्त स्थान पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि जेडएसओ की ओर से एग्जाम सेंटर की चेकिंग करा लिया जाए। अगर एग्जाम सेंटर के प्रांगण में स्प्रे, साफ-सफाई, ग्रास कटिंग, मोबाईल टॉयलेट व जलभराव वाले स्थान पर पम्प की व्यवस्था की जाए। आर एम रोडवेज/एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देशित किया कि सभी बस अड्डों पर स्थापित हेल्पडेस्क में पीए सिस्टम के माध्यम से भी परीक्षा उपरांत बसों के आवागमन की रूटवार जानकारी का एनाउंसमेंट निरंतर कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के आवागमन के समय सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बस अड्डों पर उपस्थित रहकर परीक्षार्थियों का सुगमतापूर्वक आगमन/प्रस्थान सुनिश्चित कराएंगे। मंडलायुक्त ने बताया कि जनपद लखनऊ में 61512 परीक्षार्थी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया की सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को चेक कर लिया जाए कि सभी क्रियाशील है अथवा नही। साथ ही निर्देश दिया की प्रत्येक केंद्र के बाहर परीक्षार्थी के मोबाइल आदि जमा कराने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर लाइट, पंखे, पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था को सुनिश्चित करा लिया जाए। सभी कमरों में व्यापक प्रकाश की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। यदि कोई कमी है तो तत्काल उसे पूरा किया जाए।

# अधूरे और गुणवत्ताहीन कामों के लिए फर्म पर लगेगा दंड

## कार्य पूर्ण होने के पश्चात शुरू होगी भुगतान की प्रक्रिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में अभियंत्रण और सफाई विभाग से संबंधित प्रगति समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पंद्रहवां वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं वैश्विक नगर योजना जैसे प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने सभी अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपरोक्त सभी योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर



के विकास से जुड़ी किसी भी योजना में लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन प्रोजेक्टों का किसी कारणवश निरस्तीकरण हो चुका है, उनकी फाइलें संबंधित विभागों को तत्काल हस्तांतरित की जाएं ताकि प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति बनी रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाए, वह भी गुणवत्ता जांचने के बाद। इस क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि यदि कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं होता है या कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं पाई जाती है, तो संबंधित फर्म पर दंड अधिरोपित किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी पूर्ण प्रोजेक्ट्स की फाइलें क्लोज कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि शासन स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से हो सके और आगामी योजनाओं के निर्धारण में सहायता मिल सके। विशेष रूप से नगर आयुक्त ने अभियंत्रण एवं सफाई विभाग को निर्देशित किया कि वे 311 मोबाइल एप और वॉर रूम के माध्यम से प्राप्त होने वाली नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान नगर निगम की विश्वसनीयता को बढ़ाता है और प्रशासन को जनहित में उत्तरदायी बनाता है।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि लखनऊ शहर की जनता को सुविधाएं देने और शहर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है, और इसके लिए प्रत्येक विभाग को समन्वय से कार्य करना होगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम की ओर से किए जा रहे यह प्रयास लखनऊ को एक स्मार्ट, स्वच्छ और विकसित शहर की दिशा में ले जाएंगे।

# अयोध्या में प्रमुख सचिव ने ग्रीन फील्ड टाउनशिप का निरीक्षण किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव आवास पी गुरु प्रसाद एवं सचिव आवास डॉ. बलकार सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की अयोध्या में विकसित की जा रही परियोजना ग्रीन फील्ड टाउनशिप का निरीक्षण किया।

प्रमुख सचिव ने योजना के भूमि अधिग्रहण, नियोजन एवं चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। योजना में चल रहे ट्रक सड़कों एवं ट्रक ड्रेन व केबल डक्ट के कार्यों को जांचा गया। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में आवास विकास परिषद की चल रही परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण के संबंध में जिलाधिकारी, एडीएम, एसडीएम, लेखपालों से बातचीत कर कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा। उन्होंने बताया अयोध्या में मुख्य



रूप से आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरण की जो परियोजनाएं चल रही हैं, उसका स्थलीय निरीक्षण किया गया है। परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई किस स्तर पर पहुंची है, इसको देखने के लिए अयोध्या पहुंचा हूं। अयोध्या के विकास में आवास विकास परिषद की दोहरी भूमिका है। जो लोग अयोध्या में होटल वगैरह बना रहे हैं, उसके नियम सुगम बनाए जाएंगे। अभी बिल्डिंग बायलाज चेंज किया गया है, इसमें काफी बाध्यताएं होती थीं। अब होटल बनाने के लिए कुछ नियम सरल किए गए हैं। जो लोग किसानों से जमीन नहीं ले पा रहे हैं, उनको आवास विकास परिषद की तरफ से जमीन कैसे मुहैया कराई जाए, इसको भी देखा जा रहा है। आवास विकास परिषद में अभी 10 गांव और जुड़ने जा रहे हैं। इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसकी प्रक्रिया शासन में अंतिम चरण में है। जो नया क्षेत्र जुड़ रहा है, उसका भी मास्टर प्लान बनाने की कार्रवाई चल रही है। अभी हम लोगों ने ड्राफ्ट बनाया है। आपत्तियां और सुझाव हम लोग ले रहे हैं। हमें उम्मीद है जल्द ही मास्टर प्लान फाइनल हो जाएगा। इसके बाद नक्शा पास होना भी शुरू हो जाएगा।

# लविवि : 17 शिक्षकों नियुक्ति पर मुहर

**लखनऊ।** लविवि के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को कार्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न विभागों में नवचयनित 17 शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर लगी। साथ ही चार मेडिकल आफिसर के चयन पर स्वीकृति दी गयी। वहीं करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत तीन विभागों से 17 शिक्षकों की प्रोन्नति की गयी। कार्य परिषद की बैठक में एजुकेशन में एक, साइकोलॉजी में एक, सीएस इंजीनियरिंग में सात, सोशलाजी में दो, इंग्लिश फ्रेंच में एक, सोशल वर्क में तीन और लॉ में दो शिक्षकों का चयन हुआ जबकि रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर में चार डाक्टरों की नियुक्ति हुई। इसके अलावा सीएएस के तहत सोशलॉजी में तीन शिक्षक, लॉ में 13 शिक्षक-शिक्षकाओं और पब्लिक एडमिस्ट्रेशन में एक शिक्षिका को प्रोन्नति देने की स्वीकृति दी गयी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी को रखा डिजिटल अरेस्ट, 28.45 लाख ठगे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने खुद को जम्मू कश्मीर एटीएस का चीफ बताकर इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) से सेवानिवृत्त कैशियर नरेंद्र कुमार मिश्र को डिजिटल अरेस्ट कर 28.45 लाख रुपये ठग लिए। भारतीय सेना के गुप्त दस्तावेज पाकिस्तान को भेजने का आरोप लगाकर जेल भेजने की धमकी दी। कहा बुढ़ापा खराब कर दूंगा। आपके बैंक खातों से टेरर फंडिंग की जांच की जाएगी। डरे सहमे नरेंद्र कुमार ने जालसाजों के बताए अनुसार उनके बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का पता चलने पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि नरेंद्र कुमार मिश्रा विकासनगर सेक्टर-पांच के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 28 जून की दोपहर 2:51 बजे उन्हें एक नंबर से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) के कार्यालय से बोल रहा है और एटीएस चीफ प्रेम कुमार गौतम बात करेंगे। इसके बाद फोन दूसरे को ट्रांसफर कर दिया गया। वह वर्दी पहने हुए था। उसने कहा कि आपके मोबाइल से भारतीय सैन्य ठिकानों की जानकारियां और गोपनीय दस्तावेज दुश्मन देश पाकिस्तान को भेजे गए हैं। आपके खिलाफ हाई लेवल जांच कमेटी का गठन किया गया है। आपके तार आतंकी संगठनों से जुड़े हैं। नरेंद्र ने बताया कि वह यह सुनते ही डर गए। गिड़गिड़ाने लगे। इस पर गौतम ने कहा कि आपके बैंक खातों से टेरर फंडिंग की जांच की जाएगी। बैंक खातों की डिटेल दीजिए। इसके साथ ही जिन बैंक खातों में बताया जा रहा है, उनमें रुपये ट्रांसफर करिए। जांच में आप सही पाए गए तो सारी रकम वापस कर क्लीनचिट दे दी जाएगी। इसके बाद बताए गए खातों में 10.99 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। फिर बैंक जाकर 17.45 लाख रुपये आरटीजीएस किए पर जालसाजों की मांग बढ़ती गई। चार जुलाई तक बार-बार वीडियो कॉल कर पैसे मांगते और धमकाते रहे। आशंका होने पर कॉल काट दी और जानकारों से पूछा तो पता चला कि साइबर ठगी के शिकार हुए हैं। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। साइबर थाने में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**जालसाज ने रिटायर डीआईजी से 1.75 लाख ऐंठे:** घरेलू सामान कम दाम में मिलने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने रिटायर डीआईजी राकेश शुक्ला से 1.75 लाख रुपए ऐंठ लिए। तहरीर पर हजरतगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। मदन मोहन मालवीय मार्ग स्थित अलीशा अपार्टमेंट निवासी रिटायर डीआईजी राकेश शुक्ला ने मुकदमा दर्ज कराया कि 13 जुलाई को फेसबुक रिटायर आईएएस की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी, जिसे उन्होंने एक्सेप्ट कर ली। 14 जुलाई को उन्हें रिटायर्ड आईएएस ने मैसेज किया कि उनका दोस्त संतोष कुमार सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट है। वह अपना कुछ घरेलू सामान कम दाम पर बेच रहे हैं। अगर जरूरत हो तो आप सामान खरीद सकते हैं। आप का नंबर संतोष को भेज दे रहा हूं। कुछ देर बाद राकेश के पास कॉल आई जिसने खुद को संतोष बताया और सामान की फोटो व्हाट्सएप की। सामान पसंद आने पर 1.75 लाख रुपए क्यू आर कोड पर भेज दिया। रुपए भेजने के बाद भी सामान उनके पास नहीं पहुंचा। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर पर 8.70 लाख ऐंठे:** आधार कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर जालसाज ने विनय सिंह के खाते से 8.70 लाख रुपये उड़ा लिए। पेपर मिल कॉलोनी निवासी विनय सिंह के मुताबिक 20 जुलाई को उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई थी। फोनकर्ता ने आधार कार्ड अपडेट का झांसा देकर व्हाट्सएप पर लिंक भेजा। लिंक ओपन करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से पांच बार में 8.70 लाख रुपए निकल गए। इंस्पेक्टर साइबर थाना के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## महिला से तीन लाख की ठगी, शारीरिक शोषण पर भेजा जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सरोजनीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी कानपुर रोड स्थित कामर्शियल तिराहे के पास खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। गोरखपुर के रहने वाली पीड़िता वर्तमान समय में सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा में रहकर मजदूरी करती है। पीडिता से उन्नाव जिले के पुरवा स्थित ऊंच गांव किला निवासी रोहित कश्यप ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये और 3 लाख रुपये हड़प लिया कपीडिता का कहना है कि उसकी शादी 2017 में पिंटू नामक युवक से हुई थी, संतान न होने की वजह से उसने दूसरी शादी कर ली थी। तब से वह अकेले ही रहने लगी थी ।पीड़िता का कहना था कि 13 जून 2024 को रोहित कश्यप ने उससे शादी का वादा किया और अपने परिवार वालों से भी मिलवाया ।उसके बाद से आरोपी ने महिला का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया। उसने शादी के नाम पर धीरे-धीरे महिला से 300000 रुपये भी ले लिए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया और जब पीडिता ने अपने रुपए वापस मांगे तो उसके साथ वह मारपीट करने लगा ।पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ,शनिवार को सुबह मुखबिर की सूचना मिलने पर कानपुर रोड से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया ।

## यूपी में 22 आईपीएस अफसरों को मिली स्थाई तैनाती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शासन ने शनिवार को एक आईपीएस व 21 प्रशिक्षु आइपीएस को स्थाई तैनाती दी है। आईपीएस विनायक गोपाल भोसले को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी सीतापुर के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा प्रशिक्षु आईपीएस राजेश गुनावत को एएसपी मुजफ्फरनगर से एएसपी फिरोजाबाद, अरीबा नोमान को एएसपी अलीगढ़ से एएसपी झांसी, कतिका शुक्ला को एसीपी कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर से एसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, देवेश चतुर्वेदी को एएसपी मेरठ से एएसपी अयोध्या, विवेक तिवारी को एएसपी सहारनपुर से एएसपी खीरी बनाया गया है।

आलोक राज को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी हरदोई, माविस टक को एएसपी बरेली से एएसपी बांदा, गौतम राय को कमिश्नरेट गाजियाबाद से एएसपी बिजनौर, महाडिक अक्षय को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी आगरा, प्रशांत राय को एएसपी आजमगढ़ से एएसपी प्रतापगढ़, सिद्धार्थ के. मिश्रा एसीपी कमिश्नरेट लखनऊ से एएसपी मुजफ्फरनगर बने हैं।आशना चौधरी एएसपी गोरखपुर से एएसपी मथुरा, विश्वजीत शौर्य एसीपी कमिश्नरेट प्रयागराज से एएसपी सिद्धार्थ नगर, शिवम आशुतोष को एएसपी झांसी से एएसपी बरेली, अभिनय द्विवेदी को एएसपी अयोध्या से एएसपी मुरादाबाद, सोनाली मिश्रा को एएसपी मुरादाबाद से एएसपी गोरखपुर बनाया गया है।

नताश गोयल को एसीपी कमिश्नरेट वाराणसी से एएसपी पीलीभीत, गोल्डी गुप्ता को एएसपी मथुरा से एएसपी जौनपुर, अरुण कुमार एस. को एसीपी कमिश्नरेट कानपुर नगर से एएसपी फतेहगढ़, दीपक यादव को एसीपी कमिश्नरेट कानपुर नगर से एएसपी उन्नाव, अभिषेक दावाच्या को एसीपी कमिश्नरेट लखनऊ से एएसपी गोंडा के पद पर भेजा गया है।

## पुलिस थाना परिसर में मुख्य आरक्षी के घर मे लाखों की चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मात्र पांच मिनट में एक चोर ने गुडम्बा थाना परिसर के आवासीय कॉलोनी में बने मुख्य आरक्षी के घर से 10 लाख के जेवर चोरी किया था। कॉलोनी में आते और चोरी करके जाते हुए चोर का वीडियो भी सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया। लेकिन घटना के 60 दिन बाद भी गुडम्बा पुलिस चोर को पकड़ना तो दूर उसकी पहचान भी नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस के उच्चाधिकारी चोर को जल्द से जल्द पकड़ने का दावा दोहरा रहे रहे हैं। घटना 25 मई दोपहर की है। महाराजगंज के राजेपुर निवासी अभिषेक कुमार पांडेय सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात हैं। वह गुडम्बा थाना परिसर के आवासीय कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। इसी परिसर में थाना प्रभारी गुडम्बा का भी सरकारी आवास के साथ एडिशनल इंस्पेक्टर गुडम्बा व थाने में तैनात कई पुलिस कर्मियों का भी आवास है। मुख्य आरक्षी अभिषेक की पत्नी 23 मई को बेटे के साथ गांव गई थी। रोजाना की तरह अभिषेक पांडेय 25 मई को सुबह ड्यूटी पर चले गए। देर रात 10:30 बजे वापस लौटे तो घर और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी का सारा सामान बिखरा था। अलमारी में रखे करीब 10 लाख रुपए कीमत के सोने व चांदी के जेवर गायब थे।

**सिर्फ पांच मिनट में 10 लाख के जेवर चुराए:** सूचना पर गुडम्बा पुलिस ने जांच शुरू की। एक पुलिस कर्मी के घर के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे में एक चोर कॉलोनी में 25 मई की दोपहर 11:46 मिनट पर पैदल आता हुआ दिखाई पड़ता है। वह टहलते हुए आगे निकल जाता है। वापस लौटकर वह 11:47 मिनट पर मुख्य आरक्षी अभिषेक पांडेय के घर में घुस जाता है। चोर 11:52 मिनट में एक थैला हाथ में पकड़े हुए निकलता है और कॉलोनी से बाहर चला जाता है। थैले में 10 लाख के जेवर थे। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा साफ नजर आ रहा है। बावजूद इसके गुडंबा पुलिस चोर को नहीं पकड़ सकी है। गुडम्बा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई टीमें आरोपी की तलाश में लगा दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि चोर ने पहले से ही घर को चिन्हित कर रखा है। इसलिए वह घर के सामने से कुछ दूर आगे जाता है और फिर वापस लौटते हुए अंदर चला जाता है।

**पुलिस कर्मियों में सता रहा घर में चोरी होने का डर:** पुलिस आवासीय कॉलोनी में चोरी से पुलिस कर्मियों का परिवार डरा हुआ है। उन्हें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी पुलिस कर्मियों की कॉलोनी में कोई चोरी की हिम्मत कर सकता है। नाम न छापने की शर्त के साथ पुलिस कर्मियों ने बताया कि दिनदहाड़े चोरी से घबराए हुए हैं। अब दिन में भी घर को बंद करके जाने में डर लग रहा है।

### चोर चेन खींचकर भागा मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** सविता देवी पत्नी विजय कुमार गुप्ता निवासी मैकाले टैम्पो स्टैण्ड की निवासिनी है। सविता के पति विजय कुमार गुप्ता की पान की दुकान महानगर मिडलैण्ड हास्पिटल के पास है। पति विजय कुमार ने पीड़िता को डण्डहिया अलीगंज मार्केटिंग करने के लिये बुलाया पीड़िता एवं उसके पति ने घरेलू गृहस्थी का सामान तथा सब्जी आदि खरीद किया। पीड़िता अपने पति की मोटर साइकिल फैसन प्रो यूपी 32 सीई-2690 से लगभग 10.52 बजे डण्डहिया से महात्मा बुद्ध स्कूल वाली गली से होकर अपने निवास स्थान कल्याणपुर आ रही थी, बीच में मरघट तथा मन्दिर के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति ने जो कि मोटर सायकिल पर दो लोग सवार थे पीड़िता की सोने की चैन खींचकर भाग गये।

### कार चालक ने मारी जोरदार ठोकर, मौत

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में कार चालक ने बुजुर्ग को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैक्सुनील कुमार निवासी शिमला जिला चूरू, राजस्थान का कहना है कि 22 जुलाई को सुबह करीब 11:00 बजे उनके चाचा दौलत राम को लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए गाड़ी चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये ।घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहांइलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि गाड़ी संख्या 9600 का चालक लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था, रोड पर खड़े उनके चाचा को वह जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।

### फंदे से लटक कर गंवायी जान

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में अपने परिवार संग रहने वाले सीआरपीएफ के जवान के पंद्रह वर्षीय किशोर बेटे ने अपने घर में लगे पंखे में रस्सी के सहारे फंदा लगा आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक को फंदे से उतार कर इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेजा, जहां जांच के उपरांत डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मूलरूप से उड़ीसा प्रांत के रहने वाले 93 सीआरपीएफ बटालियन में दीवान के पद पर तैनात प्रवीण कुमार बाघ आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर रोड के एलडीए कॉलोनी स्थित सेक्टर-जी में अपनी पत्नी व तीन बेटों संग रहते हैं। प्रवीण कुमार का 15 वर्षीय मझिला बेटा जफेद बाघ एक निजी स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। पढ़ाई को लेकर जफेद काफी तनाव में रहता था, जिसके चलते शुक्रवार रात उसने कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे फंदा बना फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। बेटे को फंदे में लटकता देख परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी ।

### अज्ञात नंबरों से मिली जान से मारने की धमकी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक हिंदू नेता ने अज्ञात कालर पर अलग-अलग नम्बरों से फोन पर गाली गलौज धमकी का आरोप लगा फोन नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच एलडीए कलोनी निवासी शिवांश नारायण द्विवेदी, पुत्र महेश नारायण द्विवेदी के अनुसार वह वर्तमान जगदगुरु शंकराचार्य पुरी पीठाधीश्वर जी के शिष्य है और साथ ही हिंदू फ्रंट फर जस्टिस का जिला संयोजक और आह्वान धर्म रक्षार्थ सेवा समिति का अध्यक्ष भी हैं।

### सामबेदीय संगीतकार की उपाधि से विभूषित हुए केवल कुमार

**लखनऊ।** श्रावण शुक्ल द्वितीया पर जवाहर भवन स्थित चित्रगुप्त मंदिर में श्रावणी उत्सव धूमधाम से मना। इसी श्रृंखला में भगवान चित्रगुप्त का कजरी गीत प्रस्तुत करते हुए भाव दिया गया, चित एवं गुप्त यानी शरीर और आत्मा इस भौतिक नश्वर संसार में झूला झूलते हुए आत्मिक आनंद प्राप्त कर रही है... हे मानव इस जीवन को संगीतमय बनाओ। डॉ. अंजू भारती के मधुर गीतों ने दर्शकों को मानसिक झूला झूलने के लिए मजबूर कर दिया। संगीता श्रीवास्तव के गायन के साथ आज के तानसेन नाम से प्रसिद्ध यश भारती पुरस्कार प्राप्त संगीतकार केवल कुमार को सामबेदीय संगीतकार की उपाधि से विभूषित किया गया। केवल कुमार के सम्मान समारोह में शहर के जाने माने कलाकारों ने हिस्सा लिया।

### गुमशुदगी



**ऊषा देवी** उम्र 35 पत्नी रामचंद्र निवासी भोलापुरवा बक्सी का तालाब लखनऊ **रंग** गोरा **लम्बाई** लगभग 5फिट लगभग **दिनांक 21/07/2025** की शाम लगभग 4 बजे घर से सफेद दुपट्टा, सफेद सलवार व कथई कलर का कुर्ता पहन कर निकली तब से घर वापस नहीं आई, जिसकी गुम होने की सूचना बक्सी का तालाब थाने मे पंजीकृत है जिस किसी को इस महिला के सन्दर्भ मे जानकारी हो कृपया जानकारी निचे लिखें नंबरों पर दे। जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित सम्मान दिया जायेगा।

**6387804644, 9336278133, 9198059291 व 8299807687**

## पुलिस विभाग के मेधावी बच्चे हुए सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग के अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद ऑडीटोरियम में मीनाक्षी सिंह की अध्यक्षा वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) धर्मपत्नी राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में यूपी पुलिस विभाग में सेवारत अधिकारियों, कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्षा वामा सारथी मीनाक्षी सिंह का स्वागत वामा सारथी की उपाध्यक्ष रेनू रिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया एवं वामा सारथी की सदस्य नीतू पाण्डेय, पुनीता सिंह, बृजरानी सोनकर, श्वेता सेंगर व सचिव वामा सारथी चारू गाबा के साथ मंच पर स्थान ग्रहण किया गया। तत्पश्चात वामा सारथी की सचिव चारू गाबा द्वारा वामा सारथी के उद्देश्य एवं कार्यों का परिचय दिया गया। मीनाक्षी सिंह, अध्यक्षा वामा सारथी एवं एसोसिएशन की सदस्यों द्वारा द्वारा पुलिस परिवार के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वामा सारथी अध्यक्षा द्वारा अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के सदस्यों एवं मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये कहा कि कठिन परिश्रम एवं तपस्या से कोई भी उद्देश्य पूर्ण किया जा सकता है। अपने संबोधन में छात्र एवं छात्राओं को मोटिवेट करने के लिये वामा सारथी अध्यक्षा द्वारा बहुत ही सटीक उदाहरण देते हुये डा. एपीजे अब्दुल कलाम भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा कथित पंक्तियों को दोहराया गया कि सूर्य की तरह चमकना है तो सूर्य की तरह जलना होगा। इस अवसर पर हाईस्कूल की परीक्षा में 99.2 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली मेधावी छात्रा मैत्री सिंह पुत्री उदय प्रताप सिंह, यातायात निरीक्षक तथा हाईस्कूल की परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली मेधावी छात्रा ऐशना दीप पुत्री अतुल दीप सचान आरक्षी ड्राइवर एवं अन्य छात्र छात्राओं द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाने की सराहना करते हुये पुलिस अधिकारियो को अपना रोल मॉडल मानते हुये भविष्य में उच्च पद पर पहुच कर प्रदेश व देश की सेवा करने के अपने लक्ष्य को बताया तथा इस मुकाम पर पहुचने के लिये अपने माता-पिता के योगदान की सराहना की गयी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने संबोधन में उक्त कार्यक्रम के आयोजन के लिये वामा सारथी अध्यक्षा एवं उसके सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के सदस्यों एवं मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये कहा कि यह हमारे लिये गर्व का विषय है कि लखनऊ। पुलिस के सेवारत कार्मिकों के 234 बच्चे विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत हैं, जिनमें से मुख्य रूप से 102 बच्चे एमबीबीएस, 93 बेटेक, 12 एमटेक, 5 एमबीए एवं अन्य संस्थाओं में हैं।

## बिजली ब्यवस्था चौपट, उपभोक्ता परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में इस समय विद्युत व्यवस्था के हाल बहुत बुरे हैं। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। अवैध अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ता जहां रात में चैन की नींद नहीं सो पा रहे, वहीं दिन में भी पानी की किल्लत और बिजली से होने वाले छोटे-मोटे काम नहीं हो पा रहे हैं। गुरुवार रात सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस से जुड़े गांव मोहल्ले और कॉलोनी के लोग चैन की नींद नहीं सो सके। ज्यादातर कॉलोनी और मोहल्ले में रात भर बिजली की आवाजाही लगी रही। हालाकि विद्युत विभाग जरूर बड़े-बड़े दावे करता है। बिजली समस्या को लेकर शासन के लोग भी काफी परेशान हैं। आए दिन वह विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें सख्त हिदायत दे रहे हैं कि आम जनता को बिजली की समस्या से न जूझना पड़े। लेकिन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उनकी बातों पर जरा सा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही वजह है कि राजधानी में बिजली की व्यवस्था नहीं सुधर पा रही है। गुरुवार रात सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस से जुड़े गिंदनखेड़ा, बेहटवा, अनौरा, अमौसी, हिंदू खेड़ा, गंगानगर, गौरी, सरोजनी नगर और गौरी विहार के अलावा चिल्लावां, आजाद नगर, अवध विहार, बदाली खेड़ा आदि जगहों पर पूरी रात बिजली की आवाजाही बनी रही। आलम यह रहा कि 15 मिनट बिजली आती और उसके बाद फिर 10 मिनट के लिए गायब। आधा घंटे आती तो 20 -25 मिनट के लिए फिर लापता । यह हाल पूरी रात भर इन कॉलोनी मोहल्लों का रहा। इतना ही नहीं यह आलम यहां पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह से भी लगभग यही हालात बने हुए हैं। इसकी वजह से लोग रात भर कूलर पंखे ना चल पाने के कारण सो नहीं सके। वहीं दिन में भी बिजली की आवाजाही के कारण लोगों के छोटे-मोटे काम नहीं हो पा रहे हैं। इसी तरह बनी पावर हाउस से जुड़े हरौनी, लतीफ नगर, बेंती और रहीमनगर पड़ियाना आदि गांवों में भी बिजली समस्या को लेकर बुरे हाल हैं। यहां रोज दिन रात घंटों बिजली गायब रहना आम बात होकर रह गई है। इसके अलावा बिजनौर पावर हाउस से जुड़े चंद्रावल, नटकुर, बिजनौर, सीआरपीएफ कैंप के पास की सभी कॉलोनीयों में आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है। इसकी वजह से उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाः ओटी-05-2025**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.-1,** निविदा सं: ओटी-05-2025, कार्य का विवरणः गोरखपुर स्टेशन के पुर्नविकास के तहत नई निर्माण की गई लाउण्ड्री के लिये नई वाशिंग पिट के पास 11 केवी पावर सप्लाई व्यवस्था का प्रावधान और 250 केवीए, 11/0.4 केवी ट्रांसफार्मर को सीटीसी से अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करने के साथ अन्य सम्बद्ध विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,32,12,717.56, बयाना राशिः ₹ 2,16,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 60 दिन, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 18-08-2025 को 15:00 बजे।

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण**
मुजाधि/विद्युत-102 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## बिम्ब कला केन्द्र ने गोपाल चतुर्वेदी को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** राजधानी की साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था बिम्ब कला केन्द्र ने गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में सुविख्यात व्यंग्यकार और अपने मुख्य संरक्षक गोपाल चतुर्वेदी के आकस्मिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें बिम्ब कला केंद्र के साहित्यकारों व बहुसंख्य सदस्यों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करी ।संस्था के संस्थापक और वरिष्ठ कवि व गायक राजेश अरोरा शलभ ने बताया कि गोपाल चतुर्वेदी किस प्रकार 2008 में पद्मश्री के.पी सक्सेना, जो उस समय बिम्ब के मुख्य संरक्षक थे, के जन्म दिन समारोह में विश्वैसरैया प्रेक्षागृह में पहली बार संस्था के कार्यक्रम में आये थे और कार्यक्रम से इतने प्रभावित हुए संस्था के पदाधिकारियों के आग्रह पर तुरंत संस्था के संरक्षक पद के लिए अपनी स्वीकृति दे दी ।के. पी. सक्सेना के निधन के बाद उन्होंने संस्था का मुख्य संरक्षक होना भी न केवल सहर्ष स्वीकार किया अपितु वे साहित्यिक कार्यक्रमों की रूपरेखा ,उसके प्रस्तुतिकरण तक में अपना बहुमूल्य परामर्श भी देते थे । गोपाल चतुर्वेदी और उनकी पत्नी , निशा चतुर्वेदी ,जिनका निधन मात्र एक सप्ताह पूर्व हुआ था ,दोनों को शिद्दत से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्होंने एक गजल , व्यंग्य के सिरमौर थे, गोपाल जी , दिलों के चितचोर थे, गोपाल जी।

## द मानसून कॉर्निवल में शहीदों को किया नमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गौतम बुद्धा पार्क लखनऊ में चल रहे द मानसून कार्निवल 2025 में आज सर्वप्रथम प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्याय एन बी सिंह, अनु सचिव अरुण कुमार द्विवेदी, प्रिया सिंह राजपूत, अफजल भाई, अनस चौहान, निधि, नीतू, समीर, हर्षद सहित भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को नमन किया और उन्हें याद किया। 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के रुप में मनाया जाता है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय चलाकर 1999 मई और जुलाई 1999 के बीच पाकिस्तान के घुसपैठियों को कारगिल पर्वत शिखर से खदेड़ कर अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारतीय तिरंगे को फहरा था। इसीलिए आज विजय दिवस मनाया गया है। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। द मॉनसून कार्निवल 2025 में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रूप से देशभक्ति के गीतों से उपस्थित जनता का हौसला अफजाई किया गया। सलीम अब्बासी, वंदना श्रीवास्तव, विजय और वसीम ने शानदार गानों से खूब तालियां बटोरीं। संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने कलाकारों को मोमेंटम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**ई-निविदा सूचना संख्या 27/28/ ECTC/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **27 कार्य का नामः-** 220 के.वी. उपकेन्द्र, दातागंज, बदांयू पर 01 अदद 33 के.वी. प्रोजील ग्रीन एनर्जी 'बे' के निर्माण हेतु जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 05.32 लाख **कार्यावधिः-** 01 माह **28 कार्य का नामः-** 132 के.वी. उपकेन्द्र खुर्रमनगर लखनऊ पर क्षमातावृद्धि 2X40+1X63 से 3X63 एम.वी.ए. परिवर्तक की स्थापना से सम्बन्धित जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** 01 माह **कार्यावधिः-** रू. 09.97 लाख उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 24.08.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 25.08.2025 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''**
**(पत्रांक 2389 / दि. 26.07.2025)**

# हरियाली तीज आज, सुहागिनें रखेंगी पति के दीर्घायु के लिए व्रत





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरियाली तीज श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। विवाहित महिलाएं और अविवाहित लड़कियां दोनों ही इस व्रत को रखती हैं। हरियाली तीज का धार्मिक महत्व बहुत खास होता है। हरियाली तीज पर माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की दीघार्यु के लिए व्रत करती हैं तो वहीं कुंवारी कन्याएं शिवजी जैसा सुयोग्य वर पाने के लिए व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। हरियाली तीज 2025 में 27 जुलाई, रविवार को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन शुक्ल तृतीया तिथि 26 जुलाई को रात 10 बजकर 41 मिनट पर शुरू होगी और यह तिथि 27 जुलाई को रात 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, हरियाली तीज 27 जुलाई को मनाई जाएगी। इस वर्ष हरियाली तीज और भी खास है क्योंकि इस दिन रवि योग बन रहा है, जो व्रत के प्रभाव को और अधिक शुभ बनाता है। इस दिन रवि योग शाम 4 बजकर 23 मिनट से शुरू होकर 28 जुलाई को सुबह 5 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। रवि योग में पूजापाठ करना और व्रत रखना बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जाता है।

**हरियाली तीज का महत्व:** हरियाली तीज एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। यह भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए बहुत कठिन तपस्या की थी। उन्होंने 108 जन्मों तक तपस्या की और उसके बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया। इस दिन पूजा करने से विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। जो महिलाएं इस दिन सच्चे मन से पूजा करती हैं, उनका वैवाहिक जीवन हमेशा खुशहाल रहता है। हरियाली तीज के दिन शिव-पार्वती की मिट्टी की मूर्ति लाएं। पूर्व दिशा में एक चौकी के ऊपर उन्हें स्थापित करके गंगाजल से शुद्ध करें। जल से भरा एक कलश सामने रखकर दीपक जलाएं। इसके बाद बेलपत्र, दूर्वा और चावल चढ़ाएं।

**महिलाएं व्रत रखकर माता पार्वती की करती हैं पूजा:** हरियाली तीज पर महिलाएं व्रत रखने के साथ घर में सुख, शांति, समृद्धि की भगवान शिव और माता पार्वती से प्रार्थना करती हैं। माता पार्वती की पूजा करती हैं। नवविवाहित महिलाएं अपने मायके आकर हरियाली तीज मनाने की परम्परा भी है। महिलाएं नए वस्त्र विशेषकर हरी साड़ी व हरे वस्त्र पहनती हैं। झूला झूलती हैं और सावन तीज के गीत गाती हैं।

**शिव-पार्वती देते हैं अखंड सौभाग्य का वरदान:** हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल सावन महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज का व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और परिवार की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन व्रत रखने पर शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं। यह त्योहार उत्तर भारत के अनेक प्रांतों में बहुत जोश और उमंग के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि पूरे श्रावण मास में शिव-पार्वती पृथ्वी पर निवास करते हैं और अपने भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी, इससे प्रसन्न होकर शिव ने सावन महीने के शुक्ल पक्ष की हरियाली तीज के दिन ही मां पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार किया था। अखंड सौभाग्य का प्रतीक यह त्योहार भारतीय परंपरा में पति.पत्नी के प्रेम को और प्रगाढ़ बनाने तथा आपस में श्रद्धा और विश्वास कायम रखने का त्योहार है इसके आलावा यह पर्व पति.पत्नी को एक दूसरे के लिए त्याग करने का संदेश भी देता है। इस दिन कुंवारी कन्याएं व्रत रखकर अपने लिए शिव जैसे वर की कामना करती हैं वहीं विवाहित महिलाएं अपने सुहाग को भगवान शिव तथा पार्वती से अक्षुण बनाये रखने की कामना करती हैं।

**हरियाली तीज पूजन सामग्री:** मां पार्वती और शिवजी की मूर्ति, पूजा के लिए चौकी, पीला वस्त्र, कच्चा सूता, नए वस्त्र, केला के पत्ते, बेलपत्र, भांग, धतूरा, शमी के पत्ते, जनेऊ, जटा नारियल, सुपारी, कलश, अक्षत या चावल, दूर्वा घास, घी, कपूर, अबीर-गुलाल, श्रीफल, चंदन, गाय का दूध, गंगाजल, दही, मिश्री, शहद, पंचामृत। साथ ही मां पार्वती को सुहाग का सामान अर्पित करने के लिए एक हरे रंग की साड़ी, चुनरी और सोलह श्रृंगार से जुड़े सुहाग के सामान में सिंदूर, बिंदी, चूड़ियां, माहौर, खोल, कुमकुम, कंघी, बिछुआ, मेहंदी, दर्पण और इत्र जैसी चीजों को जरूर रखें।

**हरियाली तीज की पूजा विधि:** हरियाली तीज के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि करने के बाद नए वस्त्र पहनें। इस सोलह श्रृंगार जरूर करें और पूरे दिन व्रत रहें। हरियाली तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ ही गणेश जी की भी पूजा की जाती है। पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और उसपर पीले रंग का कपड़ा बिछा दें। फिर इस चौकी में भगवान की मूर्तियां स्थापित करें और भगवान को नए वस्त्र पहनाएं। पूजा सामग्री को भगवान की मूर्तियों में अर्पित करें। इसके बाद माता पार्वती को सोलह श्रृंगार से जुड़े सभी सामानए साड़ी और चुनरी अर्पित करें।

## रंग-बिरंगी चूड़ियों से सजा बाजार, लगवाई मेहंदी, खूब हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरियाली तीज को लेकर शनिवार को राजधानी के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। अमीनाबाद, पत्रकारपुरम, भूतनाथ मार्केट में साड़ी और रंग-बिरंगी चूड़ियों सहित श्रृंगार का अन्य सामान खरीदने के लिए देर रात तक महिलाओं की खूब भीड़ रही। वहीं भूतनाथ मार्केट में महिलाएं आकर्षक डिजाइन में मेहंदी रचाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती दिखीं। वहीं गड़बड़झाला और नक्खास में दुकानदारों ने भी सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खूब बिक्री की। कारोबारियों के मुतबिक हरियाली तीज पर दो करोड़ की साड़ियां और 50 लाख रुपये का श्रृंगार का समान बिक गया। शनिवार को कपड़ों, रंग-बिरंगी चूड़ियों की खूब बिक्री हुई। भूतनाथ मार्केट और अमीनाबाद में डिजाइनर हरे रंग की साड़ियों का क्रेज दिखा। डबल शेड, नेट, साटन, सिल्क बनारसी आदि साड़ियां बहुत ज्यादा बिकीं। 1500 से पांच हजार के बीच वाली साड़ियां काफी बिकीं। साड़ी की मैचिंग की रंग-बिरंगी चूड़ियां व कड़े लेने के लिए महिलाएं गड़बड़झाला, नक्खास मार्केट पहुंचीं। भूतनाथ मार्केट के कपड़ा कारोबारी उत्तम कपूर ने बताया कि हरियाली तीज पर लहरिया साड़ियों की मांग अधिक रहती है। उन्होंने बताया कि दो साल बाद हरियाली तीज पर बाजार में रौनक है। हरियाली तीज को लेकर कपड़ों की खूब बिक्री हुई।

**भूतनाथ मार्केट में मेहंदी की धूम:** आलमबाग, अमीनाबाद व भूतनाथ मार्केट में सबसे ज्यादा मेहंदी की बिक्री हुई। महिलाएं हाथ पर आकर्षक डिजाइन में मेहंदी रचाने के लिए घंटों लाइन में लगी रहीं। बाजार में सामान खरीदने आई अंजलि, शिखा व स्वाति ने बताया कि हरियाली तीज को लेकर अलग तरीके का उत्साह और उमंग रहती है। उन्होंने दुकानों से साड़ी, कपड़े और मेकअप आदि सामान खरीदा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस भी मुस्तैद थी। गोल्डन और पिस्ता घेवर की बिक्री भी खूब हुई।

# सैनिक के परिवारों के साहस को भी दर्शाता है 'शहीद'



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संस्कृति निदेशालय उ.प्र. के सहयोग से मदद एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाईटी की देश भक्ति नाट्य प्रस्तुत शहीद का मंचन आरपीएस इण्टर कॉलेज के सभागार, राजाजीपुरम, लखनऊ में किया गया। मोहित यादव के लिखे इस नाटक का निर्देशन नाट्य निर्देशिका निशा बेगम तथा कार्यक्रम का संयोजन मदद संस्था के अध्यक्ष मो० मुस्तकीम सलमानी द्वारा किया गया। नाटक में दिखाया कि सन-1999 में हुए कारगिल युद्ध में कैसे पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ करके हमारी कई चोटियों पर कब्जा कर लिया था, फिर हिन्दुस्तानी सेना ने ऑपेरशन विजय चलाकर मुंहतोड़ जवाब ही नहीं दिया बल्कि विजय प्राप्त की थी। इस विजय को हम हिन्दुस्तानी लोग 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते है और अपनी सेना पर गर्व करते है। पर इस विजय में कई जवान शहीद हुए किसी ने बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी का सुहाग मिटा, तो किसी के घर का चिराग। यह कहानी उन शहीद परिवारों की दृढता और साहस को भी दर्शाती है जो इन चुनौतियों का सामना करते है। वे अपने प्रियजनों की यादों को संजोते हुए, अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने और आगे बढ़ने की कोशिश करते है। यह कहानी कई शहीद जवान के परिवार पर गुजरने वाली दर्दनाक स्थिति और उनकी ज़िन्दगी पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में है। निर्देशिका निशा बेगम ने कहा अनेकता में एकता हमारे हिन्दुस्तान की एक खास पहचान है। इसका मतलब है कि भारत में विभिन्न धर्म, जाति, भाषा और संस्कृति के लोग एक साथ रहते है, और फिर भी वे एक राष्ट्र के रूप में एकजुट है। यह हमारी ताकत है और हमें एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना रखने में मदद करता है।

# 'शैडो ऑफ शिवा' में दिखे कथक के मनमोहक रूप





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ घराने के कथक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने वाले कथक गुरु, कलाकार तथा कोरियोग्राफर स्वर्गीय पंडित अर्जुन मिश्रा जी की 10 वी जयंती को कैसरबाग के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में मनाई गई। जिसमे प्रांतीय कलाकारों के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों भाग लिया जिसमे अनुज अर्जुन मिश्रा डांस कंपनी के वर्तमान गुरु स्वर्गीय पंडित अर्जुन मिश्रा के (सुपुत्र एवं शिष्य) पंडित अनुज मिश्रा जी के शिष्य एवं शिष्याओ की प्रस्तुतियां हुई।

नेहा सिंह डांस कंपनी (एन.एस.एस) की तरफ से नारी शक्ति पर अपने छात्रों के साथ कथक नृत्य की विविध संरचनाओं का शानदार प्रदर्शन किया। पंडित अनुज मिश्रा एवं उनकी अपनी कथक अकादमी और अनुज मिश्रा डांस कंपनी संस्था से शैडो ऑफ शिवा के नाम से शानदार कथक नृत्य की अद्भुत संरचनाओं की प्रदर्शन करेंगे जिसमें उनकी संस्था से सीनियर और जूनियर बच्चों ने भी भाग लिया। विवेक वर्मा, मैत्री चौहान, शिवेंद्र सिंह, श्रेया वर्मा, शुभ सिन्हा, यशवी चतुर्वेदी, वंशिका, सिद्धि, राधिका जूनियर छात्राओं के नाम- प्रगति, अंशिका, नमिता, मीमांसा, आशी, स्वाति, ऐश्विका, आरोही शाह, ज्ञानवी, शनाया आराध्या, वानी, यशवी, वंशी, एंजल, कृष्णा, अंश मिश्रा, धानवी, वर्तिका, अव्यआ, दिशा, आरोही राज, सिया, हर्षाली, आरना, नेहा है। उसके उपरांत नृत्यार्जुन डांस अकादमी द्वारा प्रस्तुत युद्ध जीवन की लड़ाई नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी। स्मृति मिश्रा टंडन द्वारा कोरियोग्राफ की गई यह शक्तिशाली प्रस्तुति मानव जीवन के संघर्षों और भगवद गीता के ज्ञान को अपनाने से मिलने वाली आंतरिक शक्ति और लचीलापन को दर्शाती है। छात्रों ने अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि गीता के शाश्वत विषयों और रूपकों को भी जीवंत किया। जो आज के जीवन में इसकी प्रासंगिकता को उजागर करते हैं। इस प्रस्तुति में शेफाली त्यागी, प्रिशा पाराशर, कैरा सिंह, नैशा बग्गा, कामाक्षी त्यागी, चित्रांगदा सिंह, ईशान्वी तिवारी, ज्योति, वीरा का योगदान रहा। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में निरमोहिया ठुमरी की मार्मिक सुंदरता को मंच पर प्रस्तुत किया। इस आकर्षक प्रस्तुति विरह (पृथकता) और प्रेम (प्रेम) के धागों को एक साथ बुनती है, जैसे कि युवा कलाकार कृष्ण के लिए तरस और लालसा की भावनाओं को जीवंत करते हैं। पृथकता के दर्द के बावजूद, वे अपने प्रिय की यादों में आनंद पाते हैं, और उनका ठुमरी प्रदर्शन प्रेम की स्थायी शक्ति का प्रमाण है।

# कोहबर कला परंपरा और रचनात्मकता का उत्सव है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कोहबर चित्रकला, जिसमें वनस्पतियों, जीवों, आध्यात्मिक प्रतीकों और पवित्र ज्यामिति का प्रतीकात्मक चित्रण है, ने युवा शिक्षार्थियों को भारत के स्वदेशी कला रूपों से जुड़ने का एक रोमांचक माध्यम प्रदान किया। एलपीएस बाराबंकी की प्रधानाचार्य डॉ. रितु सिंह ने समापन समारोह के दौरान कहा, आज की तेज-तर्रार दुनिया में, छात्रों को उनकी जड़ों से फिर से जोड़ना महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला केवल तकनीक के बारे में नहीं थी, बल्कि उन कहानियों, परंपराओं और भावनाओं को समझने के बारे में थी जो ये प्राचीन पैटर्न पीढ़ियों से आगे बढ़ाते आ रहे हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल, बाराबंकी शाखा द्वारा प्रधानाचार्या डॉ. ऋतु सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित सप्ताह भर चली कोहबर चित्रकला कार्यशाला में परंपरा और रचनात्मकता के जीवंत रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यशाला का समापन एक भावपूर्ण समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें 50 से अधिक युवा प्रतिभागियों की कलात्मक अभिव्यक्तियों का जश्न मनाया गया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की कोहबर कला की समृद्ध लोक परंपराओं में खुद को सराबोर किया।

यह कार्यशाला फ़्लोरेसेंस आर्ट गैलरी द्वारा समर्थित एक सहयोगात्मक प्रयास था, जिसकी संस्थापक-निदेशक श्रीमती नेहा सिंह ने इस पहल की संकल्पना और उसे सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रख्यात कलाकार और शिक्षाविद डॉ. कुमुद सिंह ने सत्रों का नेतृत्व किया और कोहबर परंपरा की सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक बारीकियों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की। कोहबर परंपरा उत्तर प्रदेश मूल की चित्रकला शैली है जिसका ऐतिहासिक संबंध स्त्री अभिव्यक्ति, उर्वरता और पवित्र मिलन से है। क्यूरेटर भूपेंद्र अस्थाना ने कार्यशाला में अपनी क्यूरेटोरियल विशेषज्ञता प्रदान की और यह सुनिश्चित किया कि शैक्षणिक और दृश्यात्मक ढाँचे समकालीन प्रासंगिकता में निहित हों और साथ ही पारंपरिक रूपांकनों और विषयों के प्रति भी समर्पित रहें। इस कार्यक्रम में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के कला विभागाध्यक्ष श्री राजेश कुमार की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने सभी स्तरों पर शैक्षणिक संरचना और छात्र जुड़ाव का समन्वय किया। डॉ. कुमुद सिंह के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में, छात्रों ने उत्तर प्रदेश में कोहबर की उत्पत्ति और विवाह अनुष्ठानों व घरेलू कहानी कहने में इसके महत्व का पता लगाया। प्रत्येक सत्र में प्रतिभागियों को इस शैली की विशेषता वाले व्यवस्थित रेखाचित्र, प्रतीकात्मक रंग पैलेट और दोहरावदार पैटर्न में गहराई से उतरने का अवसर मिला। युवा कलाकारों ने पारंपरिक प्राकृतिक रंगों और आधुनिक सामग्रियों, दोनों के साथ प्रयोग किए, जिससे विरासत और नवाचार के बीच एक सेतु का निर्माण हुआ।

# जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा मंच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने मंच पर हमारे राम नाटक का मंचन किया तो अंबेडकर सभागार जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कलाकारों ने सरल भाषा और अपने सारगर्भित संवादों से नाटक को रोचक बनाए रखा। नाटक में कलाकारों का मंचन और संवाद इतना प्रभावी रहा कि दर्शक पूरी तल्लीनता से अपनी कुर्सियों पर डटे रहे।

आशियाना के डॉ. बीआर अंबेडकर सभागार में फैलिसिटी थिएटर की ओर से महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति को देखने के लिए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल शनिवार दोपहर पहुंची। उन्होंने आशुतोष राणा समेत दूसरे कलाकारों की प्रस्तुति को काफी सराहा। कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में सहायक सिद्ध होते हैं। कहा कि प्रभु श्रीराम का पात्र और रावण का ज्ञान सदैव हमें याद रखना चाहिए। ऐसे नाट्य मंचनों से युवा पीढ़ी को रामायण जैसे महाकाव्यों को आत्मसात करने का अवसर मिलता है। राज्यपाल ने नाटक के पात्रों को पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं, हमारा राजभवन एवं राजभवन बैंड: विस्मरणीय अनुभव भेंट किया। दोनों शो में हमारे राम नाटक की शुरूआत लव और कुश की मौजूदगी में मां सीता के पृथ्वी की बाहों में अंतिम शरण लेने से होती है। नाराज बेटे अपनी मां सीता को लेकर प्रभु श्रीराम से कई गंभीर और तीखे सवाल करते हैं। प्रभु के दृष्टिकोण से नाटक हमारे राम दर्शकों को श्रीराम, माता सीता और उनके शाश्वत प्रेम, कठिनाइयों की यात्रा पर ले जाता है। रावण के किरदार में अभिनेता आशुतोष राणा और मंदोदरी के रूप में साथी कलाकार मंच पर पहुंचती हैं। आशुतोष समेत कलाकारों के संवाद, भाव भंगिमाओं को देखकर दर्शक कई बार तालियां बजाकर उनका स्वागत करते हैं। आशुतोष महादेव को बुलाने के लिए शिव पूजन की शुरूआत करते हैं, लेकिन यज्ञ करने के दौरान उन्हें प्रज्जवलित अग्नि में चढ़ाने के लिए मौके पर नारियल नहीं दिखता। इस पर रावण अपना सिर ही उसी अग्नि में चढ़ा देते हैं। इस दृश्य के तुरंत बाद ही प्रसन्न होकर महादेव लंका नरेश रावण को साक्षात दर्शन देते हैं। महादेव कहते हैं कि परम भक्ति का यह रूप मैने किसी में नहीं देखा है, तेरा यह बलिदान अमर हो। तूने मुझे एक शीश चढ़ाया है। मैं तुझे 10 शीश देता हूं। 10 शीश ही नहीं, बल्कि 20 भुजाएं भी देता हूं। अब मेरा दर्शन कर। रावण महादेव से कहता है कि आपके चरणों का मै आभारी हूं। महादेव के जाने पर रावण उन्हें रोकता और अनुन्य आग्रह कर शिव तांडव स्तोत्र जटाओं से जिनके... सुनाते हैं तो महादेव प्रसन्न होकर नाचने लगे। बाद में महादेव ने प्रसन्न होकर रावण को चंद्रहास सौंपकर चले जाते हैं। यह प्रस्तुति भक्ति के भाव से लोगों को जोड़ती है।

# श्रुति कृति मिश्रा हरियाली क्वीन, नीरा लोहानी चुनीं गयीं स्वीट 60

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेल विहार और नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से शनिवार 26 जुलाई को हरियाली उत्सव सीजन फोर-जोश मोर का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासियो कलेक्शन में किया गया। इसमें नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी के संयोजन में सौन्दर्य और टैलेंट की एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं हुईं। हरियाली उत्सव सीजन फोर-जोश मोर में रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बने वहीं सौन्दर्य प्रतियोगिताएं केन्द्रीय आकर्षण रही। इसमें नव अंशिका हरियाली क्वीन 2025 का टाइटल श्रुति कृति मिश्रा को मिला वहीं स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2025 का ताज नीरा लोहानी को मिला। निर्णायक मंडल में आभा कुमार, गरिमा श्रीवास्तव और अर्चना श्रीवास्तव शामिल रहीं।

संस्था की उपाध्यक्षा नीरा लोहानी ने बताया कि हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। जो कि इस साल रविवार 27 जुलाई को मनाया जा रहा है। इसकी पूर्व संध्या पर शनिवार 26 अगस्त को हरियाली उत्सव सीजन फोर-फन मोर का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया। उन्होंने कहा कि सावन ऋतु, प्रकृति में ही नहीं जीवों में भी उत्साह का संचार करती है। आयोजन में अतिथियों का स्वागत रेनू जोशी और पम्मी मायर ने किया वहीं सीमा भट्ट और अनंदिता कौशिक ने टैग लगाए। इस अवसर पर एंट्री गेम नम्रता और आभा ने संयोजन में करवाए गए। इसमें एक से बढ़कर एक महिलाओं से जुड़े दिलचस्प खेल खिलाए गए। दीप प्रज्वलन का सत्र मंजू विष्ट के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इसमें विभिन्न धर्मावलम्बियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में श्रुति-कीर्ति मिश्रा ने प्रथम देव गणपति की वंदना जय हो गजानन पेश की। सावन की बरसे बदरिया सावन गीत पर विमला राव, आभा कुमार, गरिमा श्रीवास्तव, कनक, संगीता कुमार, नीरा लोहानी ने सुंदर नृत्य किया। इस क्रम में गीत मल्हार मैं गाऊंगी, मेरे आए सांवरिया गीत को रेखा चौधरी, पूनम पाण्डेय, शाहीन, रेनू जोशी, पम्मी मायर, मंजु विष्ट ने सुनाया। इसके साथ ही शक्ति श्रीवास्तव ने हमके सावन में झुलनी गढाई द पिया मशहूर कजरी गीत ने सुनाया। नृत्य के क्रम में सीमा भट्ट ने खत लिख दे सांवरिया के नाम बाबू गीत पर मनभावन नृत्य किया। इसके उपरांत मेरे है घुंघराले बाल चुटीला लम्बो लइये गीत पर विमला राव, नम्रता कुमार, आभा कुमार, मंजू विष्ट, कनक, गरिमा, नीरा, संगीता ने सुंदर नृत्य किया। फ्यूजन नृत्य की कड़ी में शाहीन खान, मंजू विष्ट, रेनु जोशी, पम्मी मायर, नीशू त्यागी, पूर्णिमा पाण्डेय ने चूड़ी मजा न देगी.... पर जोश से लबरेज नृत्य कर तालियां बटोरीं। सावन में मोरनी बनके मैं तो छम छम नाचू गीत पर नीता वर्मा ने प्रभावी नृत्य किया। निशा मिश्रा और श्रुति कीर्ति मिश्रा ने ओ भोले नाथ जी पर युगल नृत्य कर प्रशंसा लूटी। नृत्य क्रम को रचना मिश्रा और कविता मिश्रा ने आगे बढ़ाया। अंशिका त्यागी ने पीहू बोले गीत पर कथक आधारित जबरदस्त नृत्य प्रस्तुति देकर आयोजन को परवान चढ़ाया। दूसरी ओर लाली मिश्रा और संगीता पाण्डेय के संयोजन में विभिन्न गेम्स भी हुए। इस अवसर राना हर्बल की ओर से नेल हेल्थ पर उपयोगी जानकारी भी दी गई। सौन्दर्य प्रतियोगिता के सत्र में बेस्ट हेयर स्टाइल निशा मिश्रा ,बेस्ट ड्रेस लाली,बेस्ट स्माइल सीमा पंत ,बेस्ट पर्सनालिटी रचना,बेस्ट मेकअप निशु ,बेस्ट टैलेंट अंशिका ,बेस्ट डांस श्रुति बेस्ट मेंहदी शक्ति बेस्ट सुंदरी पूजा,बेस्ट कजरा कविता ,बेस्ट चूड़ी सिंगर वीमिला ,बेस्ट एक्सप्रेशन सीमा,बेस्ट सिंगर संगीता,बेस्ट आनार्मेंट और बेस्ट 60 नीरा,बेस्ट फुटवियर शाहीन,बेस्ट नेल्स मंजू को टाइटल अवार्ड भी दिया गया।

# कारगिल दिवस पर किया शहीदों को सलाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (एआईबी) तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक शहीदों को सलाम का प्रभावशाली मंचन किया गया । यह आयोजन सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, इंदिरा नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी पावन स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर समस्त उपस्थित जनों ने श्रद्धा, कृतज्ञता एवं सम्मान के साथ नमन किया ।

नुक्कड़ नाटक शहीदो को सलाम के माध्यम से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वयमसेवकों का उद्देश्य छात्र - छात्राओं को कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए वीर सैनिकों के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम से अवगत कराकर उन्हे यह संदेश देना था कि राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को कभी भुलाया नहीं जा सकता । स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी छात्र छात्राओ को भावविभोर कर दिया तथा वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया ।

हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने कहा कि, हम सबका यह कर्तव्य होना चाहिए कि हम न केवल शिक्षा प्राप्त करें, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास, बलिदानी दिवसों और राष्ट्रीय पर्वों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएँ । ह्यकारगिल विजय दिवसह्न जैसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि हमारी आजादी और सुरक्षा के पीछे न जाने कितने वीरों का बलिदान छिपा है । ऐसे वीर सपूतों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना हम सभी का नैतिक धर्म है । हमें चाहिए कि कम से कम एक मिनट का मौन रखकर उन अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करें, जिनकी वजह से हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं । शिक्षा के साथ-साथ यदि हम देशभक्ति, कृतज्ञता और संवेदनशीलता को भी आत्मसात कर लें तो यही सच्चे अर्थों में संपूर्ण शिक्षा है । वीरों के सम्मान में सिर झुकाएं, हृदय से श्रद्धांजलि दें और गर्व से बोलें भारत माता की जय।

# राहत : गोरखपुर-आसनसोल के बीच चलेगी विशेष ट्रेन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला में श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल मेला विशेष गाड़ी का संचलन 26 जुलाई को आसनसोल से तथा 27 जुलाई को गोरखपुर से एक फेरे के लिए किया जायेगा।

03527 आसनसोल-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी 26 जुलाई को आसनसोल से 21.00 बजे प्रस्थान कर चितरंजन से 21.30 बजे, मधुपुर से 22.25 बजे, जसीडीह से 23.05 बजे, दूसरे दिन झाझा से 00.30 बजे, किऊल से 01.07 बजे, मोकामा से 01.42 बजे, बख्यितयारपुर से 02.17 बजे, पटना जं. से 03.30 बजे, पाटलिपुत्र से 04.30 बजे, छपरा से 07.00 बजे, सीवान से 08.05 बजे तथा देवरिया सदर से 09.12 बजे छूटकर गोरखपुर 10.45 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 03528 गोरखपुर-आसनसोल मेला विशेष गाड़ी 27 जुलाई को गोरखपुर से 13.45 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 15.10 बजे, सीवान से 16.25 बजे, छपरा से 17.50 बजे, पाटलिपुत्र से 20.00 बजे, पटना जं. से 20.35 बजे, बख्यितयारपुर से 21.25 बजे, मोकामा से 22.07 बजे, किऊल से 23.47 बजे, दूसरे दिना झाझा से 00.55 बजे, जसीडीह से 01.30 बजे, मधुपुर से 01.55 बजे तथा चितरंजन से 02.47 बजे छूटकर आसनसोल 03.50 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान (अनारक्षित) के 20 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## डीआरएम ने किया लखनऊ-जैतीपुर रेलखंड का निरीक्षण



**लखनऊ।** मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को लखनऊ से जैतीपुर रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य संरक्षा मानकों की समग्र समीक्षा, परिचालन व्यवस्था में सुधार तथा यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाना था। निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने मार्ग में पड़ने वाले लेवल क्रॉसिंग, ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और संरक्षा संबंधित पहलुओं की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने हरौनी में चल रहे रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया और इसके कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद, जैतीपुर स्टेशन पर चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों का भी बारीकी से जायजा लिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने सिग्नल, रिले रूम, सिग्नल मेंटेनेंस के कार्य और अन्य संबंधित गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की और कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत चर्चा की। श्री वर्मा ने ठक्कार्य की प्रगति, संरक्षा उपायों और कार्यस्थल पर कार्यरत कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने एवं संरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। मण्डल रेल प्रबंधक ने कहा, यह ठक्कार्य रेल संरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके पूर्ण होने से इस खंड पर संचालन और अधिक सुरक्षित तथा सुगम हो सकेगा।

## बुद्धा पुष्कर हॉल्ट रेलवे स्टेशन अब होगा बुद्धा पुष्कर हाल्ट

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के बुद्धा पुष्कर हॉल्ट रेलवे स्टेशन के नाम में परिवर्तन किया गया है। बुद्धा पुष्कर हॉल्ट रेलवे स्टेशन के नाम को परिवर्तित कर बुद्धा पुष्कर किया गया है, जिसका कोड बी.पी.के.एच. है तथा जोधपुर मंडल के मेड़ता रोड बाइपास स्टेशन का नाम इस सूची में जोड़ा गया है जिसका कोड एम.टी.डी.बी. हैं।

## लखनऊ स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ स्टेशन द्वारा यात्रियों (वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, जरूरतमंद व्यक्ति) को डिप्टी एसएस कार्यालय से निःशुल्क व्हीलचेयर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री या उसके सहायक/ सहयात्री को अपना पहचान पत्र (आईडी) डिप्टी एसएस कार्यालय में जमा करके व्हील चेयर प्राप्त कर सकते है एवं व्हील चेयर का उपयोग करने के बाद इसे वापस ऊ/रर कार्यालय में सुपुर्द करके अपना पहचान पत्र पुनः प्राप्त कर सकते है, स्टेशन पर व्हील चेयर की उपलब्धता से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं असहाय यात्रियों को विशेष राहत मिलेगी एवं इनकी यात्रा भी आरामदायक बनेगी'

इसके अतिरिक्त लखनऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जन सुविधा केंद्र का संचालन भी किया जा रहा है इस जन सुविधा केंद्र के माध्यम से लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विभिन्न

### 'जन सुविधा केंद्र' के माध्यम से अनेक सुविधाएं उपलब्ध

सेवाएं यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही है ये सेवाएं नाममात्र शुल्क या निःशुल्क आधार पर प्रदान की जाती है। जिन सुविधाओं को प्रदान किया जा रहा है उनमें व्हील चेयर सुविधा झ यात्रियों को शुल्क के आधार पर व्हील चेयर की सुविधा प्रदान करना। हवाईअड्डा शैली का लगेज ट्रॉली झ स्टेशन/प्लेटफार्मों पर यात्रियों को शुल्क के आधार पर लगेज ट्रॉली उपलब्ध कराई जा रही है। टैक्सी सेवा झ भारतीय रेलवे के किसी भी स्टेशन पर यात्रियों को शुल्क के आधार पर टैक्सी सेवा प्रदान की जा सकती है। होटल/रिटायरिंग रूम बुकिंग झ भारतीय रेलवे के किसी भी स्थान पर शुल्क के आधार पर होटल या रिटायरिंग रूम बुकिंग की सुविधा। पर्यटन सूचना झ यात्रियों को निःशुल्क पर्यटन जानकारी उपलब्ध कराना। आवश्यक सेवाएं ऑन डिमांड यात्रियों की मांग पर दवाइयां, (ओटीसी) (बिना पर्चे के मिलने वाली दवाएंः. ये वो दवाएं होती हैं जिन्हें खरीदने के लिए डॉक्टर के पर्चे की जरूरत नहीं होती है.) सैनिटरी पैड, डायपर, छोटे बच्चों के लिए गर्म दूध आदि आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन वस्तुओं की आपूर्ति ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़े होने के दौरान की जाएगी। यह सेवा अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ?20/- सेवा शुल्क के साथ प्रदान की जाएगी, जिसकी पूर्व सूचना यात्रियों को दी जाएगी।

ऑनलाइन टिकट बुकिंग सहायता झ यात्रियों को उनकी व्यक्तिगत आईडी से आगामी/वापसी यात्रा हेतु ऑनलाइन टिकट बुकिंग में निःशुल्क सहायता प्रदान की जाएगी। खाद्य सामग्री ऑर्डर में सहायता यात्रियों को आई आरसीटीसी ऐप के माध्यम से भोजन ऑर्डर करने हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाएगा। घर से स्टेशन और वापसी के लिए ड्रॉप व पिकअप सुविधा झ यात्रियों को शुल्क के आधार पर घर से स्टेशन और स्टेशन से घर तक पिकअप एवं ड्रॉप सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

## कुलपति प्रो. आलोक राय ने किया ज्योतिष परामर्श केंद्र का लोकार्पण



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने ज्योतिष परामर्श केंद्र का लोकार्पण किया। इस परामर्श केंद्र का संचालन डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी द्वारा किया जाएगा। यह परामर्श केंद्र आम जनता के लिए ज्योतिष विषय से संबंधित किसी भी विषय पर ज्योतिष के वैज्ञानिक पद्धति से मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसमें मुख्य रूप से करियर, स्वास्थ्य, शिक्षा, विवाह, संतान प्राप्ति, भवन, विदेश यात्रा, जन्म पत्रिका निर्माण, प्रश्न कुंडली, हस्तरेखा एवं शारीरिक, मानसिक, आर्थिक तथा वास्तु संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी के साथ क्रिकेट अभ्यास ग्राउंड का भी लोकार्पण किया गया। इस टर्फ पिच पर छात्र अपना अभ्यास कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रो. मनुका खन्ना, प्रो अरविंद मोहन, प्रो राकेश द्विवेदी, डॉ आरबी सिंह, ज्योतिर्विज्ञान संकाय सदस्य डॉ. मुकुंद कुमार सिंह, डॉ. विष्णु शुक्ल, डॉ. अनुज कुमार शुक्ल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, छात्रा कोमल सिंह तथा अन्य कर्मचारी एवं लगभग 50 छात्र उपस्थित रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की हुई समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शनिवार को जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत हुयी। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वार विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की भी समीक्षा की गई।

बैठक में नए पोस्ट मार्टम हाउस का प्रपोजल तैयार कर सम्बन्धित अधिकारी को भेजने निर्देश दिए गए। साथ ही सभी स्वास्थ्य इकाइयों को जननी सेवा योजना (जेएसवाई) के तहत समय से भुगतान करने और केजीएमयू व रानी अवन्ती बाई जिला महिला अस्पताल को शत प्रतिशत भुगतान के निर्देश दिए गए।

बैठक में संज्ञान में आया कि राम मनोहर लोहिया और बलरामपुर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में गोसाईंगंज, मोहनलालगंज क्षेत्र से बच्चे कम रेफर हो रहे हैं। इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस को निर्देश दिए




कि सम्बन्धी क्षेत्र के बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) के माध्यम से अति गंभीर कुपोषित (सैम) और मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) बच्चों को रेफर कराया जाये। इसके अलावा सम्बन्धित क्षेत्र के चिकित्सा अधीक्षक और सीडीपीओ द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण कर सैम, मैम बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी में रेफरल कराया जाये।

उक्त के बाद बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुये काकोरी, मोहनलालगंज, नगराम, मोहनलालगंज और मलिहाबाद में तीन-तीन टीकाकरण सत्रों की समीक्षा और छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस पर (छाया-वीएचएसएनडी) में मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य और परिवार नियोजन सहित अन्य दी जाने वाली सेवाओं का आकलन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मोहनलालगंज, बक्शी का तालाब और इटौंजा ब्लाक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की उपस्थित कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाया जाये और टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की जाये।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार अपनी गतिविधियों को सम्पादित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.बी.सिंह, सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्या चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डीसीपीएम, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों, ,केजीएमयू, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, रानी अवन्ती बाई जिला महिला अस्पताल के प्रतिनिधि, सभी सीएचसी अधीक्षक, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी सहित अन्य सहयोगी संस्था जेएसआई, पाथ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बीपीसीआईएल के सहयोग से बीपीसीआईएल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान एवं पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शुक्ला ने की, जो आयोजन सचिव भी रहीं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सउबान सईद और समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ला रहे। इस अवसर पर सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), लखनऊ से आए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बीपीसीआईएल राष्ट्रीय छात्रवृत्तियों का वितरण रहा, जिसमें जीवन विज्ञान वर्ग के छात्रों को 10,000 तथा फार्मा वर्ग के छात्रों को 5,000 की नकद छात्रवृत्तियां दी गईं। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि केएमसीएलयू के बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी विभाग की एक छात्रा को भी जीवन विज्ञान श्रेणी में यह छात्रवृत्ति प्राप्त हुई, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## लविवि में एबीवीपी ने फूंका छात्र सभा का पुतला

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सदस्यता अभियान के तहत बीते दिनों चलाये गये ज्वाइन एबीवीपी कैंपेन को छात्र सभा द्वारा मिटाये जाने का आरोप लगाते हुए एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा त्वरित पुनः परिसर स्थित छात्र संघ भवन पहुंच कर ज्वाइन एबीवीपी लिखा गया। इसके



बाद एबीवीपी के तमाम कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए गेट संख्या एक से निकलकर गेट संख्या तीन पर छात्र सभा का पुतला दहन किया गया। एबीवीपी महानगर सहमंत्री जतिन शुक्ला ने कहा कि एबीवीपी वर्ष के 365 दिन छात्र हितों के लिए काम करती है। इसी क्रम में विद्यार्थी परिषद का वार्षिक सदस्यता अभियान प्रारंभ हुआ। छात्र सभा द्वारा ज्वाइन एबीवीपी का मिटाना घोर निंदनीय है। यही छात्र सभा एबीवीपी का अनुकरण कर हेल्प डेस्क और स्टडी सर्किल चलाने का प्रयास करती है लेकिन असफल रहती है, अब जब ये ऐसे सकारात्मक तरीकों से परिषद की बराबरी नहीं कर सके तो सदस्यता अभियान में अड़चन बन रहे हैं। इनके विरोध का मुंहतोड़ जवाब देकर एबीवीपी ये स्पष्ट करती है कि ऐसे नकारात्मक लोगों के कृत्यों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। इकाई अध्यक्ष प्रत्यूष पांडे ने कहा कि छात्र सभा का एक सूत्रीय कार्य समाज में अराजकता फैलाना है, वैचारिक अपंग ये लोग अगर अपने समर्थन में लिखते तो कोई विवाद की स्थिति नहीं बनती लेकिन इन्होंने अराजकता को चुनकर एबीवीपी का वाल कैंपेन खराब करने का कुंसित प्रयास किया लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र हित के लिए निरंतर प्रयास करने वाले संगठन के प्रति विद्यार्थी निरंतर जुड़ रहा है। वहीं ऐसे दूषित विचार के पोषक संगठन आज हाशिए पर आ चुके है। इस दौरान महानगर मंत्री शाश्वत राय, विवेक मिश्र, शिवम सिंह, विवेक सिंह, आकाश मिश्रा, अंकित पांडे, ऋषभ चतुर्वेदी, दिव्यांश अवस्थी, शशांक जयसवाल, अनुराग तोमर, उदय वीर, हर्षिका, अंकुर, कौस्तुभ, सौरभ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कारगिल विजय अदम्य साहसिक यात्रा : प्रो. संजय सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की स्थाई आयोजन समिति के तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तर पर कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. संजय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में आयोजित हुआ।

इस पर कुलपति ने कहा कि कारगिल विजय महज एक अभियान नहीं है, यह एक अदम्य साहसिक यात्रा है, जिससे प्रेरणा लेकर हम अपने इतिहास को आकार दे सकते हैं। यदि आप सेना के परिधान को पहनते हैं तो आपको यह अनुभव होने लगता है कि हम अपने देश के लिए कुछ भी कर सकते हैं लेकिन उसी समय अहसास भी होता है कि किसी गलती से इस यूनिफार्म पर कोई धब्बा न लग जाये। सेना के परिधान को पहनने के बाद राष्ट्र और समाज



के प्रति जो समपर्ण का भाव है उसको मैं कर्नल के रूप में अनुभव कर चुका हूं। इस क्रम में विश्वविद्यालय में बालिका एनसीसी यूनिट शुरू की जा चुकी है। अब हमारे विद्यार्थी भी सेना के परिधान को पहन कर इस गर्व का अनुभव कर सकते हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेना मेडल से सम्मानित कर्नल अजय पटियाल निदेशक, भर्ती मुख्यालय, लखनऊ ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा देना और उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक रहने की प्रेरणा देना किसी युद्ध से कम नहीं है। जहां दो देश की सीमाओ पर युद्ध होते हैं, वहां शिक्षक अनवरत रूप से एक निरंतर योद्धा की भांति कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। कर्नल अजय पटियाल ने सेना में अपने अनुभवों को साझा किये। स्थाई आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो पी राजीवनयन ने अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया और संचालन डॉ विजेता दुआ ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव रोहित सिंह ने किया।

## समाजवादी छात्रसभा ने मनाया संविधान मान स्तंभ दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आरक्षण दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय समाजवादी छात्र सभा ईकाई द्वारा संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष पर विश्वविद्यालय ईकाई ने संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और छत्रपति शाहू जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय संविधान व आरक्षण व्यवस्था को बचाये रखने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम समाजवादी छात्र सभा के ईकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार के देखरेख में हुआ। उन्होंने बताया कि आरक्षण सामाजिक न्याय की लड़ाई है और इससे सामाजिक गैर बराबरी दूर होगा। साथ ही विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में एसटी, एससी, ओबीसी के रिक्त शिक्षक के पदो को भरने की मांग उठाया। इस दौरान मुख्य रूप से समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव अक्षय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने



कहा कि आरक्षण विरोधी और पीडीए विरोधी सरकार को हम लोग लोकतांत्रिक तरीके से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हैं। छात्र नेता विपुल यादव ने बताया कि वर्षो से जिस वर्ग को हाशिए पर रखा गया। उस वर्ग को समानता दिलाने और मुख्य धारा में लाने का मार्ग माध्यम आरक्षण है। कार्यक्रम के दौरान छात्र नेता अविनाश यादव, ईकाई उपाध्याय शिवा यादव, आदित्य पांडे, धर्मेंद्र भार्गव, रोहित यादव, विकास पटेल, अक्षत, प्रभात राज, शिव पूजन, सत्यम राज पटेल, आयुष यादव, प्रशांत पाल, विनय, बलराम कुमार, अंबिकेश सिंह आदि छात्र मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की शौर्य गाथा का प्रतीक : ब्रजेश पाठक

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर में सैनिक सम्मान, संगोष्ठी और मशाल यात्रा हुई आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा वीर सैनिकों के सम्मान में सैनिक सम्मान, संगोष्ठी और मशाल यात्रा का आयोजन शनिवार को किया गया। हलवासिया कोर्ट में आयोजित संगोष्ठी के दौरान कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। नेताओं ने शौर्य और पराक्रम के प्रतीक सेनानी कर्नल अनिल जग्गी, सूबेदार एके सिंह चौहान, सूबेदार शिवकुमार मिश्र, किशोर डे और अरुण कुमार गुप्ता को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की शौर्य गाथा का प्रतीक है, जिसने दुश्मनों के छक्के छुड़ाकर उनको पीछे हटने पर मजबूर किया और भारत की अखंडता की रक्षा की। कारगिल युद्ध के शहीदों का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणा




स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में लगे जवानों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है और भाजपा सदैव वीर सैनिकों और उनके परिवारों के साथ खड़ी रही है। कारगिल विजय के समय देश के प्रधानमंत्री अटल जी की स्मृति को भी नमन करता हूं। हमारी सेना ने ऊंचाई से नीचे रहकर युद्ध किया फिर भी पाकिस्तानी सेना के छक्के उड़ानें का कार्य किया। भारतीय सेना के प्रति हमारा मस्तक झुका रहना चाहिए और उनका अभिनंदन करना चाहिए ऐसी भावना के साथ प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी और सरकार की अगुवाई में देश के वीर जवानों का हम अभिनंदन वंदन करते हैं।

राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि कारगिल तो बाद का विषय है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने देश के अंदर रहकर आजादी के समय से देश को बांटने का षड्यंत्र किया। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह सुरक्षित है और कोई भारत की 1 इंच जमीन भी लेने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले वीर बलिदानियों को नमन करते हैं। भारत माता की रक्षा करने वाले ऐसे सभी वीर सैनिकों पर गर्व है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा कारगिल योद्धाओ के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

वहीं, शाम को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महामंत्री अमित त्रिपाठी और अभिषेक गुप्ता की अगुवाई में मशाल यात्रा निकाली गयी। युवा मोर्चा द्वारा वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित मशाल यात्रा में अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, संकेत शर्मा, अभिषेक खरे सहित बड़ी संख्या में महानगर पदाधिकारी पार्षद, युवा मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## कारगिल विजय दिवस की वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आज एक श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक, उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण निगम के पूर्व निदेशक एवं पूर्व उपाध्यक्ष शिवकरण सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जिस अदम्य साहस, शौर्य और देशभक्ति का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गोष्ठी में उपस्थित पूर्व सैनिकों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीरगाथाओं को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय केवल एक सैन्य जीत नहीं थी, बल्कि यह राष्ट्र की एकजुटता, दृढ़ संकल्प और आत्मबल का प्रतीक है। शिवकरण सिंह ने सैनिकों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार को चाहिए कि पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के सम्मान और हित में ठोस कदम उठाए जाएं।



संक्षेप

## ट्रक की ठोकर से क्षतिग्रस्त हुई पुल के रेलिंग पर लगी जाली

**बरहज,देवरिया।** राम जानकी मार्ग पर कपरवार स्थित उग्रसेन सिंह सेतु पर ट्रक से रेलिंग पर आत्महत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगाई गई लोहे की जाली ट्रक की ठोकर से क्षतिग्रस्त हो गई। उग्रसेन सिंह पुल से दो ट्रक गुजर रहे थे। इसी दौरान पुल के दक्षिण तरफ की रेलिंग पर लगी लोहे ही जाली टूट गई। गनीमत रहा कि कोई वाहन पुल से नीचे नहीं गिरा। घटना के बाद कुछ देर के लिए पुल पर यातायात बाधित हो गया।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की कि पुल की मरम्मत जल्द कराई जाए और सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए जाएं। भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। इसके पूर्व तीन जाली चोरी हो चुकी है। उग्रसेन सिंह पुल से पूर्व में आए दिन राप्ती नदी में छलांग लगा कर लोग आत्महत्या कर ले रहे थे। जालियों के टूटने और चोरी हो जाने के कारण सुरक्षा को लेकर समस्या उत्पन्न हो गया है।

# डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



जिला संवाददाता

**देवरिया।** रविवार, 27 जुलाई को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने शनिवार को शहर के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर बालिका कॉलेज एवं एसएसबीएल इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की  इस बार जनपद में कुल 33 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और चिकित्सा सुविधा पूरी तरह दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।डीएम दिव्या मित्तल ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें और फ्लाइंग स्क्वॉड नियमित रूप से निगरानी करते रहें। परीक्षा में पारदर्शिता, गोपनीयता और शांति बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोकने हेतु निगरानी तेज कर दी गई है।

निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित केंद्र व्यवस्थापक, शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## परीक्षा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

कुशीनगर। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के आज जनपद के 18 केंद्रों पर आयोजित होने वाले परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के साथ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से उदित नारायण इंटर कॉलेज, एवं उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा व खिड़कियां सहित परीक्षा केंद्र पर सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया। इस संदर्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्था चाक-चौबंद हो, सीसीटीवी कैमरे का एंगल सही हो, कितने टेबल लगाए गए, कितने स्लिप लगाये गए आदि की जानकारी लेते हुए परीक्षा केंद्र पर साफ-सफाई व आधारभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पडरौना ऋषभ पुंडीर सहित अन्य सभी संबंधित मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में 35 शिकायतों का निस्तारण



**देवरिया।** आज जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 130 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 35 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## प्रख्यात साहित्यकार डॉ अरुणेश नीरन को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**देवरिया।** प्रख्यात साहित्यकार डॉ अरुणेश नीरन को आज उनके ब्रमभोज / श्रद्धांजलि सभा मे भारी संख्या में पहुचे साहित्यकारों, कवियों,जनप्रतिनिधियों,, शिक्षकों,समाजसेवियों ,पत्रकारों ने ने उनके व्यक्तित्व ,कृतित्व की चर्चा कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की गई ।कवि गिरधर करूँ,इंदु कुमार ,दिवाकर त्रिपाठी ,आशुतोष तिवारी ,चतुरानन ओझा , बरहज के विधायक दीपक मिश्रा शाका,पूर्व विधायक स्तय प्रकाश त्रिपाठी , पत्रकार पौहारी शरण राय ,कैप्टन वीरेंद्र सिंह,हरिश्चंद्र मिश्र,पवन कुमार मिश्र ,सौरभ मिश्र समेत बड़ी संख्या में डॉ नीरन के देवरिया खास स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से उन्हें सद्गति देने की प्रार्थना की गई ।

# दो होटलों में चल रहे अवैध देह व्यापार पर पुलिस के छापे

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के कसया पुलिस ने होटलों में चल रहे अवैध देह व्यापार के खिलाफ छापेमारी की कार्यवाही की। पुलिस के इस छापेमारी की कार्रवाई में दो होटलों से 16 लोग पकड़े गए। पुलिस ने इस मामले में देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा ।पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के होकथाम हेतु समुचित निर्देश दिये गये थे।

- 10 युवतियों और 6 युवकों सहित कुल 16 लोगों को किया गिरफ्तार
- पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के तहत दर्ज किया मुकदमा

जिसके क्रम में शुक्रवार की रात्रि में नायब तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी कसया के नेतृत्व में कसया पुलिस व महिला थाना की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार कराने वाले गैंग के विरुद्ध कार्यवाई की गयी। पुलिस की इस छापेमारी की कार्रवाई में होटल पर्ल और उत्सव मैरेज लान में अनैतिक कार्यो में संलिप्त 10 युवतियों एवं 06 युवको सहित कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार में 10 युवतियां विभिन्न शहरों के साथ श्याम वर्मा पुत्र श्रीचन्द निवासी राधे राधे मैरिज हाल के सामने कस्बा सहजनवा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर, अर्पित सिंह पुत्र बलिस्टर सिंह निवासी भैंसहा खास थाना कसया, अमित सिंह पुत्र केशव निवासी बनियापार थाना मदनपुर जिला देवरिया, धीरज मद्धेशिया पुत्र राम अधार मद्धेशिया निवासी कस्बा हाटा वार्ड- 21, राजन कुमार यादव पुत्र शिवनाथ साकिन नरकटिया खुर्द थाना कसया व अनिल पुत्र अमरजीत निवासी सबया थाना कसया शामिल है ।इस मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 0497 धारा 3/4/5/7 अनैतिक व्यापार अधिनियम दर्ज कर सभी को जेल भेजा। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि होटल संचालक नवीन सिंह सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उनसे पैसे लेता था और पुलिस की सूचना देने के लिए होटल में कर्मचारी को भी तैनात रखा था।

नवीन सिंह और सीपीएन राव इस संगठित नेटवर्क को चला रहे थे। जो फरार चल रहे है, जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

# कपरवार पुल के स्लैब में दरार, दुर्घटना की आशंका

जिला संवाददाता

**बरहज,देवरिया।** कपरवार राम जानकी मार्ग पर स्थित उग्रसेन सिंह सेतु के स्लैब के छोर में बड़े आकार के गैप बन गए है।

जिसकी वजह से यात्रियों के साथ ही वाहन चालकों में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। पुल पर दोनो तरफ जमा सिल्ट स्थिति को और भी खतरनाक बना रहा है।

हालात से वाकिफ विभाग की उदासीनता लोगों को परेशान कर रही है।

जनपद के साथ ही बिहार तक के वाहनों को बड़हलगंज, घोषी, मऊ, आजमगढ़, वाराणसी, प्रयागराज आदि को जोड़ने वाला उग्रसेन सिंह सेतु मरम्मत के अभाव में जर्जर हालत में है।

पुल के स्लैब के बीच का गैप बढ़ गया है। खतरनाक गैप से पुल के नीचे की जमीन नजर आने लगी है ।नीरज वर्मा, सुमित तिवारी, अभिमन्यु गुप्ता, पंकज पटवा, कृष्णा चौहान, राहुल साहनी, दिवाकर चौरसिया, जोगेन्दर यादव, मुकेश गुप्ता, विनोद सिंह, सुरज चौहान, फूलचंद, रामायण, रामाकांत गुप्ता, दौलत साहनी आदि का कहना है कि पहले भी पुल के स्लैब में दिक्कत आ चुकी है। जिसकी मरम्मत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। लंबे समय से मरम्मत नहीं किए जाने से हालात खराब होते जा रहे हैं।

यदि समय रहते समस्या पर ध्यान नही दिया गया तो कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

इसके साथ ही आवागमन बाधित होने की संभावना है। एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष ने बताया कि हाइवे निर्माण का कार्य चल रहा है।

पुल का भी मरम्मत किया जाना है। लंबे समय से मरम्मत नही होने से जोड़ के बीच गैप नजर आने लगता है।

## ग्रा प ए के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**देवरिया ।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के जिले में आज प्रथम आगमन पर जिला इकाई द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।रेलवे स्टेशन पर ग्रामीण पत्रकार स्टेशन के पदाधिकारियों ,सदस्यों द्वारा फूलमालाओं , द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष नागेन्द्रनाथ शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय समेत बड़ी संख्या में पहुचे सदस्य साथियो ने रेलवे स्टेशन से जिला पंचायत के डाकबंगले तक स्वागत किया ।प्रदेश अध्यक्ष गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के क्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटेलाल चौधरी,विंध्याचल मण्डल के अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के साथ देवरिया पहुंचे थे ।स्वागत करने वालों मेंडॉ हरिश्चंद्र मिश्र, मनिंदर नारायण सिंह,सिंघासन यादव,अश्वनी द्विवेदी ,प्रेमचन्द्र मिश्र, श्यामनारायण मिश्र,अवधनारायण मिश्र , पवन सिंह , सुरेद पांडेय ,रामू यादव ,दीपनारायण मणिआदि प्रमुख थे ।

## मंदिर के दो दानपत्र का ताला तोड़कर चोर रुपया निकाल कर हुए फरार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के हनुममानगढी मे स्थित शिव मंदिर के पास एक वर्ष से रखे दो दानपेटिका शुक्रवार की रात्रि को चोर ताला तोडकर दानपेटिका मे जो धन इक्टठा था चुरा ले गये ।बताया गया है कि शनिवार की सुबह दानपेटिका के टुटे ताले को देखकर मन्दिर के पास मुहल्ले सहित नगर के लोग आ गये ।मन्दिर समिति के लोगो द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया ।पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मौके का अवलोकन किया ।आस पास मे लगे सी सी कैमरा की जाँच किया ।एक सी सी कैमरे मे आधी रात को एक युवक दानपेटिका का ताला तोडते दिखाई दे रहा है । सी सी कैमरे के सहारे पुलिस चोर के नजदीक पहुँचने के लिए प्रयास कर रही है ।इस सम्बन्ध मे यह नही पता हो पाया है कि दानपेटिका मे एक वर्ष मे कितना धन था ।चोरी की घटना से मुहल्ले के लोग काफी चिन्तित व भयभीत नजर आ रहे है ।मन्दिर समिति द्वारा थाने मे तहरीर दे दी गयी है ।इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है ।पुलिस मौके पर जाकर छानबीन कर सी सी कैमरे की भी जाँच की जिसमे एक व्यक्ति दानपेटिका से चोरी करते देखा गया है ।सी सी कैमरे को लोगो से दिखाया जा रहा है कोई अब तक पहचान नही कर सका ।अब तक इस सम्बन्ध मे लिखित तहरीर नही मिली है ।लेकिन पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

## बरहज में बिस्मिल समाधि स्थल पर कारगिल शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**बरहज ,देवरिया।** शनिवार को स्थानीय नगर के आश्रम स्थित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की समाधि स्थल पर पहुंच कर कारगिल युद्ध के शहीदों को याद किया ।कांग्रेसियों ने पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन के नेतृत्व में आश्रम परिसर स्थित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कारगिल दिवस पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा कि जिस बहादुरी व दिलेरी के साथ देश के वीर जवानों ने पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में धूल चटा दिया वह हम सबके लिए गौरव का विषय है ।उन वीर जवानों के अदम्य साहस ,शौर्य व बलिदान का पूरा देश सदैव ऋणी रहेगा। आज पूरा राष्ट्र इनको नमन कर रहा है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता रामजी गिरि ने कहा कि यह दिन हम अपने देश के वीर जवानों की याद में मानते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को दुश्मनों से आजाद कराया। हमें अपने सैनिकों पर गर्व है।

कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद,पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, जयदीप त्रिपाठी, भारत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार,ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, मारकंडे मिश्र, शिव शंकर सिंह, आनंद श्रीवास्तव सोनू,राकेश तिवारी, आनंद शंकर, मानवेंद्र तिवारी,अवधेश यादव, जितेंद्र जायसवाल,मनोज मणि त्रिपाठी, सोहेल अंसारी, डा. रमेश कुशवाहा,प्रेमलाल भारती,धर्मेंद्र कुमार पांडेय, पन्नालाल पाठक, विजय नेता,संदीप पांडेय, जावेद अली आदि शामिल रहे।

# वीरता और शौर्य का प्रतीक है कारगिल विजय दिवस : सूर्यप्रताप शाही




**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत सभागार में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया तथा भूतपूर्व सैनिकों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया ।इस अवसर पर कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने एस पी ऑफिस के निकट स्थित सैनिक भवन में शहीद स्थल पर दीपक जलाकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, साहस और वीरता का प्रतीक है । 1999 में भारत के बहादुर सैनिकों ने लद्दाख के उत्तरी कारगिल जिले की पहाड़ियों की चोटियों पर पाकिस्तानी सेना को उनके कब्जे से खदेड़ दिया था। शुरूआत में, पाकिस्तानी सेना ने युद्ध में अपनी संलिप्तता से इनकार किया और दावा किया कि यह कश्मीरी उग्रवादियों के कारण हुआ था। कारगिल युद्ध लगभग 1 महीने तक चला ।शुरूआत में, घुसपैठ की प्रकृति और सीमा के बारे में कम जानकारी के साथ, क्षेत्र में भारतीय सैनिकों ने यह मान लिया कि घुसपैठिए जिहादी हैं और घोषणा की कि वे उन्हें कुछ दिनों के भीतर बाहर निकाल देंगे। बाद में नियंत्रण रेखा पर अन्य जगहों पर घुसपैठ का पता चलने और घुसपैठियों द्वारा नियोजित रणनीति में अंतर के कारण भारतीय सेना को यह एहसास हुआ कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर थी। आपरेशन विजय नाम से 26 जुलाई, 1999 को पाकिस्तानी सेना के सैनिकों को उनके कब्जे वाले स्थानों से बेदखल करने के साथ आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया, इस प्रकार इसे कारगिल विजय दिवस के रूप में चिह्नित किया गया ।जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने कारगिल के घुसपैठियों के विरुद्ध भारतीय सेना को खुली छूट देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया । 71 के बाद 1999 में भारत के सैनिकों ने एक बार पुनः साबित कर दिया कि शौर्य और पराक्रम में भारत के सैनिकों को कोई हर नहीं सकता है । मैं उन सभी शहीद और बहादुर सैनिकों को नमन करता हूं ।जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि कारगिल युद्ध एक विशेष परिस्थितियों में हुआ था जिसमें भारतीय सैनिक पहाड़ की ऊंचाइयों पर बैठे पाकिस्तानी घुसपैठियों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करते हुए भारत की सीमा से बाहर खदेड़ने का कार्य किया था। इस युद्ध में 527 सैनिक बलिदान हो गए थे तथा लगभग 1200 सौ सैनिक घायल हुए थे ।

गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया तथा कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सभासद वीरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णानंद पाठक, पूर्व जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय, रामाशीष प्रसाद, अंगद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, रविंद्र कौशल, गंगा शरण पांडे, नीरज शाही, अंकुर राय, अजय उपाध्याय, प्रभाकर तिवारी, बिजेंद्र कुशवाहा, सी पी सिंह, मुकुल मणि त्रिपाठी, पवन मिश्रा, त्रिपुनायक आदि उपस्थित रहे।

## अपहरण व पास्को एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** अपहरण एवं पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को तमकुहीराज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वांछित पुलिस को चकमा देकर पिछले एक माह से फरार चल रहा था।

शनिवार को थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि अपहरण एवं पास्को एक्ट में वांछित एक आरोपी कही भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर सक्रिय हुई तमकुहीराज पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने नाबालिग युवती को छुड़ा कर उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि कोइंदी बुजुर्ग निवासी आरोपी निखिल रावत अपहरण एवं पास्को एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

## सोशल मीडिया पर असलहा लहराना पड़ा भारी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सोशल मीडिया पर अवैध असलहा लहराते हुए वीडियो एवं फोटो वायरल करना एक किशोर को महंगा पड़ गया। मामला संज्ञान में आने के बाद तमकुहीराज पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कारवाई से आरोपी के परिजनों में हड़कंप की स्थिति रही।

तमकुहीराज थानाक्षेत्र के गाजीपुर निवासी एक किशोर का असलहा लहराते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चचाएं होने लगी। वायरल वीडियो का मामला तमकुहीराज पुलिस के संज्ञान में आने के बाद हरकत में आई तमकुहीराज पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। शनिवार शाम पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला का कहना है कि मामले में बाल अपचारी को जेल भेजा गया है।

# कारगिल विजय दिवसः रोटरी क्लब ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान




जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** कारगिल विजय दिवस की पावन स्मृति में शनिवार की शाम रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा कुशीनगर स्थित कुशीनगर ब्लड बैंक परिसर में भूतपूर्व सैनिकों का गरिमापूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश सेवा में अपने साहस और समर्पण का परिचय दे चुके वीर पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर क्लब ने राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश की ।सम्मानित होने वालों में सूबेदार हरेंद्र राय, हवलदार राजेश राव, हवलदार यशवंत राव, हवलदार विनोद कुमार सिंह एवं हवलदार सतेंद्र राय शामिल रहे। सभी पूर्व सैनिकों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने अपने सैन्य सेवाकाल के अनुभवों को सबके साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विषम परिस्थितियों में भी वे देश सेवा के लिए समर्पित रहे और कैसे कारगिल युद्ध ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर सूबेदार हरेंद्र राय ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे वीर जवानों ने कैसे अदम्य साहस के साथ मातृभूमि की रक्षा की। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के सह संरक्षक रोटेरियन वाहिद अली ने किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर शहीदों और वीर जवानों के प्रति श्रद्धा प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। यह आयोजन समाज में सेना के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल करता है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब समाजसेवा के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है। वीर सैनिकों को सम्मानित कर हम खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह आयोजन युवा पीढ़ी को देशभक्ति का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार ज्ञापन सचिव विजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में दिनेश यादव, दुर्गेश चतुवेर्दी, विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, हेमंत गर्ग, राजीव तिवारी, अरुण वर्मा, अमित कुमार श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, विजय सिंह, सत्येंद्र राय, वैभव राव, दीपेश सिंह एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## दीपदान कर कारगिल शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**कुशीनगर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शनिवार की शाम को कसया नगर स्थित शहीद स्मारक पार्क में कारगिल शहीदों की स्मृति में अनवरत 19 वें वर्ष दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान कारगिल शहीद अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारों से पार्क गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का प्रारम्भ शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन एवं समापन मौन श्रद्धांजलि व राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान राष्ट्र भक्ति को दर्शाती रंगोली ने लोगों को आकर्षित किया ।कार्यक्रम बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया।

## थाई महाराजा के जयंती के उपलक्ष्य में भिक्षुओं और उपासकों ने किया पूजन



**कसया, कुशीनगर।** थाईलैंड के महाराजा वजीरालोंग कॉर्न दसवें के 73 वें जयंती के उपलक्ष्य में भिक्षु बने 203 भिक्षुओं और उपासकों का दल कुशीनगर पहुंचा ।थाई महाराजा की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर भारत आए थाई समूह में शामिल सौ से अधिक नागरिकों ने 18 जुलाई को बोध गया में बौद्ध धर्मगुरु फ्रा थेप बोदियोंग के समक्ष धम्म दीक्षा ली। शुक्रवार व शनिवार भारत नेपाल के धम्म दूत/थाई बुद्ध बिहार, कुशीनगर के प्रमुख भिक्षु फ्रा राजबोधि विदेस बज्र मुनि के निर्देशन में भिक्षु और उपासक सहित डॉ कितिफान, भंते पी पविन, पी नरोंग, अचान अनुवत, भंते छलम चात मुख्य महा मंदिर पहुंचे और पूजन किया। इसके बाद माथा कुंवर मंदिर, मुकुट बंधन चैत्य, धातु वितरण स्थल पर पूजा और बुद्ध की आराधना की। थाई भिक्षु और उपासकों ने थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क दवा वितरण का शुभारंभ किया। थाई मंदिर के भिक्षु फ्रा बोधिविदेशवाजीरासिरी ने बताया कि 27 जुलाई दिन रविवार को थाई महाराजा के जयंती पर विशेष कार्यक्रम होगा। इस दौरान संतोष चौबे थाई कोऑर्डिनेटर, मनीष सिंह, अभिषेक गोंड, मुकेश कुमार, राजा कुमार, धनंजय कुमार, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि ने सहयोग किया।

संक्षेप

## कारगिल विजय दिवस पर निकाला मशाल जुलूस

उन्नाव। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के कैंप कार्यालय से बड़ा चैराहा उन्नाव तक मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में भारत माता की जय एवं शहीदों की जय के नारे लगाए गए और शहीदों कोन नमन कर सैनिकों के शौर्य का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन है। 1999 में मई के महीने में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने अवैध तरीके से नियंत्रण रेखा को पार कर भारतीय पोस्टों पर कब्जा कर कायराना हरकत की थी। ऑपरेशन विजय चला भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया था। जब जब भाजपा सरकार होती है तब तब पाकिस्तान के षड्यंत्र को विफल किया जाता है और उसे मुंहतोड़ जवाब भी दिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक होती है। स्ट्राइक कर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया जाता है।

## उपभोक्ताओं ने बिजली घर का किया घेराव

पहला (सीतापुर)। विद्युत उपकेंद्र सरैंया कादीपुर में एक सप्ताह से ट्रिपिंग और रोस्टिंग के कारण परेशान उपभोक्ताओं ने शुक्रवार को पावर हाउस पंहुच कर घेराव किया। उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति में दिन में 6 घंटे से अधिक समय रोस्टिंग का निकल जाता है। इसके अलावा बिजली के आने जाने का कोई भरोसा ही नहीं रहता है। सिकंदराबाद एवं सरैंया बाजार के बिजली उपभोक्ता शुक्रवार को उपकेंद्र सरैंया कादीपुर पंहुच गए। यहां खुली धूप में जमीन पर बैठ गए और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग के साथ ही सिकंदराबाद को बिलौली फीडर से हटाकर सरैंया फीडर से संबद्ध करने की मांग करने लगे। विभाग के विरोध में नारे भी लगाए। समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए अधिशासी अभियंता को संबोधित एक प्रार्थना पत्र भी उपस्थित जेई संतोष कुमार सिंह को दिया। इस मौके पर अश्वनी वर्मा, काशीराम, राजकुमार, रामेंद्र, श्रीचंद, हिमांशु श्रीवास्तव, विनय यादव, मुकेश , रामगोपाल, मिथुन कुमार, गौरव आदि उपस्थित रहे।

## वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। जिले के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में एक वृद्ध ने आम की बाग में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार ग्राम बौधनी मजरा तेलियानी निवासी 75 वर्षीय विक्रम सिंह ने दोपहर लगभग 12 बजे पंचवटी आश्रम के समीप अपने आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब पड़ोस के खेत में काम कर रहे एक किसान ने पेड़ से शव लटका देखा। उसने तुरंत इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में चले ईंट पत्थर

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर में शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते ईंट पत्थर चलने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जिसे लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पक्ष से शाहिद, मसरूद्दीन और हेमा ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं दूसरे पक्ष से राहुल अंसारी और नसरीन ने भी मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। शुक्रवार को हुई इस घटना में दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि विवाद गांव के रास्ते को लेकर हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीरों के आधार पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो के आधार पर दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, ।

# चंडीगढ़ विवि.का नया कैंपस देगा जिले को नये आयाम

अविनेश मिश्र




उन्नाव। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकासखंड नवाबगंज में स्थापित पहली एआई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के नए सत्र का शुभारंभ बटन दबाकर किया। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन और गैलरी का अवलोकन कर एआई की नवीन तकनीकी उपकरणों के संचालन की प्रक्रिया को जाना साथ ही यूनिवर्सिटी के डिजिटल मॉडल का भी अवलोकन कर जानकारी ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यूनिवर्सिटी परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्ष रोपितकर हरित पर्यावरण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के नए सत्र 2025 26 के पहले बैच का बटन दबाकर शुभारम्भ किया। नये सत्र में प्रवेश कर रहे छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं प्रदान की। उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय जनपद उन्नाव में अवश्य ही एक नई मजबूती और इन्फ्रास्ट्रक्चर एआई की नवीन डिजिटल तकनीकी के साथ नए आयाम को गढ़कर राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दे सकेगा।

युवाओं के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा सकेगा। उन्होने कहा कि यह यूनिवर्सिटी भारत की निजी क्षेत्र की पहली एआई तकनीक से सुसज्जित यूनिवर्सिटी है जो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निकट जनपद उन्नाव में स्थापित हुई है। कहा कि यह शिक्षा में नई तकनीक लाने वाली निजी क्षेत्र की पहली एआई मल्टीडिस्पलिनरी यूनिवर्सिटी है। उन्होने कहा कि उन्नाव जनपद का नाम प्राचीन काल से भी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक साहित्यिक, कलाओं कौशल और करिश्माई अंदाज के लिए जाना जाता रहा है।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के नये कैंपस का प्रारंभ होने से और ही जनपद को नए आयाम मिल सकेगें। कहा कि यह धरती अनेक पवित्र स्थल और हमारी विरासत को संजोकर आगे बढ़ा रही है, चंद्रिका देवी मंदिर, सहस्त्रलिंगेश्वर मन्दिर, लवकुश मन्दिर परियर, जानकी कुण्ड तथा बौद्व कालीन संचानकोट, कुशेहरी देवी मन्दिर सहित उन्नाव जनपद का नवाबगंज पंक्षी बिहार जनपद को नई पहचान दिलाता है। जनपद उन्नाव में ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के छक्के छुड़ा दिया था। कहां यह जनपद समय-समय पर अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां को गढ़ा है साहित्यकारों की लंबी परंपरा इस जनपद में रही है भगवती चरण वर्मा, राम विलास शर्मा, शिवमंगल सिंह सुमन, प्रताप नारायण मिश्र, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे साहित्यकारों ने देश में जनपद को साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला, विधायक सदर पंकज गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, एमएलसी अरुण पाठक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, मंडलायुक्त रोशन जैकब, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक गण एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्टाफ गण आदि मौजूद रहे।

## गर्मी में बिजली गुल, बीमारी का खतरा बढ़ा

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र के उदनापुर चौराहे पर पिछले दस-बारह दिनों से बिजली गुल है। क्षेत्र का ट्रांसफॉर्मर खराब होने से स्थानीय निवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। साथ ही विद्युत उपकरण सहित मोबाइल शो पीस बने हुए हैं। बाहर निकलने वाले लोग तो कहीं से अपना मोबाइल चार्ज कर लेते हैं। शेष लोगों के मोबाइल बेकार पड़े हुए हैं। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से लोगों को बीमारी का भी खतरा बढ़ गया है लेकिन बिजली विभाग मौन है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम उदनापुर में दस दिनों से



ट्रांसफॉर्मर खराब है और ग्रामीणवासी अंधेरे में रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार 1076 सहित हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा बिजली विभाग के अधिकारियों से भी कई बार संपर्क किया गया। लेकिन हर बार सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिला है। जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। समुचित विद्युत आपूर्ति के अभाव में स्थानीय लोगों को अवांछनीय तत्वों का डर सता रहा है लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर को बदला नहीं जा रहा है। इस मामले में अधीक्षण अभियन्ता से जब इस समस्या को लेकर बात की गई। तो उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। गर्मी के मौसम में बिजली की अनुपस्थिति से लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंखे और कूलर न चलने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है।

## सीएमओ ने दो स्टाफ नर्सों को किया स्थानांतरित, अधीक्षक को थमाया नोटिस

हरगांव (सीतापुर)। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियों का स्वतः संज्ञान लेकर स्वास्थ्य मंत्री उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर को अविलंब निर्देशित करते हुए तत्काल कार्रवाई करने के लिए हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां मुख्य चिकित्साधिकारी ने पहुंचकर जांचोपरांत अधीक्षक को नोटिस थमाते हुए दो स्टाफ नर्सों का अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक प्रसूता मीना पत्नी सरोज निवासी बेहड़पातू को एक



दिवसीय बच्चा के साथ जमीन पर लेटे हुए वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो गया। तीन दिनों से वायरल वीडियो का स्वतः संज्ञान लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेश कुमार को तत्काल मामले का संज्ञान लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव पहुंचकर जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिये। स्वास्थ्य मंत्री के आदेश पर गुरुवार को जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी ने हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंच कर मामले की जांच की। तथ्य सही पाए जाने पर जांचोपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा. संजय सिंह गौर को कारण बताओ नोटिस थमाते हुए कार्यरत दो स्टाफ नर्स राजविंदर कौर व संगीता का तबादला क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेउसा व बंभौरा कर दिया। गौरतलब रहे कि गत दिनों हरगांव क्षेत्र की एक महिला के एक बच्चा हुआ था। जिस महिला का वार्ड के बाहर जमीन पर लेटे हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हुआ। जिसका स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## नपाप के उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

सीतापुर। जिले की दो नगर पालिका परिषद के उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है इसी क्रम में महमूदाबाद नगर पालिका के लिए प्रत्याशी संजय वर्मा ने निवर्तमान सांसद व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि इस बार महमूदाबाद नगर पालिका क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलने जा रहा है और महमूदाबाद नगर में विकास का रास्ता खुलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि संजय वर्मा विकास पुरुष बनकर महमूदाबाद नगर का कायाकल्प करेंगे। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने बताया कि महमूदाबाद नगर पालिका क्षेत्र इस बार भगवामय होने जा रहा है और यहां की जनता संजय वर्मा के रूप में कमल खिलाने जा रही है। उन्होंने आए हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से चुनाव में लगकर चुनाव जीतने का आवाहन किया। महमूदाबाद विधायिका आशा मौर्य ने भी नामांकन में मौजूद रहकर सभी से संजय वर्मा को मजबूत करने का आवाहन किया। इस अवसर पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, सिधौली विधायक मनीष रावत, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा सहित नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही मिश्रिख नगर पालिका परिषद के उपचुनाव के लिए भाजपा की प्रत्याशी सीमा भार्गव ने भी अपना नामांकन दाखिल किया एवं अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही सीमा भार्गव ने क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एमएलसी एवं सभापति प्रशासनिक एवं वित्तीय विलंब समिति पवन सिंह चौहान, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे, भाजपा नेता मुनींद्र अवस्थी ने क्षेत्र की जनता से सीमा भार्गव के लिए जन समर्थन मांगा। रोहित सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, जया सिंह, अजय भार्गव आदि उपस्थित रहे।

## बिना नक्शा के हो रहा निर्माण, पुराना नाला पाटकर कर लिया कब्जा



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिले में बिना नक्शे के नए निर्माण होना अब आम बात बन गयी है। इसके पीछे की मुख्य वजह कही न कही नगर पालिका व यूएसडीए के सुस्त अधिकारी भी बताए जा रहे है। लोगों का मानना है कि अगर यह अधिकारी समय रहते माके पर पहुंच जाए। तो कार्यवाही तुरंत होगी। मनमानी पर लगाम लग सकेगी। लेकिन ऐसा होता नही है। अधिकारी शिकायत के भरोसे कहीं न कहीं गलत करने की मूक सहमति दे देते हैं। अगर ऐसा न होता तो शहर के बीच में एक नवनिर्माण बिना किसी नक्शे के न हो रहा होता।

जानकार बताते है कि उक्त निर्माण के पीछे बड़ा नाला बना हुआ था जिसे निर्माणकर्ता ने पाट कर अपने परिसर में मिला लिया है। जब कि आस पास के घरों के पीछे वह नाला आज भी अपने अस्तित्व की गवाही दे रहा है। मामला शहर क्षेत्र के अंतर्गत छोटा चौराहा निकट इलाहाबाद बैंक के पास का बताया जा रहा है। जहां पर कृष्णा इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर्स के मालिक ने एक मानक विहीन निमार्ण करवा रहा है। जानकारी यह भी मिल रही है कि उक्त निर्माण में मानकों की घोर अनदेखी की गयी है। पीछे स्थित पुराना नाला तक अधिकारियों की सुस्ती के चलते पाट दिया गया है। सूत्र यह भी बताते है कि उक्त व्यवसायी को एक माह पूर्व ही नोटिस दी गयी थी। इसके बावजूद निर्माण कार्य रुकवाया नही गया। इससे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खडे होते है। वहीं मामले में यूएसडीए एई ने बताया कि अगर नोटिस दी गयी है इसके बावजूद न रुकने पर सील करने की कार्यवाही की जाएगी।

### क्या बोले यूएसडीए सचिव/ एसडीएम

मामले में जब यूएसडीए सचिव नवीन चंद्रा से बात की गयी तो उन्होने बताया कि अभी वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में है। मामले की जानकारी करके वह सोमवार को दिखवाएंगे। गलत निकलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## संबंधित अधिकारी दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने का प्रयास करें: डीएम



सिधौली (सीतापुर)। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली सिधौली में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। आपसी विवाद के तीन प्रकरणों में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों से वार्ता की तथा मौके पर ही सहमति कराते हुए मामले निस्तारित कराए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने का प्रयास करें। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। ?सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण अवश्य दर्ज किया जाये तथा समस्त अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो अलग-अलग चोरियों का किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6,350 रुपये नकद बरामद किए हैं। एक घटना 19 जुलाई को हुई थी। हाईवे स्थित मदारीपुर के जनता ढाबा पर खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर चोर लैपटॉप, नकदी और अन्य सामान चुरा ले गए थे।

पीड़ित गौरव कुमार राय, लखनऊ के राजाजीपुरम निवासी ने अगले दिन हाइवे किनारे से अपना कुछ सामान बरामद कर लिया था। लेकिन नकदी गायब थी। दूसरी घटना जून माह की 26 तारीख को हुई थी। रमदाना गांव निवासी सिराज की रमदाना बाजार स्थित दुकान का शटर काटकर चोरों ने लगभग 20 से 50 रुपये की रेजगारी चोरी की थी। इस घटना में अन्य कोई सामान चोरी नहीं हुआ था। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि दोनों मामलों की जांच में उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह और आरक्षी अभय कुमार की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके आधार पर उसके पास से कुल 6,350 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में राहत और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों की शौर्य गाथा याद की

पाटन, उन्नाव। अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की शौर्य गाथा को याद करते हुए 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई।



इस अवसर पर कारगिल युद्ध में द्रास सेक्टर में शहीद हुए बीघापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बजौरा निवासी अमर शहीद बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके पैतृक गांव बजौरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह व क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने शहीद अमर बहादुर सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कारगिल युद्ध की वीर गाथा का विस्तृत उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए भारतीय सेना ने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया था, जिसमें अमर बहादुर सिंह जैसे कई रणबांकुरों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ए.के. दीक्षित, हवलदार राजेश कुमार मिश्र, सूबेदार मेजर व कोषाध्यक्ष ललित कुमार कुशवाहा, जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अतुल मिश्रा, सदस्य जयराम, वीरेंद्र कुमार, रामभरोसे सिंह सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे। शहीद अमर बहादुर सिंह के पिता मनमोहन सिंह, पुत्र अजय सिंह समेत उनके परिजन भी इस भावुक क्षण में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर शहीद को नमन किया।

## अस्पताल में आंख का इलाज कराना है तो सोच विचार कर आयें

उन्नाव। जिला अस्पताल में नेत्र रोग विभाग में व्यापक अव्यवस्था देखी गई। अस्पताल में आंख का इलाज कराना है तो इत्मीनान से सोच विचार कर लीजिए। क्योंकि इसके लिए आपको घंटों इंतजार करना पड़ सकता है। या फिर मायूस होकर लौटना भी पड़ सकता है। ऐसा इसलिए कि यहां तैनात तीन नेत्र चिकित्सकों में डॉ संजीव कुमार की सप्ताह में तीन दिन ओपीडी रहती है। मंगलवार, गुरुवार, और शनिवार लेकिन वो अपने ओपीडी कक्ष में नहीं पहुंचते। क्योंकि उनसे सवाल जवाब करने की हिमाकत कौन करेगा। सूत्रों की मानें तो इनकी की मूल ड्यिूटी यूं ही कागजों पर चल रही है। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की समस्या बढ़ती चली जा रही है। सबसे ज्यादा समस्या यहां नेत्र रोगियों को झेलनी पड़ती है। दूर दराज से आए आंख के रोगी मरीजों को डॉ फैजल जुबैर नियमित रूप से ओपीडी करते हैं साथ में जरुरतमंदों का ऑपरेशन भी करते हैं। वहीं जब डॉ फैजल जुबैर की ओटी होती है। तब उनके कक्ष में वरिष्ठ परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा मरीजों को देखते हैं। वहीं दूसरे नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार न सिर्फ अपने कर्तव्य से विमुख हैं बल्कि परोक्ष रूप से मरीजों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उनके पास अस्पताल के डिप्टी सीएमएस चार्ज होने के चलते उनकी मनमानी पूरे सबाब पर है। जिसका नतीजा यह है कि डॉ फैजल जुबैर की ओटी के दिन वरिष्ठ परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा भी पूरे मरीजों को नहीं देख पाते हैं। पहले नंबर आ जाए इसके लिए मरीजों में अक्सर धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। यही नहीं कई बार ऐसा हो जाता है कि मरीजों की भीड़ लगी रहती है और ओपीडी का निर्धारित समय बीत जाता है। ऐसे में दूर दराज से आए मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

### क्या बोले सीएमएस

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि इस समय मेडिकल का कार्य ऑफिस में अधिक होने से नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार ओपीडी नहीं कर रहें हैं। जल्द ही दूसरे को मेडिकल का चार्ज देकर नेत्र चिकित्सक अपने निर्धारित दिन की ओपीडी करेंगे।

## समीक्षा अधिकारी परीक्षा केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

सिधौली (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 को लेकर प्रशासन सतर्क दिखा। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कस्बा स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों की प्रवेश के समय गहन जांच की जाए और क्लॉक रूम की व्यवस्था भी समुचित रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्र में पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी करने तथा केंद्र पर नियमों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण में उपजिलाधिकारी राखी वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण व शुचितापूर्ण संपन्न हो

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारीध्सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर, आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर, आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज सीतापुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल सीतापुर, राजा बहादुर डा0 सूर्य बख्श इंटर कालेज कमलापुर, गांधी विद्यालय इंटर कालेज सिधौली का निरीक्षण किया।



उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मानकों के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी व्यवस्थाओं का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि परीक्षा के दिन सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी व अन्य कार्मिक समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, क्लॉक रूम की व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश के समय गहन जांच की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, कक्ष निरीक्षकों के प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की। साथ ही संबंधित स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में फीडबैक भी लिया। ?जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की सुचिता को पूरी तरह सुनिश्चित किया जाये तथा सभी प्रक्रियाओं में लोक सेवा आयोग के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन किया जाये। अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान गहनतापूर्वक जांच अवश्य करायी जाये। क्लॉक रूम का भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। ?निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि परीक्षा केन्द्र के आस-पास सभी साईबर कैफे एवं फोटोकापी की दुकानें नियमानुसार बन्द रहेंगी। उन्होंने सभी केन्द्रों व्यवस्थापकों से अपेक्षा की कि आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें। ?निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक भी उपस्थिति रहे।

संक्षेप

## पुल से युवती ने केन नदी में लगायी छलांग, तलाश जारी

**बांदा।** केन नदी में बने श्योंढ़ा पुल से शनिवार को एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। घटना के दौरान कुछ मौजूद ई-रिक्शा चालकों ने युवती को नदी में कूदने से रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन उसने किसी की नही सुनी और उन्हे धमकाकर केन नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाने वाली युवती की अभी तक पहचान नही हो पाई है। पुल पर युवती का दुपट्टा और चप्पल मिले हैं इन्हे पुलिस ने सुरक्षित रख लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही गिरवां थाना प्रभारी सी पी तिवारी पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने युवती की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम को बुलाया। केन नदी में गोताखोर युवती की बरामदगी के लिए प्रयास कर रहे हैं। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है जिससे नदी में छलांग लगाने वाली युवती की पहचान हो सके। समाचार लिखे जाने तक गोताखोरों के हाथ खाली हैं।

## नेहरूनगर के घरेलू नलों में नहीं आ रहा पानी

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में विगत एक सप्ताह से घरेलू नलों में पानी न आने से पेयजल संकट गहरा गया है। जिसके चलते मोहल्लेवासी पेयजल की एक बूंद के लिए परेशान दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार मोहल्ला नेहरू नगर स्थित पानी की टंकी से सुबह शाम दोनों समय घरेलू नलों के माध्यम से नल उपभोक्ताओं को पेयजल मुहैया कराया जा रहा है किन्तु विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते विगत एक सप्ताह से किसी भी नल में एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है जिसके चलते मोहल्लेवासी में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। भले ही इन दोनों भारी बरसात के चलते जगह-जगह पानी ही पानी दिखाई दे रहा है फिर भी घरेलू नलों में पानी न आने से लोगों के सामने भारी पेयजल संकट पैदा हो गया है। ऐसा नहीं है कि इस संबंध में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी ना हो बावजूद इसके इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस दिन प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी जनपद में आए थे उसी दिन शहर के लोगों द्वारा घरेलू नलों में आ रहे गंदे पानी की सप्लाई के पानी को बोतलों में भरकर प्रभारी मंत्री को दिखाया गया था उसके बाद जल संस्थान द्वारा घरेलू नलों में साफ तो नही दिया गया लेकिन नेहरु नगर की पेयजल आपूर्ति ही ठप्प कर लोगों को शिकायत करने का सबक सिखा दिया गया जिसपर जिलाधिकारी को अविलम्ब संज्ञान लेने की जरूरत है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये गये निर्देश

ललितपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। सीडीओ द्वारा निर्देशित किया गया कि टीकाकरण सत्र का प्लान बनाते समय आई0सी0डी0एस0 विभाग से समन्वय करके ही टीकाकरण स्थल निर्धारित किया जायें। ए0एन0एम0 एंव आगनवाडी कार्यकत्री के सुनिश्चित कराया जायें कि टीकाकरण स्थल पर सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध होने चाहियें। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव इकाईयों पर पिछले वर्ष की तुलना में माह जून 2025 तक माह में 111 तथा क्रमिक 407 प्रसव कम हुये हैं। इस हेतु सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि चिकित्सा इकाईयों पर कम हुये प्रसवों का कारण तलाश करके पूर्ण किया जाये। प्रा0स्वा0केन्द्र जखौरा में मात्र 02 उपकेन्द्रों पर प्रसव कराये जा रहें हैं, इस हेतु अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र जखौरा को पत्र लिखने हेतु निर्देश दियें गये। जननी शिशु सुरक्षा योजना के अर्न्तगत सामु0स्वा0केन्द्र बिरधा के ड्राप्बैक कम पायें गये। सामु0स्वा0केन्द्र महरौनी एवं मेडीकल कालेज ललितपुर में ए0एन0सी0 पंजीकरण की स्थिति बहुत ही खराब पायी गयी। सामु0स्वा0केन्द्र महरौनी में नार्म से अधिक स्टिल वर्थ रिपोर्ट होने के सम्बन्ध में वहां के लेबर रूम में कार्यरत स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु कहा गया। जनपद में टीकाकरण की स्थिति कम होने पर भी चर्चा की गयी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्देश दिये गये कि सभी अधीक्षक अपनी अधीनस्थ कार्यरत आशा कार्यकत्रियों को निर्देशित करे कम से कम एक महिला नसबन्दी प्रेरित करके लायें, ताकि उपलब्धि को सुधारा जा सकें। पोषण पुर्नवास के अन्तर्गत ब्लाक बिरधा में इस माह मात्र 9 बच्चें भर्ती किये गयें। जबकि अन्य ब्लाकों की स्थिति ठीक पायी गयी।

# 11 केंद्रों पर आरओ/एआरओ परीक्षा आज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** आज जनपद के 11 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली आरओ/एआरओ परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- सीसीटीवी की निगरानी में नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न होगी परीक्षा: जिलाधिकारी
- चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पेहरा, अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर: पुलिस अधीक्षक
- परीक्षा हेतु तैनात सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरंतर रहेंगे भ्रमणशील
- सीसीटीवी व कण्ट्रोम रुम से हर गतिविधि पर रहेगी प्रशासन की नजर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा जनपद में 27 जुलाई 2025 रविवार को 11 परीक्षा केन्द्रों (राजकीय इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, डॉन बोस्को एकेडमी, संस्कार वैली एकेडमी, एसडीपीएस इण्टर नेशनल स्कूल, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल) पर एक पाली में सुबह 9.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक सम्पन्न की जा रही है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे। इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर



व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा केन्द्रो की व्यवस्थाओं यथा साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि को देखा। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें व चिकित्सा विभाग प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा-कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त/इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी या संचार उपकरण आदि तथा सादे कागज, कापी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री गुटखा के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश न दिया जाए, उक्त वस्तुओं को अलग कमरे में जमा करके अभ्यर्थियों को टोकेन दे दिए जाएं। उक्त सामग्री जमा करने हेतु अभ्यर्थियों से कोई धनराशि/शुल्क नहीं लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है जो परीक्षाओं को निर्वाध संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाएगा। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पेहरा रहेगा, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, डीआईओएस ओ.पी. सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, डीआईओ सहित सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सम्बंधित केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक राकेश सिन्हा, अंजना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नमकीन-बिस्किट की आड़ में बेची जा रही अवैध शराब

**ललितपुर।** शहर में निर्धारित दुकानों के अलावा अन्य स्थानों पर भी चोरी छिपे देशी शराब ओवर रेट पर बेचे जाने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है। कई लोग चाय, नमकीन व बिस्किट का हाथ ठेला-गुमटी लगाये हुये हैं, लेकिन यहां ठेला-गुमटी की आड़ में देशी शराब को निर्धारित समय के उपरान्त ओवररेट पर बेचे जाने का गोरखधंधा खूब फल-फूल रहा है। ऐसा ही एक प्रकरण शहर क्षेत्र के मोहल्ला चैकाबाग से प्रकाश में आया है, जहां नमकीन-बिस्किट ठेला की आड़ में देशी शराब को अवैध तरीके से बेचा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दविश देकर उक्त ठेले से 30 क्वाटर देशी शराब के बरामद किये हैं। बताया गया है कि उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी अपने हमराह कां.अमित राजपूत व सूरज सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि चैकाबाग में चाय, नमकीन व बिस्किट के ठेले पर देशी शराब ओवररेट पर बेची जा रही है। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने मौके पर पहुंच कर चना-नमकीन का ठेला लगाये दुकानदार पर दविश दी। पकड़े गये दुकानदार का नाम मोहल्ला रावतयाना निवासी सोनू प्रजापति पुत्र बुद्ध प्रजापति बताया गया है।

## एडीएम ने आरओ एआरओ परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए केंद्रों का किया निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह द्वारा रविवार को आयोजित होने वाली आरओ एआरओ की परीक्षा को नकल विहीन, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कल संपन्न होने वाली आरओ एआरओ की परीक्षा में लगभग 13 हजार परीक्षार्थी प्रतिभा करेंगे, परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जिले भर में 33 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान बिजनौर के इंटर कालेज, महिला डिग्री कालेज, महिला इंटर कालेज सहित अन्य कई स्कूलों का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में स्थापित परीक्षा कक्षों का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों, परीक्षार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल एवं शौचालयों सुविधाओं का मुआयना किया और केंद्र व्यवस्थापकों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को यह भी निर्देश दिये कि बरसात के मौसम के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने के दृष्टिगत जनरेटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षा के दौरान में कोई व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, आयोग के पर्यवेक्षक सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**बांदा।** अबोध बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना कालिंजर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड़ में तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। पुलिस की फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपर एसपी शिवराज के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार को नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई की। शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे थाना कालिंजर क्षेत्र में 6 वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी व पूर्व परिचित ने दुष्कर्म किया। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम व अन्य टीमों ने वैज्ञानिक तकनीक, तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया और बालिका को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। पुलिस टीम ने आरोपी अमित रैकवार पुत्र बाबू रैकवार निवासी महोरछा थाना कालिंजर को गुढ़ाकला में गुढ़ा मंदिर रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल में आरोपी का इलाज चल रहा है। बच्ची को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आईटीआई में प्रवेश को लेकर प्रधानाचार्य ने दी जानकारी

**ललितपुर।** आईटीआई ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा में सत्र अगस्त-2025 में द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त परिणामी रिक्त सीटों का विवरण संस्थानवार/व्यवसायवार ई-फार्म वेबसाइट पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया-2025 के अनुसार पंजीकृत अभ्यर्थियों से संस्थान, व्यवसाय, स्थानीय आरक्षण (केवल राजकीय संस्थानों हेतु), उपवर्ग एवं लिंग का नवीन विकल्प परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष आमंत्रित किये जा रहे है। अतएव ऐसे अभ्यर्थी जिनकों प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई हैं। वह जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त-2025 हेतु द्वितीय चरण के प्रवेश व उच्चीकरण के उपरान्त परिणामी रिक्तियों के सापेक्ष नये विकल्पों का ऑनलाइन पर क्लिक कर अपना मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि तथा वर्ग प्रविष्ट करना होगा। तदोपरान्त अभ्यर्थी आवेदन पत्र में प्रवेश हेतु इच्छित संस्थान, व्यवसाय,स्थानीय आरक्षण (केवल राजकीय संस्थानों हेतु) उपवर्ग एवं लिंग का विकल्प पुनः पंजीकृत करा सकते हैं। नवीन विकल्प पंजीकृत किये जाने की कार्यवाही वेबसाइट पर 28 जुलाई 2025 तक की जा सकती है।

## जन शिकायतों का किया जाये त्वरित निस्तारणः आयुक्त



**बांदा।** जन शिकायतों के तत्काल और प्रभावी निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री के आदेश के चलते जनपद के थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आयुक्त अजीत कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के साथ चित्रकूट के राजापुर में जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होने कहा कि पारिवारिक विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर समाधान कराया जाए। निर्देश दिए कि महिलाओं के साथ अपराध करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई, महिलाओं व छोटी बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल, कालेज, कोचिंग केन्द्रों, मुख्य चैराहों पर विशेष चैकसी रखी जाए। कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का समय पर निस्तारण हो। बांदा जिले में समाधान दिवस में 94 शिकायतें मिलीं इनमें 48 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। थाना अतर्रा में डीएम जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने लोगों की शिकायतें सुनीं और इनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कोतवाली नगर में लोगों की शिकायतें सुनीं और निस्तारण किया। शनिवार को जिले के सभी थाने में जन सुनवाई हुई तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश जमीन संबंधी शिकायतें रहीं। इनके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीमों का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गये।

## पांच सूत्रीय समस्याओं का जल्द निस्तारण करे विभागः यूटा

**ललितपुर।** टीम यूटा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगों को लेकर बताया गया है कि वरीयता निर्धारण 68500 भारती के शिक्षकों की वरीयता उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से निर्धारित करने की मांग की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में फैमिली आईडी बनाने का कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर करने की मांग की गई है, जिससे शिक्षकों का विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बाधित न हो। शिक्षामित्व अनुदेशकों का मानदेय प्रत्येक माह की 5 तारीख तक उनके खातों में स्थानांतरण करने की मांग की गई है।

चयन वेतनमान में आ रहे शिक्षकों का चयन वेतनमान ऑफलाइन स्वीकार कर चयन वेतनमान लगाने हेतु आदेश निर्गत करने और पेंडिंग फाइल्स का निस्तारण जल्द से जल्द करने की मांग की गई है। कई उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कंपोजिट विद्यालयों में अनुदेशकों के रिन्युअल के संबंध में प्रधानाध्यापक द्वारा असंस्तुति की गई है, जिसका निस्तारण करने के आदेश निर्गत करने की मांग की गई है।

इस इस दौरान सतीश राठानिया, अनिल राठौड़, प्रमोद तिवारी, अंशु नामदेव, दिनेश कुमार, प्रवीण जैन, अंकित कुशवाहा, मयंक श्रीवास, पुष्पेंद्र सिंह दोहरे, गीता साहू, चित्रा तिवारी, गीता दोहरे, ऋचा पटैरिया, भानु प्रताप, कल्याण सिंह और संजीव श्रीवास्तव सहित कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## चेयरमैन के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाही के विरोध में डीएम को ज्ञापन सौंपा



**बिजनौर।** नगर पालिका परिषद स्योहारा के चेयरमैन फैसल वारसी के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई शांति भंग की कार्यवाही के विरोध में जनपद के भारी संख्या में नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर चेयरमैन फैसल वारसी के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी जसजीत कौर को बीते दिन दिये गए ज्ञापन में अध्यक्षों ने कहा कि गृहकर और जलकर का निर्धारण पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेशों के अनुरूप किया जाता है। स्योहारा नगर पालिका द्वारा शासन के निर्देश पर लगाए गए गृहकर और जलकर के विरोध में नगर के लोगों ने पालिका में प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और अध्यक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पालिका बोर्ड शासन के निदेर्शों का जनता की आकांक्षाओं को समझते हुए अनुपालन करने का प्रयास करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन परिस्थितियों को समझे बिना ही स्योहारा पुलिस ने स्योहारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष फैसल वारसी के विरुद्ध दबाव में आकर शांति भंग की कार्यवाही कर दी। सभी अध्यक्षों ने डीएम से मांग की कि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध किसी राजनैतिक दबाव में आकर कार्रवाही न की जाए। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी आदि उपस्थित रहे।

## कार्रवाही! कांवड़िए की मौत के आरोप में झोलाछाप पर मुकदमा दर्ज, क्लीनिक सील

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** हरिद्वार को गंगाजल लेने जा रहे बरेली निवासी कांवड़ियों के जत्थे में से एक कांवड़िए की अचानक तबीयत खराब हो गई। साथी कांवड़ियों ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के रोशनपुर गांव के सड़क किनारे एक चिकित्सक को दिखाया जहां चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद कांवड़िए की मौत हो गई। जत्थे में शामिल काड़ियों ने गलत इंजेक्शन से हुई मौत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे सीओ ने गुस्साई कांवड़ियों को समझा-बुझाकर जल लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। नोडल अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर चिकित्सा संबंधी डिग्री न होने के कारण क्लीनिक को सेल करते हुए आरोपी चिकत्सक के खिलाफ कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।



जानकारी के अनुसार काड़ियों का एक जत्था जिला बरेली से गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हुए। कावड़ियों के इस जत्थे में 30 वर्षिय कांवड़िए रामपाल पुत्र सुखे लाल निवासी ग्राम खंडुआ थाना रानीगंज बरेली भी शामिल था। बताया जाता है कि शुक्रवार जत्था नगीना कोतवाली देहात मार्ग के गांव रोशनपुर प्रताप स्थित पेट्रोल पंप पर चाय पीने लगे तभी अचानक रामपाल कांवड़िए के दिल में दर्द होने की शिकायत महसूस हुई तो सड़क किनारे चिकित्सक डॉक्टर ऋषिपाल के पास ले गए। आरोप है कि डॉक्टर ऋषिपाल ने दवाई और उसके द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद रामपाल की तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही पल में उसके क्लीनिक पर ही रामपाल की मौत हो गई।

जत्थे में शामिल कांवड़ियों ने हाइवे पर जाम लगाते हुए दिया चिकित्सक द्वारा गलत इलाज करने से हुई मौत का आरोप लगाते हुए डॉक्टर ऋषिपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगें। घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन सीओ अन्जनी कुमार, नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह कोतवाली देहात थाना प्रभारी प्रवेज कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। सीओ अन्जनी कुमार ने हंगामा कर रहे कांवड़ियों के गुस्से को बामुश्किल शांत करते हुए चिकित्सा के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जत्थे को हरिद्वार के लिए रवाना कर दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

उधर सूचना पर पहुंचे नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार देशवाल ने क्लीनिक को सील करते हुए आरोपी चिकित्सक ऋषिपाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश के खिलाफ कोतवाली देहात थाने में तहरीर दी। पुलिस ने नोडल अधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार देशवाल की तहरीर के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डायरिया फैला, स्वास्थ्य टीम पहुंची सीएमओ ने लिया जायजा

जिला संवाददाता

**बांदा।** बिसंडा ब्लाक के ग्राम तेन्दुरा के कोरिनपुरवा में संक्रामक रोग डायरिया फैलने की सूचना पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र सिंह ने पहुंचकर जायजा लिया। उन्होने ग्रामीणों को जानकारी दी कि माह जून से नवम्बर तक संक्रामक रोग फैलने की सम्भावना अधिक रहती है। इस मौसम में घर व आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उथले हैण्ड पम्प का पानी पीने में प्रयोग नहीं करना है।



खाना खाने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना, सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग, घर व आस-पास पानी को एकत्रिति न होने देना, शौंच के लिये शौचालय का प्रयोग करें ताकि संक्रामक रोगों से बचा जा सके। जनपद स्तरीय संक्रामक रोग रोधी टीम ने ग्राम के प्रति घर पाँच-पांच ओ0आर0एस0 का वितरण किया, जल भराव वाले स्थानों एवं नालियों में लार्वा निरोधक दवा का छिडकाव किया साथ ही दस क्लोरीन टैब का वितरण किया और क्लोरीन टैब के प्रयोग के विषय में जानकारी दी। 12 सदस्यीय टीम ने हेल्थ कैम्प लगाकर 37 मरीजों का उपचार किया एवं पानी क्लारीनेशन के विषय में जानकारी दी। ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव कर बुखार के रोगी मिलने पर मलेरिया जॉच के लिए रक्त पट्टिका बनायी। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान राम लाल, अपरमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 एन0 प्रसाद, जिला मलरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नचीन चक, राकेश खरे, मलेरिया निरीक्षक परीक्षित द्विवेदी व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहें।

## एएचटी-एसजेपीयू की मासिक समवन्य गोष्ठी संपन्न

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति में थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह जुलाई 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहुत की गयी।

जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एससीएसटी एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधितको समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे.एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद में गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत, लंबित मामलों, पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में सीडब्लूसी, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी, सभी थानों से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस जवानों के बलिदान का प्रतीकः प्रकाश



जिला संवाददाता

**बांदा।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में गोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवधेश गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष महोबा ने कहा कि ऑपरेशन विजय से हमारे जवानों ने

- भूतपूर्व सैनिक हुए सम्मानित

दुश्मनों को घुटनों पर लाकर अदम्य साहस व पराक्रम की अमिट मिशाल पेश की।

भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को पूरी तरह धूल चटाई थी, पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में आज के दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

यह विजय दिवस चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाली परिस्थितियों में लड़ने वाले जाँबाज सैनिकों को साहस, वीरता और बलिदान को दशार्ता है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य जीत नहीं वल्कि हमारे वीर जवानों की अटूट निष्ठा, अद्वितीय बलिदान और भारत माता के प्रति उनकी आस्था का प्रतीक है। आज का दिन कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने व सम्मान देने का दिन है। यह दिवस भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि 26 जुलाई का दिन राष्ट्रीय गौरव और स्मरण का दिन है जो वीरता और बलिदान कि कहानियों से प्रेरित करता है।

देश के प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन के कुछ पल देश सेवा के लिए सैनिक के रूप में जरूर देना चाहिए। भूरागढ़ दुर्ग स्थित सैनिक स्मारक परिसर में सफाई कर श्रद्धां सुमन अर्पित किये गए। कार्यक्रम में भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू सिंह फौजी, पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष श्यामबाबू सिंह राठौर, कार्यक्रम संयोजक संतू गुप्ता, विद्यालय प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जाग्रति वर्मा, अनिरुद्ध त्रिपाठी, राजेश सेन, पूर्व सैनिक व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित ने किया।

संक्षेप

## लगातार सोलहवें दिन किया रुद्राभिषेक

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में लगातार सोलहवें दिन शनिवार को रुद्राभिषेक पूजन किया गया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। सावन माह के सोलहवें दिन शनिवार को ऋषिका केसरी, लकी केसरी, मनोज केसरी, अनिता केसरी, दीपक केसरी, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, शिव शक्ति महिला मंडल की उपाध्यक्ष खुशबू मौर्य, विमला देवी, कृष्णावती, पंडित रेवती नाथ त्रिपाठी, रामा त्रिपाठी, कालो देवी, हीरा सिंह को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधेकृष्ण तिवारी ने दुध व गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया। भिक्षुक भिखारी रमाशंकर गिरी उर्फ जंगली बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रतिदिन सावन माह भर रुद्राभिषेक पूजन किया जाएगा। आरती पूजन में इन्द्रपति पांडेय महाराज, सुखराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना महाराज व शेषनाथ मिश्रा महाराज आदि मौजूद रहे। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

## खेत में मिला अधेड़ का शव

सिंगरौली/सोनभद्र। शनिवार सुबह मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चैकी अंतर्गत ग्राम बरमानी के एक खेत में एक 43 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बरमानी निवासी शिवप्रसाद कोल पिता रामखेलावन कोल के तौर पर हुई है। उसके परिजनों ने इसकी सूचना गोरबी चौकी में दी। इसके बाद मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह एवं गोरबी चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह सदलबल मौके पर पहुँच जांच में जुट गए। मृतक के बड़े भाई श्यामबिहारी कोल ने पुलिस को अपनी तहरीर में बताया कि बीती रात उसका छोटा भाई शिवप्रसाद करीब 2 बजे तक घर के आंगन में टहल रहा था। इसके बाद सभी सोने चले गए। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे मृत अवस्था में घर से करीब 25 मीटर दूर खेत में देखा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया, वहीं अग्रिम जांच में जुट गए हैं। शिवप्रसाद की मौत का कारण अज्ञात होने के कारण निरीक्षक यू पी सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## बालक की करंट की चपेट में आने से मौत

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिरसिया ठाकुराई में करंट से दलान में खेल रहे बालक की मौत से घर में मचा कोहराम। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सिरसिया ठकुराई में विकास सात साल पुत्र जगदीश मुसहर अपने दालान में खेल रहा था अचानक कच्चे मकान होने के कारण दीवाल में करेट आ गया था जिसके चपेट में आने के कारण बेहोश हो गया। परिजनों के मुताबिक स्थानीय अस्पाल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते हुए मृत घोषित कर दिया। जैसा ही घर के सदस्यों को सूचना मिली घर में कोहराम मच गया। भुक्त भोगी श्रमिक के द्वारा स्थानीय थाना व पावर हाउस पसही को सूचना दे दी गई है।

## छात्रा को गोली मारी हालत गंभीर

मैनपुरी। मैनपुरी में शनिवार सुबह मंदिर में पूजा कर रही 21 वर्षीय छात्रा को एक युवक ने गोली मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में पुलिस मुठभेड़ के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली थाने के प्रभारी फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि किला की बजरिया स्थित रानी का शिव मंदिर में सुबह करीब साढ़े आठ बजे यह घटना हुई। दिव्यांशी राठौर (21) पूजा कर रही थी, तभी उसी के इलाके का राहुल दिवाकर (24) ने उस पर गोली चला दी, जिससे दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके पेट और अन्य जगहों पर गोली लगी है। हमले के बाद राहुल वहां से भाग गया। दिव्यांशी को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रथम दृष्टया यह एकतरफा प्यार का मामला प्रतीत होता है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि राहुल दिवाकर को पुलिस मुठभेड़ के बाद ओरांड्या मंडल गांव के पास गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल के पैर में गोली लगी है।

# घटिया सड़क निर्माण पर गरजे विधायक



जिला संवाददाता(vol)

- पीडब्लूडी अफसरों को लगाई फटकार, बोले- नहीं सुधरे तो कार्रवाई भुगतने को रहें तैयार

सोनभद्र। विधानसभा क्षेत्रो में विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, सदर विधायक भूपेश चौबे ने, जब उन्होंने तेलगुड़वा से कोन तक बन रही लोक निर्माण विभाग (PWD) की सड़क का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री का इस्तेमाल देख लिया। जनता की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए विधायक शुक्रवार को खुद निरीक्षण पर पहुंचे और मौके पर मिली अनियमितताओं पर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की जमकर क्लास लगा दी।

निरीक्षण के दौरान सड़क की हालत देख विधायक का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य मानकों के विरुद्ध किया जा रहा है, जैसे गिट्टी-मिट्टी को ही दोबारा डालकर खानापूरी की जा रही हो। इस पर विधायक ने शनिवार को सर्किट हाउस में बैठक बुलाई और ठेकेदार व ढहऊ अधिकारियों को बुलाकर कड़े शब्दों में लताड़ा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित लोगों की मुख्यमंत्री से शिकायत कर सख्त कार्रवाई होगी।

विधायक भूपेश चौबे ने अधिकारियों से साफ शब्दों में कहा, जनता के पैसे की बबार्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह विकास कार्य नहीं, जनता के विश्वास के साथ धोखा है। अगर काम नहीं सुधरा तो भुगतने के लिए तैयार रहे। अधिकारी एसी कमरों मे बैठकर केवल खाना पूर्ति करते है।

भूपेश चौबे का यह रुख कोई नया नहीं है। वे पहले भी अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्त तेवर दिखा चुके हैं। लगातार दूसरी बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे विधायक भूपेश चौबे क्षेत्र के विकास को लेकर बेहद सजग हैं, और यही वजह है कि उनके इस औचक निरीक्षण से लोगों में संतोष और उम्मीद की लहर है।

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार निर्माण कार्य में कितनी तत्परता और ईमानदारी दिखाते हैं। विधायक की इस सख्ती से अधिकारियों में हलचल।

## ई-ऑफिस प्रणाली लाती है कार्यों में पारदर्शिता



जौनपुर। समस्त सरकारी कार्यालयों में डिजिटलीकरण की दिशा में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने हेतु विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संचालन अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शुभम कुमार एवं नेटवर्क इंजीनियर अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों का संचालन सुनिश्चित करना है, जिससे कार्य प्रणाली को पारदर्शी, तीव्रगामी एवं प्रभावी बनाए जा सके। सभी उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को ई-ऑफिस से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। उन्हें पत्रावलियों को तैयार करने, अग्रसारित करने आदि के बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शुभम कुमार ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली सरकारी कार्यों में पारदर्शिता जवाबदेह और समयबध्यता सुनिश्चित करती है। इससे न केवल कार्यों में तेजी आती है अपितु समय की भी बचत होती है। इसके साथ ही अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं अन्य एनआईसी कर्मचारियों द्वारा लगातार विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के एनआईसी में ई-ऑफिस से संबंधित कार्यों के बारे में अवगत कराया जा रहा है साथ ही कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है तथा ई-ऑफिस से संबंधित आ रही तकनीकी समस्याओं का भी निवारण किया जा रहा है।

## संगठन में महिलाओं की भूमिका अहमः शशिकला



जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री साक्षी श्रीवास्तव ने प्रदेश संरक्षक पद पर श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव एवं प्रदेश महासचिव श्रीमती निशा श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमति श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव, को मनोनीत किया है।

प्रदेश अध्यक्ष महिला शाखा साक्षी श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश महिला शाखा संगठन उत्तर प्रदेश में नंबर वन संगठन बनाना है और मुझे विश्वास है कि समस्त नारी शक्ति एक जुट होकर अपने समाज को एक नई दिशा और प्रगति की ओर ले जाने का कार्य करेगी हमारा उद्देश्य अपने समाज के लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने का है।

मुख्य अतिथि महिला शाखा उत्तर प्रदेश की संरक्षक श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक संगठन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। महिलाओं को समाज में आगे आना होगा। जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने महिला जिलाध्यक्ष पद पर डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव को मनोनीत किया। महिला जिलाध्यक्ष ने जिले की टीम का गठन किया जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर ज्योत्सना श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, जिला संगठन श्रीवास्तव के पद पर श्रीमती विद्या श्रीवास्तव, श्रीमती कविता श्रीवास्तव, जिला मंत्री श्रीमती ममता श्रीवास्तव, कलावती श्रीवास्तव को मनोनीत किया है और जिला अध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि पुनः संगठन कर महिला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बांदा। जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र में छह साल की एक बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी को शनिवार देर रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि 20 वर्षीय आरोपी शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता के परिवार के एक सदस्य ने शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक पुलिस दल गठित किया गया। पुलिस दल ने आरोपी को घेर लिया लेकिन उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान आरोपी दोनों पैरों में गोलियां लगने से घायल हो गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हर भीड़ हिंसा की जनहित याचिका में निगरानी नहीं की जा सकती

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि भीड़ द्वारा हत्या किए जाने या भीड़ हिंसा की प्रत्येक घटना अलग घटना है और जनहित याचिका में इसकी निगरानी नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की पीठ जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं को रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने की मांग की गई थी। पीठ ने इस जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि तहसीन एस. पूनावाला बनाम केंद्र सरकार (2018) के मामले में उच्चतम न्यायालय का निर्णय राज्य सरकार और केंद्र पर बाध्यकारी है। पीठ ने कहा इसलिए पीड़ित पक्ष के समक्ष इस अदालत का रुख करने से पहले सरकार से संपर्क करने का विकल्प खुला है। इस याचिका में याचिकाकर्ता ने तहसीन पूनावाला के मामले में उच्चतम न्यायालय के बाध्यकारी दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की थी। वहीं दूसरी ओर, सरकारी वकील ने इस जनहित याचिका की पोषणीयता का विरोध किया। अदालत ने 15 जुलाई को पारित अपने निर्णय में कहा कि पीड़ित पक्ष के पास उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों को लागू कराने के लिए उचित सरकारी अधिकारी से संपर्क करने की स्वतंत्रता है।

## दुद्धी उप निबंधन कार्यालय में भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंची टीम

जिला संवाददाता(vol)

- अधिवक्ताओं से ली बिन्दुवार जानकारी, बोले उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जायेगी रिपोर्ट

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित उप निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) में व्याप्त भ्रस्टाचार की शिकायत की जाँच करने टीम शनिवार को दुद्धी पहुंची। जाँच टीम ने विन्दुवार सभी विन्दुओं पर जाँच-पड़ताल की। टीम ने अधिवक्ताओं से निबंधन कार्यालय की गतिविधियों एवं कार्य शैली को लेकर बातचीत की तो अधिवक्ताओं ने बताया कि रजिस्ट्री ऑफिस में प्राइवेट व्यक्तियों को बैठाकर मनमानी वशुली करायी जाती हैं,

वहीं प्रत्येक रजिस्ट्री पर अलग से चढ़ावा लिया जाता हैं और जो अधिवक्ता चढ़ावा नही देता हैं उसे कोई न कोई कमी दिखाकर परेशान किया जाता हैं। इसके अलावा बंधक भूमि कि रजिस्ट्री भी पैसे लेकर की जाती हैं और जो अधिवक्ता सुविधा शुल्क नही देते उनका बैनामा बंधक बताकर वापस कर दिया जाता हैं जबकि दर्जनों ऐसे बैनामा हुए हैं जिनका रिकार्ड भी मौजूद हैं, जिसमें कई बैनामा अभी भी तहसील में खारीच-दाखिल के लिए पड़ी हुई हैं।

जाँच अधिकारी सहायक महानिरीक्षक अर्जुन श्रीवास्तव ने बताया कि अधिवक्ताओं कि शिकायत पर शासन ने जाँच हेतु मुझें भेजा हैं, यहां पर आकर दोनों पक्षो की बात हमने सुनी तथा साक्ष्य भी लिए हैं। अधिवक्ताओं से मिलकर सभी शिकायतों को विन्दुवार नोट कर लिया गया। एक-दो दिनों में जाँच रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। इस मौके पर उप निबंधन अधिकारी पुष्पराज श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक श्यामधर यादव एवं दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, विष्णुकांत तिवारी, सत्यनारायण यादव, जवाहर लाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहें।

## पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों तथा मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, चैराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और सुरक्षा संसाधनों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आमजन विशेषकर युवतियों एवं महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न की स्थिति में वे निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें।

## सीआईएसएफ ने खेलों में रचा इतिहास 159 पदक जीतकर लहराया परचम

बीजपुर (सोनभद्र)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने 2024-25 में विभिन्न खेल के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 156 पदक जीतकर एक नया रिकार्ड बनाया। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन बल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा पदक आंकड़ा है। यह उपलब्धि अंतर राष्ट्रीय और अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में सीआईएसएफ ने एथलीटों के शानदार प्रदर्शन का परिणाम है। हाल ही में अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्नि शमन खेल 2025 में खिलाड़ियों ने 66 पदक जीतकर देश की झोली में शानदार गौरव जोड़ा था। इस उपलब्धि पर सीआईएसएफ बल महानिदेशक ने खिलाड़ियों को नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में सम्मानित किया तथा खेल को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं साथ ही खेल निधि में छह गुना वृद्धि कर 300 दिनों का विशेष आहार भत्ता सुविधा जनक यात्रा भत्ता नए जिम अत्याधुनिक उपकरण खिलाड़ियों के निगरानी हेतु विशेष अधिकारी की तैनाती जैसे कदम उठाए हैं। सीआईएसएफ ने बल में 433 खिलाड़ियों की सबसे बड़ी खेल भर्ती प्रक्रिया शुरू की है जिसमें 226 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह चयन प्रक्रिया देश के 14 स्थानों पर चल रही है जिसमें देशभर के 12,000 से अधिक आवेदकों ने हिस्सा लिया है और अब ओलंपिक स्तर की तैयारी के लिए उच्च प्रदर्शन के लिए एथलीटों को विदेशो में प्रशिक्षण विशेष कोचिंग और सहायक स्टाफ की सुविधा भी देने की घोषणा की गयी है। उच्चाधिकारी के इस आदेश से खेल में शामिल बल के भीतर खेल प्रतिभा में निखार आ रहा है बल्कि देश और विदेश में खेल मान चित्र पर सुरक्षा बल नई पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है।

## पेड़ हैं तो प्राण हैं अब ये अभियान नहीं जनान्दोलन बन चुका है : संदीप

सोनभद्र। सदर विधानसभा 401 में पेड़ हैं तो प्राण हैं अभियान के तहत आज कारगील विजय दिलाने वाले अमर बलिदानियों को नमन कर उनकी स्मृति में बाबू उमाशंकर इण्टर मिडियट कॉलेज बभनगावा चतरा ब्लाक के प्रबन्धक आलोक सिंह पटेल के साथ पेड़ लगाया गया व बच्चों को पेड़ को लगाने व बचाने की सपथ भी दिलवाई गयी सैकड़ों पेड़ बच्चों में वितरित किया गया भाइयों व बहनों ने विद्यालय परिवार ने हरेक पेड़ को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। संयोजक श्री मिश्रा ने बताया कि हर गांव पेड़ लगाने का मुहिम युवाओं के साथ शुरू कर दिया गया है पेड़ लगाने अथवा वातावरण को बचाने के लिए हर गांव हर घर पहुंच कर घर के बच्चों के नाम से एक पेड़ लगाया जाएगा उसका संरक्षण बच्चे व उनके परिजन करेंगे वहीं इस मुहिम से युवा पीढ़ी बढ़ चढ़ कर जुड़ रहे हैं इस मौके पर आलोक सिंह पटेल आकाश राज चौधरी सिवा चौहान विजय चौहान धीरज कनौजिया विवेक जाटव व सभी गुरुजन रहे व सैकड़ों बच्चे रहे



## अगवा कर दो नाबालिग बहनों से गैंगरेप

मुजफ्फरनगर। जिले के एक गांव में हथियार के बल पर दो नाबालिग बहनों को अगवा कर उनसे कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि प्रदीप और गौरव नाम के दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। पीड़िताओं को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उसी गांव में रहने वाले प्रदीप व गौरव बाइक पर आए और क्रमशः 15 व 16 वर्ष की नाबालिग चचेरी बहनों का अपहरण कर दूसरी जगह ले गए। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपियों ने बारी-बारी से उनके साथ दुष्कर्म किया। मामला उस समय सामने आया जब दोनों बहनें अपने घर पहुंचीं और सदस्यों को घटना के बारे में बताया। दोनों नाबालिग लड़कियां चचेरी बहन हैं।

## सड़क हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत, 12 घायल

कानपुर। फतेहपुर जिले में एक गांव के निकट तेज रफ्तार एक डंपर ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे 17 वर्षीय एक लड़की समेत दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और वाहन पर सवार लोग दूर जा गिरे। हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु प्रतापगढ़ के मनगढ़ धाम में दर्शन के बाद लौट रहे थे। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया, ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार घायलों को खागा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सुधीर पटेल (38) और सपना (17) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल एक दर्जन अन्य लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। हादसे के बाद मौके से फरार हुए ट्रक चालक की पहचान और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। हादसे में बाल-बाल बची खुशबू (18) ने पुलिस को बताया कि डंपर तेज गति से आ रहा था और उसने पीछे से ट्रॉली को टक्कर मारी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों की पहचान शिवा (6), पुष्पा (35), रवींद्र (70), तोता देवी (50), माया (8), धनंजय (38), काजल (17), श्याम (35), शिवराम (40), शिव देवी (62), शिवानी (11) और सुधा पटेल (42) के रूप में हुई है। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फतेहपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने और उनका उचित उपचार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## वकीलों ने तहसीलदार और एसडीएम पर लगाया मनमानी का आरोप

शाहजहांपुर। जिले की पुवायां तहसील में तहसीलदार और एक वकील के बीच ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद वकीलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बाद वकील एसडीएम के ऑफिस में वार्ता के लिए पहुंचे। इसी बीच थाने से पुलिस फोर्स भी पहुंच गया। इस पर वकील भड़क गए और लाठीचार्ज कराने के लिए पुलिस बुलाने का आरोप लगाने लगे। एसडीएम और तहसीलदार की वकीलों से जमकर नोकझोंक भी हुई। इसके बाद वकील तहसील भवन में ही धरने पर बैठ गए, और जमकर नारेबाजी करते हुए वकीलों ने एसडीएम और तहसीलदार का पुतला फूंका। तहसील बार एसोसिएशन पुवायां के अध्यक्ष सुभाष शुक्ला ने बताया कि तहसील के अधिकारियों से वकील परेशान हैं। अधिकारी वकील को दुश्मन समझते हैं। वकीलों को गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। अधिकारी आए दिन परेशान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को एक वकील तहसीलदार से छात्र के एडमिशन के लिए ईडब्ल्यूएस पर साइन कराने गए थे। तहसीलदार ने हस्ताक्षर नहीं किए और तीन बजे के बाद डाक के माध्यम से करने की बात कहने लगे। ऐसे में छात्र का एडमिशन नहीं हो पाएगा और उसका भविष्य खराब हो जाएगा।. धरनास्थल पर वकीलों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीएम डेढ़-डेढ़ महीने तक फाइलों को एसडीएम आवास पर रखते हैं, राजस्वकर्मी रुपयों की मांग करते हैं। तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व संहिता का पालन नहीं करते हैं और मनमानी करते हैं। एक नायब तहसीलदार फाइलों से कागज निकालकर आदेश कर देते हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बात करने से इंकार कर दिया। तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी का कहना है कि पुवायां में उनके आने के पहले सभी कागजों पर सीधे काम होता था, जिससे कई कागज गायब भी हो जाते थे। इसीलिए उन्होंने ढाई महीने पहले डाक के माध्यम से कागजों को मांगना शुरू किया था। आज सुबह एक अधिवक्ता आए और सीधे कागज पर साइन करने को कहने लगे। डाक में जमा कराकर तीन बजे साइन कराने को कहा तो भड़क गए, इसके

# शहादत हमें याद दिलाती है कि स्वतंत्रता कितनी अनमोल हैः अनामिका

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को कारगील विजय दिवस के अवसर पर जय मां भगवती महाविद्यालय के प्रांगण मे पूर्व सैनिक सम्मान व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा अनामिका चौधरी मौजूद रही। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व संचालन जिला संयोजक कमलेश चौबे ने किया।

पूर्व सैनिक कैप्टन वी के मिश्रा, लान्स नायक रामश्रृंगार, हवलदार के0के0 गिरी, सुबेदार मानिकचन्द्र, सिपाही धर्मवीर सिंह, सदानन्द यादव का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा अनामिका चौधरी ने कहा कि 26 जुलाई का यह दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। आज हम सब यहाँ कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह वह दिन है जब 1999 में, हमारे वीर भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए, कारगिल की दुर्गम चोटियों पर घुसपैठ करने वाले दुश्मनों को खदेड़ दिया था। और ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर तिरंगे की शान को फिर से स्थापित किया था। कारगिल युद्ध, जो 1999 के मई से जुलाई तक चला, भारतीय सेना के लिए एक असाधारण चुनौती थी। उन्होंने पहले तिरंगा, फिर जीवन के मंत्र को आत्मसात करते हुए, अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों का सामना किया। इस युद्ध में, हमने अपने कई वीर सपूतों को खोया, जिन्होंने देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे अनगिनत नायकों ने अपनी वीरता से इतिहास रच दिया। उनकी शहादत हमें याद दिलाती है कि हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा कितनी अनमोल है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि हमारे देश के वीर सैनिक 130 करोड़ भारतीयों और देश के सीमांओ की सुरक्षा का जूनून लेकर भारतीय सेना मे शामिल होते है, भारतवर्ष का इतिहास हमारे अमर जवानो की अदम्य वीरता त्याग और बलिदान की कहानियों से भरा पड़ा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भारतीय जनता पार्टी देश के वीर जवानों व उनके परिवार के कल्याण के प्रति पूर्ण रुप से समर्पित है। कारगील युद्ध में विषम परिस्थितियों मे हमारे जवानों ने अभूतपूर्व बलिदान देकर जिस तरह से पाकिस्तान को खदेड़ा उनका जितना भी सम्मान किया जाय वह कम है।




संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने कहा कि हमें अपने सैनिकों पर गर्व है, जो हर पल हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं ताकि हम चैन की नींद सो सकें। हम सब मिलकर उन सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके परिवारों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें। अदम्य साहस और शौर्य की गाथाएँ हमारे भारतीय सैनिकों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना, भारत माता की जय के उद्घोष के साथ, एक-एक चोटी को दुश्मन से मुक्त कराया। संगोष्ठी को अनुसूचित आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्यरुप से नागेश्वर देव पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, प्रबंधक अखिलेश मिश्रा, कृष्णमुरारी गुप्ता, ओमप्रकाश दूबे, संतोष शुक्ला, अनूप तिवारी, रामबली मौर्या, दिलिप चौबे, विनय श्रीवास्तव, रामनिवास तोमर, मीनू चौबे, अनिल सिंह, शंम्भू नारायण सिंह, रजनीश रघुवंशी, बलराम सोनी, अतुल पाण्डेय, किरन त्रिपाठी, प्रमिला जायसवाल, मंजू गिरी सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## 24 घंटे बाद भी नहीं बहाल हुई आपूर्ति

**सोहावल-अयोध्या।** बरसात की इस बार सीजन में तो एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ जब बरसात के बाद 24 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप न रही हो। इसके पीछे जो कारण उभर कर सामने आ रहा है वह है आपूर्ति लाइनों का पेड़ो और झाड़ियों के बीच से गुजरना। जिनकी कटाई छटाई विद्युत विभाग हर वर्ष लाखों रु खर्च कर कराता रहा है लेकिन आरोप के मुताबिक यह कार्य इस वर्ष सिर्फ कागजों में निबटा दिया गया। वही पेड़ अब बरसात में विभाग के लिए मुसीबत बन रहे है और खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

शुक्रवार को दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बरसात से पूर्व ठप की गई। विद्युत आपूर्ति शनिवार की शाम तक बहाल नहीं हो पाई। उपकेंद्र से जुड़े 11 फीडर लगभग बंद रहे।

इनसे जुड़े 50 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहना पड़ा। नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज हो या तहसील फीडर कुछ घंटे आपूर्ति में रहे लेकिन सबसे जर्जर और लंबे फीडर आर एल और रेलवे की टूटी लाइन को दूसरे दिन भी विद्युत कर्मी सुचारू रूप से नहीं चला सके।

# समाधान दिवस का जायजा लेने पहुंचे डीएम





जिला संवाददाता

**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा थाना पयागपुर का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान ग्राम रायडीह निवासिनी शकुन्तला ने पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना-पत्र पर डीएम द्वारा निर्देश दिया गया कि राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर पट्टे की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए मेड़बन्दी कराएं तथा जबरन कब्जा करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जाय। थाना समाधान दिवसों में रास्ते एवं चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐसे मामलों में क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम विकास अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर रास्ते व चकमार्गों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराएं तथा आवश्यकतानुसार रास्ते की पटाई इत्यादि का कार्य भी करा दिया जाय ताकि दोबारा अतिक्रमण न होने पाये। थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुए 22 प्रार्थना-पत्रों में से 04 को मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि 04 प्रकरणों के निस्तारण हेतु मौके पर टीम भेजी गई है। डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस से सम्बन्धित पंजिका का अवलोकन करते हुए थानाध्यक्ष से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निस्तारण किया जाय। डीएम ने आईजीआरएस सन्दर्भों का भी समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस पंजिका का भी अवलोकन किया तथा थानाध्यक्ष से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय, तहसीलदार रविकान्त द्विवेदी, थानाध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस मे 55 प्रार्थना पत्र निस्तारित

**बाराबंकी।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त थानो पर मौके पर कुल 55 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम मे थाना मोहम्मदपुर खाला मे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता मे थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जंहा पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुनते हुये 2 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया। तथा शेष प्रकरणो हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

# हर-हर महादेव से गूंज उठी रामनगरी

**अयोध्या।** प्रभु राम की नगरी अयोध्या शनिवार को हर-हर महादेव की उद्घोष से गूंज उठी। मौका था टेढ़ी बाजार तिराहे पर स्थित अरुंधति मल्टीलेवल पार्किंग परिसर में आयोजित सामूहिक रुद्राभिषेक का, जिसका आयोजन किया था वशिष्ठ फाउंडेशन ने। यहां पिछड़ी-अनुसूचित जाति की महिलाएं रहीं या अगड़ी जाति

- वशिष्ठ फाउंडेशन ने आयोजित किया सामूहिक रुद्राभिषेक
- अनुसूचित वर्ग की एक हजार महिलाओं ने किया शिवपूजन

की, सभी एक साथ इस तरह पंक्तिबद्ध हुईं, जैसे सनातन संस्कृति में भेदभाव को हमेशा के लिए विदा कर रही हों। अद्भुत, अकल्पनीय दृश्य ! सनातन संस्कृति की एकता का पर्याय दिख रहा था।सुबह के 9:00 बजे अयोध्या के मल्टी स्टोरी पार्किंग में सनातन संस्कृति के उद्भव का नजारा प्रस्तुत हो रहा था। यहां लगभग एक हजार विभिन्न वर्ग की महिलाएं और चुनिंदा पुरुष इकट्ठा थे। सभी का वशिष्ठ फाउंडेशन की महासचिव श्रीमती राजलक्ष्मी तिवारी ने महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के साथ स्वागत किया और उन्हें पंक्तिबद्ध बैठाकर पार्थिव रुद्राभिषेक के लिए



पूजन सामग्री उपलब्ध कराई। इस मौके पर महापौर ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए सनातन संस्कृति को कमजोर करने की साजिश निरंतर रची जा रही है, ऐसे में शिव की आराधना से लोगों में सुख, शांति और समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग राम के हैं। शिव सभी के आराध्य। इसलिए सभी को शिव पूजन कर बच्चों में सदाचार एवं शिक्षा के प्रति ललक पैदा करनी चाहिए। शिव ही सत्य है। सनातन है।फाउंडेशन की महासचिव राजलक्ष्मी तिवारी ने कहा कि फाउंडेशन के माध्यम से हम ऐसे लोगों को खोज कर उनके घरों में हनुमान चालीसा का पाठ करने की कोशिश कर रहे हैं, जो किन्हीं कारण से हिंदू पूजन पद्धति से विमुख हो रहे हैं। अगर लोग घरों में राम एवं शिव की पूजा करेंगे, बच्चों को सदाचार सिखाएंगे तो उनका बुढ़ापा संवरेगा, क्योंकि केवल हिंदू धर्म में ही माता-पिता को ईश्वर के समान माना गया है और उनकी पूजा करने के लिए प्रेरित किया गया है।इसके बाद आचार्य शिवेंद्र एवं उनके सहयोगी आचार्य रामजी, आचार्य अमित पांडे, आचार्य हिमांशु, इंद्रजीत शुक्ल आदि की अगुवाई में पूजन की प्रक्रिया शुरू हुई। दो दर्जन बटुक ब्राह्मण उनकी सहायता कर रहे थे। रुद्राभिषेक के दौरान शास्त्रीय संगीत की पताका भी फहरा रही थी। आयोजन में पार्षद रमाशंकर निषाद, दिनेश पांडेय, दीपक चैधरी, आभा सिंह, अनीता दुबे, भीखापुर की वीरमति, कुशमाहा की पुष्पा व अन्नू, आशापुर की इंद्रावती, सहनवा की किस्मता आदि उपस्थित रहीं।

# 2027 में सपा की बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकारः अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** शनिवार को संविधान मान स्तंभ दिवस व आरक्षण दिवस के अवसर पर रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा ऐतिहासिक पीडीए महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि आज मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की धरती पर आयोजित पीडीए सम्मेलन में उपस्थित अपार ऐतिहासिक जनसमूह

- संविधान की रक्षा के लिए पीडीए के लोगों को होना होगा एकजुटः मिठाई लाल भारती
- समाजवादी पार्टी के पीडीए महासम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

इस बात का संकेत है 2027 के चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। पीडीए सम्मेलन ऐसे वक्त पर हो रहा है जब भारतीय संविधान पर खतरा है और आरक्षण पर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है। संविधान की रक्षा के लिए चाहे जो कुबार्नी देनी पड़ेगी समाजवादी पार्टी के लोग तैयार हैं और बाबा साहब के संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। पीडीए केवल सत्ता परिवर्तन के लिए ही नहीं पीडीए व्यवस्था परिवर्तन के लिए है। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि कावड़ यात्रा नई नहीं बहुत पुरानी परंपरा है। समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में भी शानदार तरीके से कावड़ यात्रा निकलती थी। मुस्लिम समाज के लोग कावड़ यात्रा पर फूल बरसाते थे। मुसलमान स्टाल लगाकर कावड़ियों को पानी पिलाते थे। आज भाजपा सरकार चाह रही है कावड़ यात्रा मार्ग में मुसलमानो की दुकान ना रहे। भाजपा नफरत का बीज बो रही है, यह देश सभी का है, हिंदुओं का भी है मुसलमानो का भी है,इस देश की



आजादी के लिए सभी ने अपना खून बहाया है। सभी ने यातनाएं सही है, फैजाबाद की जेल में अशफाक उल्ला खान को फांसी दी गई थी। कावड़ यात्रा को लेकर भाजपा नफरत का बीज बो रही है। आज भाजपा सरकार में पीडीए के लोगों पर जुल्म अत्याचार कर रही है और अगर पीडीए के लोगों का सबसे बड़ा नुकसान किसी की सरकार में हुआ है तो भाजपा की सरकार में हुआ है। भाजपा को सत्ता से हटा कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई होगी। पीडीए सम्मेलन ऐसे वक्त पर हो रहा है जब थाने व तहसील में लूट मची हुई, भ्रष्टाचार पर है, आने वाले पंचायत के चुनाव में पीडीए के लोगों की बड़ी भागीदारी होगी।आज अयोध्या में किसानों व्यापारियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज में नफरत का बीज हो रही है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि आज बाबा साहब का संविधान खतरे में है संविधान की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को हटाना होगा और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के सभी नेताओं ,पदाधिकारी व जनता जनार्दन का आभार प्रकट किया और उन्होंने कहा कि संविधान मान स्तंभ दिवस के दिन हम सभी को इस बात का संकल्प लेकर जाना होगा कि आने वाले 2027 के चुनाव में अयोध्या की सभी सीटों की जीत के साथ प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व मंत्री पवन पांडेय, अजीत प्रसाद,अब्बास अली जैदी उर्फ.रुश्दी मियां, फिरोज खान गब्बर,राघवेंद्र प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**अयोध्या।** आज का दिन हर भारतीय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है आज ही के दिन 1999 में भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाकर कारगिल का मैदान फतेह किया था ।इस युद्ध में भारत के 567 वीर सपूतों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए । यह दिवस भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है, जिसको हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है ।अपने वीर सैनिकों को याद करते हुए नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर में कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

विद्या भारती संस्कृति के अनुसार अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीपार्चन एवं पुष्पार्चान किया गया ।कैप्टन जेवपीव द्विवेदी सैनिकों की वीरता की कहानी बताते हुए भावुक हो उठे, वे स्वयं कारगिल युद्ध में सम्मिलित भी रहे ।

## कारगिल युद्ध भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गयाः डॉ.पी एल पुनिया



**बाराबंकी।** भारत के इतिहास में कारगिल युद्ध भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का प्रतीक है। जिसमें भारत के सैनिकों ने जो वीरता से उन घुसपैठियों को चुन चुन के मारा है और उनके कब्जे से उन चोटियों को मुक्त कराया है जो भारत की सीमाओं में थे। कारगिल युद्ध भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। हजारों सैनिकों ने इन चोटियों के लिये जो बलिदान दिया है वह विश्व में कारगिल युद्ध भारत की सीमा में कारगिल को एक पहचान दी है। उक्त विचार पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदो को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि भारत में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल दिवस मनाया जाता है। इसी दिन भारतीय सेना ने घुसपैठियों एवं आतंकियों को चोटियों पर अंतिम सांस लेने दी थी और भारतीय सेना ने उन ऊंची ऊंची चोटियों पर तिरंगा लहराकर भारत का विजय ध्वज ऊंचा करते हुये सैनिकों ने युद्ध विराम की घोषणां की थी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, आर0डी0 राव, राम हरख रावत, सुशील कुमार वर्मा, अजय रावत, गोपी कनौजिया देवेन्द्र सिंह, मुरली रावत, पराग अहमद, सुरेन्द्र कुमार, दीपक तिवारी, सौरभ पाण्डेय, सन्तशरण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लव जिहाद का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** लव जिहाद का विरोध करने पर दो युवकों को मुस्लिम युवकों ने अगवा कर बुरी तरह पीटा,नंगा कर बनाई वीडियो, इस्लाम जिंदाबाद के नारे,असलहे के बल पर दोनों युवकों को किया दबंगों ने अगवा,मामला दर्ज खबर यूपी के सबसे संवेदनशील जिले बहराइच जिले से है. जो गोरखपुर जोन और देवीपाटन मंडल में आता है,,जहां लव जिहाद का विरोध करना 2 युवकों को भारी पड़ गया।

असलहे के बल पर मुस्लिम वर्ग के दबंग युवकों ने ओवरटेक कर दो युवकों को अगवा कर चलती कार में बिठा कर जमकर पीटा, फिर एक बाग में ले जाकर नंगा कर दोनों युवकों की वीडियो बनाई और इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगवाए। यही नहीं पीड़ितों का आरोप है कि जब दोनों युवकों को प्यास लगी तो दबंगों ने दोनों को पेशाब पिला दी। जैसे ही दोनों युवकों के अगवा होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो मौके पर पहुंच कर दोनों को युवकों को बरामद कर पुलिस के पास ले जाया गया। वही मौके से ही ग्रामीणों ने युवकों को अगवा करने वाले दो लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला थाना रामगांव इलाके का है,जहां के रहने वाले शिवम उर्फ चंदन व मोहित ने बताया कि वह खालेबाग मिजार्पुर के रहने वाले है। करीब दो माह पूर्व शहाबुद्दीन, अनस व जिशान द्वारा हिन्दू लड़कों के नाम से फेसबुक व इंस्टाग्राम की आईडी बनाकर गांव की लड़कियों को मैसेज कर रहे थे। जिसपर गांव के कई युवकों द्वारा इसका विरोध कर थाने में तहरीर सौंपी गई थी।

रामगांव की पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह करवा दिया था। मोहित ने बताया कि जब वह लोग जन्मदिन की पार्टी मनाने दोस्त की बर्थडे पार्टी मनाने के लिए चार दोस्त आ रहे थे। तो बरुआ घाट पुल के पास शहाबुद्दीन, अनस व जिशान समेत कई अन्य दबंगों द्वारा अपनी कार मेरी गाड़ी के आगे लगाकर मारपीट करते हुए असलहे के बल पर कार में बिठा कर अगवा कर लिया और रस्ते भर दोनों लोगों को इन सभी के द्वारा मारा पीटा गया। जब यह लोग रास्ता भूल गए तो एक बाग में ले जाकर नंगा कर इन्हें मारा गया। जिसका वीडियो भी बनाया गया। जब दोनों युवकों ने प्यास लगने पर पानी मांगा तो उन्होंने बोतल में पेशाब कर पिला दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों युवकों को जब बरामद किया तो उनके शरीर पर चोट के काफी निशान पाए गए। वही मौके से दो दबंगों को भी धर दबोचा जिसे थाने पर लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



इस मामले में रामगांव पुलिस को जैसे ही सूचना मिली आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और तीन अभियुक्त शहाबुद्दीन पुत्र अमीनुद्दीन निवासी महरी बौकहा, अनस पुत्र मोहम्मद कलीम निवासी तमाजपुर व जिशान पुत्र जफ्फार अली निवासी नाजिरपुरा कोतवाली नगर को गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। वही अन्य अज्ञात की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। ग्रामीणों द्वारा आज भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें उनके द्वारा अन्य दबंगों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित युवकों का कहना है कि अगर इन दबंगों पर कार्रवाई नहीं होगी और उनका वीडियो डिलीट नहीं होगा तो हम आत्महत्या कर लेंगे।

इस मामले में जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने सभी पर सख्त कार्रवाई कराने की बात कही है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि थाना रामगांव क्षेत्र में घटित मारपीट व अगवा करने की घटना के संबंध पंजीकृत अभियोग में वादी द्वारा मौखिक रूप से लगाये गए कुछ आरोपों जिसमें कि पीड़ितों से कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाये जाने तथा धार्मिक नारे लगवाए जाने आदि विभिन्न आरोपों की जाँच / विवेचना में अब तक की गयी जांच से कोई पुष्टि कारक एविडेंस प्राप्त नहीं हुए । आरोप पारस्परिक रंजिश के कारण लगाए जाने ज्ञात हुए है ।

आरोपों के सत्यता के विषय में निष्पक्ष विवेचना प्रचलित है ।

## आरओ/एआरओ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**बहराइच ।** जनपद के 22 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 23 परीक्षा केन्द्रों पर उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर भती हेतु 27 जुलाई 2025 को एक पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ श्री राम कुमार भानीरामका इण्टर कालेज चिलवरिया व एम्स इण्टरनेशनल स्कूल हुजूरपुर रोड बहराइच का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापकों कामेश्वर सिंह व शिती सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाये। तथा सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी करायी जाय। श्री राम कुमार भानीरामका इण्टर कालेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर करने तथा परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

## जमीनी विवाद में जीप चढ़ाने से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के कुरावन पूरे बैजू मिश्र गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट के दौरान जीप चढ़ाने से घायल वृद्ध की शुक्रवार को लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को पैतृक गांव में सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार किया गया। मृतक वृद्ध के पुत्र अरूण कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया था कि बीस जुलाई की रात लगभग ग्यारह बजे दिवाकर व प्रभाकर मिश्रा लाठी डंडों से लैस होकर बोलेरो गाड़ी से दरवाजे पर पहुंचे और मारपीट करने लगे घर के लोग कुछ समझ नहीं सके और इधर-उधर भागने लगे, उनके पिता शिव शंकर मिश्रा घर के बाहर रोड की तरफ भाग रहे थे तभी विपक्षी दिवाकर मिश्रा के साथ गाड़ी में बैठे प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि गाड़ी चढ़ाकर मार दो यह कहने पर दोनों ने एक राय होकर पिता शिव शंकर मिश्रा के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे उनका एक पैर बुरी तरह ज़ख़्मी हो गया, और जानलेवा चोटे आई थीं। गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज चल रहा था। शुक्रवार सायं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढाई जाएगी।

## 700 लीटर कच्ची शराब का किया गया विनिष्टीकरण



**बाराबंकी।** न्यायालय के आदेश पर थाना मसौली पुलिस व आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत माल मुकदमों से सम्बन्धित बरामद 700 लीटर कच्ची शराब का शनिवार को विनिष्टीकरण किया गया। गौरतलब है कि माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में माल निस्तारण की कार्यवाही के अंतर्गत आज थाना मसौली पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के विभिन्न अभियोगों में बरामद 700 लीटर कच्ची शराब के विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान प्रभारी निरीक्षक मसौली सुधीर कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक नवाबगंज इंगिता पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहारः चन्द्रभानु

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** वन रेंज कुमारगंज के संत भीखादास तपोस्थली पर वन विभाग की ओर से एक गोष्ठी व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान थे, जिन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं, जो हमें ऑक्सीजन, छाया और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। उन्होंने इस अवसर पर ह्लमां के नामह्ल थीम के तहत पीपल, आम और सहजन के पौधों का रोपण किया, जिससे उपस्थित लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी।क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सहजन भडाराअभियान चलाया गया।

# आरक्षण दिवस पर सांसद उत्कर्ष वर्मा का भव्य स्वागत

जिला संवाददाता

**बहराइच।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार स्थल बहराइच पहुंचने पर मुख्य अतिथि सांसद उत्कर्ष वर्मा का सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व पूर्व मंत्री याशर शाह ने भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि माननीय उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि आजादी के बहुत पहले इस देश में बहुजन समाज को अपनी कोल्हापुर रियासत के बहुजन नायक छत्रपति शाहू जी महराज को नमन करता हूँ जिन्होंने अपने राज्य में आज के ही दिन दलितों और पिछड़ों को 50% आरक्षण देकर देश के दलितों वँचितों और पिछड़े समाज को सामाजिक न्याय देने की शुरूआत की थी ।देश की गद्दी पर आसीन पूंजीपतियों की सरकार सरकारी नौकरी ठेके पर



(आउटसोर्सिंग )पर देकर और संविधान को खत्म कर प्रजातान्त्रिक व्यवस्था करने पर उतारू है, संसदीय परम्पराओं की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है ! ई डी और सी बी ई के जरिये विपक्ष को धमकाने का काम हो रहा है,उन्होंने कहा कि पूरा देश आज सपा प्रमुख पीड़ीए नायक अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है जिन्होंने उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर उनके संविधान को खत्म करने की मंशा पर पानी फेर दिया है उन्होंने सभा मे उपस्थित लोगों को सामाजिक न्याय की लड़ाई में सपा के साथ खड़े होकर भाजपा को हराने का जोरदार आवाहन किया ! कार्यक्रम को पूर्व मंत्री याशर शाह ने भी सम्बोधित किया ओर कहा कि वर्तमान समय में संविधान को बचाने के लिए एवं पीडीए समाज को उनका हक सम्मान दिलाने के लिए,उनकी लड़ाई लड़ने के लिए पूरे देश मे सिर्फ एक नेता संघर्ष कर रहा है वो है अखिलेश यादव जी, हम सभी समाजवादी लोग आज से ही यह प्रण लेते है कि 2027 चुनाव मे अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभी से ही अपना बूथ सेक्टर को मजबूत करने मे जुट जाए।

इस सम्मेलन मे विधायक मारिया शाह, विधायक आनंद यादव, पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक के०के० ओझा, पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, शिक्षक सभा के जितेंद्र मौर्य, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मन्नू देवी, अनवर वारसी शैलेश शैलू नें भी अपने विचार रखे ! कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट तथा संचालन महामंत्री सुनील निषाद नें किया ।कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष देवेशचंद्र मिश्र, उत्तम सिंह एडवोकेट, अनिल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुंदरलाल बाजपेयी, हाजी इमलाक खान, ई० राकेश सोनकर, अनिल यादव, सुमन शर्मा, अफशाल शानू, नंदेश्वर यादव, जावहर यादव, मो० आसिफ समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सरकार अयोध्या को देगी नये आंगनबाड़ी केंद्रों की सौगात

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में 70 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण को बेहतर करना है, ताकि नौनिहालों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके ।नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति देने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाल ही में टेक्निकल बिड खोली गई है, जिसके बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन भी कर लिया गया है।

अधिकारियों ने सुनिश्चित किया है कि ये केंद्र शहर के उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जहां बच्चों और उनके परिवारों को इनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## बहराइच मेडिकल कॉलेज में लापरवाही पर विधायक की शिकायत, जांच समिति गठित



**बहराइच।** के महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज में एक प्रसूता महिला को भर्ती न करने के मामले में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शासन को शिकायत की थी। इस शिकायत पर ध्यान देते हुए प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है।इस मामले में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और कई चिकित्सक जांच के दायरे में हैं। विधायक ने डॉ. अन्नू श्रीवास्तव और प्राचार्य डॉ. संजय खत्री से संपर्क किया, लेकिन इसके बावजूद कोई उपचार नहीं किया गया। इस लापरवाही के कारण प्रसूता का परिवार निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए मजबूर हुआ।

पयागपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुभाष त्रिपाठी ने 24 जुलाई को शासन को पत्र भेजकर बताया कि उमेश पाल की पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराने में चिकित्सकों और स्टाफ द्वारा उपेक्षा की गई।

शासन में शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया है। गठित समिति में चिकित्सा शिक्षा के डीजी किंजल सिंह, विशेष सचिव कृतिका शर्मा और फ्ब्छ प्रोफेसर नीतू सिंह शामिल हैं, जो इस शिकायत की जांच करेंगे। जांच के बाद दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## मजदूर को विषैले जंतु ने डसा, मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** धान की रोपाई करते समय मजदूर की विषैले जंतु के काटने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी मतोले (55) शनिवार को सुबह बगल के गांव लौहरा में धान की रोपाई करने गए थे। खेत में रोपाई करते समय किसी विषैले जंतु ने काट लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जब तक एम्बुलेंस सीएचसी पहुंचती तब तक उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चार घरों से लाखों का सामान चोरी

**डीह, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में बीते दो दिनों में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाकर लाखों का सामान पार कर दिया। परशदेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बंगला मजरे फागुपुर निवासी रेनु, धीरज यादव और शोभनाथ के घर से चोर गुरुवार की रात में हजारों का सामान उड़ा ले गए। पुलिस अभी मामले की जांच कर ही रही थी कि शुक्रवार रात चोरों ने सिटकहिया निवासी रामदेव के घर से भी हजारों का सामान पार कर दिया। लगातार दो दिन से हो रही चोरियों से क्षेत्रवासी दहशत में हैं। पीड़ितों ने तहरीर पुलिस चौकी में दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दुर्गा धाम पर आल्हा गायन आज

**सुलतानपुर।** जिले के अखंडनगर ब्लॉक सहित अन्य जिलों के 52 गांव में फैले हुए कच्छवाहा वंशी क्षत्रिय समाज की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा मंदिर धाम पिलाई कोट देवनगर के भव्य मंदिर में रविवार को आल्हा गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पूर्वांचल के मशहूर आल्हा सम्राट बाबू फौजदार सिंह आल्हा गायन करेंगे। आयोजक मनोज प्रभाकर सिंह ने बताया कि आल्हा गायन रविवार दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

## विद्यालय में अनुपस्थित शिक्षकों पर गिरी गाज

**सुलतानपुर।** पीपी कमैचा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रामनगर में बच्चों द्वारा स्कूल की सफाई करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। बीएसए के अनुसार वायरल वीडियो में बच्चे स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते नजर आ रहे हैं, लेकिन विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि चार शिक्षकों और एक शिक्षामित्र का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। साथ ही सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि विद्यालयों में अनुशासनहीनता और शिक्षकों की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में छात्र स्कूल परिसर की साफ-सफाई करते दिखाई दिए थे जबकि शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

# शहीद सैनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि

## एनएसपीएस त्रिपुला में मना कारगिल विजय दिवस




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में कारगिल विजय दिवस पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री प्रजापति ने बताया कि स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई को भारत विजय के साथ इस युद्ध की समाप्ति हुई। ऑपरेशन विजय नाम से 2 लाख सैनिकों के साथ कारगिल क्षेत्र में हुए इस युद्ध में 527 सैनिकों ने अपना बलिदान दिया और करीब 1400 सैनिक घायल हुए थे। आज हम देश की आन बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर माँ भारती के सम्मान की रक्षा करने वाले इन सैनिकों के सम्मान में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। श्रद्धांजलि के दौरान सेना की वर्दी में छात्र अक्षय और रूद्र की भूमिका ने सैनिकों की उपस्थिति का आभास कराया और छात्र श्रेष्ठ द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने उपस्थित विद्यार्थियों में जोश भर दिया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सैनिकों के शौर्य को किया नमन

**रायबरेली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन में एक जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने की। संगोष्ठी में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर योद्धा सरनाम सिंह को अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मंच पर रिटायर्ड सेना अधिकारी विनोद वाजपेई, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी के प्रस्तावना भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने कारगिल विजय दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा, कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है। यह वह दिन है जब हम अपने वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हैं और गर्व से भर जाते हैं। उन्होंने डिग्री कॉलेज स्थित शहीद चैक पर पुष्प अर्चन कर शहीदों को नमन भी किया। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, कारगिल विजय दिवस के पीछे सैकड़ों सैनिकों का बलिदान है। उनके परिवारों के साथ मिलकर उनके सुख-दुख में शामिल होना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सैनिकों के बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए सभी से देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कारगिल युद्ध के योद्धा सरनाम सिंह और रिटायर्ड सेना अधिकारी विनोद वाजपेई ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने युद्ध के दौरान की चुनौतियों और सैनिकों के अदम्य साहस की कहानियां साझा कीं, जिसने उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, राजेंद्र चतुर्वेदी, शरद सिंह, विवेक शुक्ला, जनमेजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुज मौर्य, सुनील सिंह, अभिषेक वर्मा, आशुतोष पांडे, नवजीत सलूजा, वीरेंद्र सिंह, भागवत किशोर सिंह, पंकज मुररका, मुकेश श्रीवास्तव, सुधा अवस्थी, गौरव रस्तोगी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक कारगिल दिवस के अवसर पर जिला व षहर कांग्रेस कमेटी ने षहीद स्मारक मुंशीगंज में कारगिल युद्ध में षहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के मध्य 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जिसमें भारतीय सेना के षौर्य व पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा, इस युद्ध में पाकिस्तान की बुरी तरह हार हुई और भारतीय जवानों की बहादुरी ने इतिहास रच दिया, कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान में हम सब उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कारगिल का युद्ध जिस विपरीत परिस्थितियों में भारतीय जवानों ने लड़ा उसकी जितनी भी प्रषंसा की जाय वह कम है, आज भी पाकिस्तान कारगिल की मार याद करके तड़प उठता है, भारतीय जवानों ने कारगिल की पहाड़ियों से न सिर्फ दुष्मनों को खदेड़ा, बल्कि अपने पराक्रम से देष का मान-सम्मान बढ़ाया।

## समस्याओं का निराकरण कराना ही हमारी प्राथमिकता : केएल शर्मा



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा द्वारा स्थानीय जन समस्याओं पर गंभीर जनसुनवाई की गई। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में सांसद द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर आयोजित किया गया था, जिसमें जनता ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। जल आपूर्ति, बिजली कटौती, सड़कें जर्जर होने, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली जैसी अनेक समस्याएं लोगों ने सांसद के समक्ष रखीं। सांसद ने न केवल प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुना, बल्कि संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जनता की समस्याएं सुनना और उनका निराकरण करना ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि इसमें समाधान की स्पष्ट मंशा दिखाई दी। जनभागीदारी और पारदर्शिता के इस प्रयास की लोगों ने भी सराहना की। कई वर्षों से लंबित पड़ी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई की पहल से जनता में विश्वास की भावना जगी है। इस प्रकार की जनसुनवाई कार्यक्रम लोकतंत्र की आत्मा को मजबूत करते हैं, जहाँ जनप्रतिनिधि सीधे जनता से संवाद कर सकें। यदि इसी तरह निरंतर और ईमानदारी से समस्याओं का संज्ञान लिया जाए, तो जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सकता है। सांसद की यह पहल निश्चित ही अनुकरणीय है और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रेम नरायन तिवारी, विजय पासी, राम बरन कश्यप, मुन्ना त्रिसुंडी, राजेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता अनिल सिंह क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 11 वर्षीय बच्ची से रेप मामले में चार्जशीट दाखिल 100 घंटे में जांच पूरी, 5 दिन पहले हुई थी रिपोर्ट

**अमेठी।** पुलिस ने महिला संबंधी अपराधों के प्रति कड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुष्कर्म मामले में मात्र 100 घंटे में जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल कर दी है. पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई. 20 जुलाई 2025 को थाना मुसाफिरखाना में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार, सुरजीत निषाद नामक व्यक्ति ने उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ दोपहर लगभग 1 बजे घर में अकेला पाकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया था। शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. जांच के दौरान पीड़िता की वास्तविक उम्र 11 वर्ष 11 माह 5 दिन पाई गई. प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और अन्य साक्ष्य एकत्र किए. 22 जुलाई को आरोपी सुरजीत निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. वर्तमान में आरोपी जिला कारागार सुल्तानपुर में निरुद्ध है. पीड़िता और आरोपी के मेडिकल परीक्षण से प्राप्त नमूनों को 24 घंटे के अंदर विधि विज्ञान प्रयोगशाला में भेजा गया। एफआईआर दर्ज होने के मात्र 72 घंटे के अंदर 23 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध धारा 65(2), 115(2), 333, 351(3) बीएनएस और 5(ड)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र संख्या ए-166/2025 न्यायालय में प्रेषित कर दिया गया. अमेठी पुलिस अब न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने के लिए प्रयासरत है।

## एक ही मान्यता पर चल रहे हैं दो-दो स्कूल

**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों को मर्जर व पेयरिंग के लिए जिम्मेदार बिना मान्यता के विद्यालय खुलेआम चलाए जा रहे हैं। सरकारी निदेशों के बाद भी स्थानीय अधिकारी उन्हें बंद करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। जांच के नाम पर सिर्फ नोटिस नोटिस का खेल चल रहा है। मामला गंभीर तो तब और हो गया जहां एक ही मान्यता पर दो-दो विद्यालय अलग-अलग स्थानों पर चलाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जून माह से मर्जर और सरप्लस शिक्षकों का स्थानांतरण जोरों से है। जहां एक तरफ शिक्षक संगठन सरकार का खुलेआम विरोध करने पर आ गए हैं वहीं मर्जर के लिए जिम्मेदार गैर मान्यता के विद्यालयों को बंद करने के लिए अधिकारी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। अधिकारी जो मर्जर या पेयरिंग के लिए अपने ही विद्यालयों पर जल्दबाजी दिखा कर अपने विद्यालयों को तत्काल बंद करवा दिये वहीं अब गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करने से पीछे हट रहे हैं।

**केस एकः-** प्रियदर्शनी पब्लिक स्कूल भदोखर राही की मान्यता जूनियर तक है वहां पर हाई स्कूल तक कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं इसी के नाम से इसी मान्यता पर कलसहा राही में भी एक विद्यालय चलाया जा रहा है।

**केस दोः-** आदर्श पब्लिक स्कूल भरतगंज राही के नाम से जूनियर तक मान्यता है वह विद्यालय चाकपालों में संचालित है जबकि इसी नाम से डीह में भी आदर्श पब्लिक स्कूल जूनियर तक चलाया जा रहा है।

**केस तीनः-** विवेकानंद पब्लिक स्कूल मूल रूप से सूची सलोन में संचालित है। रामगंज में भी इसी मान्यता पर विवेकानंद पब्लिक स्कूल रामगंज राही संचालित हो रहा है।

**केस चारः-** शिवगढ़ विकास क्षेत्र में अखिल भारतीय बाल विद्या मंदिर शिवगढ़ के नाम से मान्यता है जो गुमावां बॉर्डर पर संचालित किया जा रहा है। योगीराज चंद्र मोहन जी महाराज विद्यालय की मान्यता 6 से 8 की है वहां प्राथमिक विद्यालय चलाया जा रहा है।

इसके अलावा आरपीटीडी पब्लिक स्कूल भटपुरवा, नंद पब्लिक स्कूल रुस्तमपुर, सक्सेस पब्लिक स्कूल रुस्तमपुर, बाबू हरपाल पब्लिक स्कूल लोधवारी, बालकृष्ण पब्लिक स्कूल राही बिना मान्यता के संचालित हो रहा है।

# एसडीएम पर कार्रवाई की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन जारी, एक की तबीयत बिगड़ी

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ तहसील परिसर में एसडीएम पर कार्रवाई की मांग को लेकर किसानों का अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठे किसानों में से एक की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बावजूद आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होगा, वे पीछे नहीं हटेंगे, इसके लिए जान ही क्यों न चली जाए। भारतीय किसान यूनियन (हिन्द गुट) के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह के नेतृत्व में पांच किसान भूख हड़ताल पर हैं। इनके समर्थन में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष किसान भी तहसील परिसर में डटे हुए हैं। शुक्रवार की रात एक किसान की तबीयत गंभीर होने पर अधिकारियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। शनिवार को सीओ सिटी प्रशांत सिंह और कादीपुर एसडीएम ने आंदोलनकारियों को मनाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांग पर अडिग रहे।

**राजनीतिक समर्थन में तेजी**

किसानों के इस आंदोलन को अब राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस और अन्य किसान संगठनों के अलावा सुहेलदेव समाज पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष विनीत सिंह व संगठन मंत्री मनोज शर्मा अनशन स्थल पहुंचे और किसानों से संवाद कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजपति तिवारी, जिला अध्यक्ष कमलेश वर्मा, मुन्नीलाल वर्मा, रीता, गीता, बीना सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। देर शाम तक प्रशासनिक अधिकारी किसानों को समझाने में जुटे रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका।

## सीएचसी बल्दीराय में टॉर्च की रोशनी में हो रहा आपरेशन और इलाज

**सुलतानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोर लापरवाही सामने आई है, जहां बिजली आपूर्ति बाधित होने पर मरीजों का इलाज और ऑपरेशन टॉर्च की रोशनी में किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदतर स्थिति से मरीजों और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मामले की जानकारी मिलते ही इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने गंभीर संज्ञान लिया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से अस्पताल में साइलेंट जनरेटर की व्यवस्था कराने की मांग की है। विधायक ताहिर खान ने कहा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था का न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजपाइयों ने शहीद परिवारों को किया सम्मानित

**सुलतानपुर।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर शनिवार को भाजपा द्वारा अखण्डनगर विकास खंड स्थित नवयुग पीजी कॉलेज, बीरी सहजन में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में चार शहीद परिवारों और चार पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर देशभक्ति की मिसाल कायम की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.के. सिंह ने कहा कि यह दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के सैनिकों का जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सेनाएं दुर्गम पहाड़ियों पर इंच-इंच लड़ती रहीं और अंततः हर चौकी को दुश्मनों से मुक्त कराया। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के इतिहास में गौरव की किरण की तरह चमकता है। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सभी का आभार जताया, जबकि संचालन जिला मंत्री राजेश सिंह ने किया। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि शहीद नीलेश सिंह, महेंद्र यादव, शशांक यादव और विक्टर सिंह के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व सैनिक परिक्रमा सिंह, भीमसेन पांडेय, सभाजीत पांडेय और ओम प्रकाश सिंह को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में विधायक राजेश गौतम, भाजपा महामंत्री विजय त्रिपाठी, आयोग सदस्य घनश्याम चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण से प्रशिक्षुओं को मिला सांस्कृतिक और शैक्षिक अनुभव

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, सुल्तानपुर के बी.एड. द्वितीय वर्ष के 46 प्रशिक्षुओं का सात दिवसीय शैक्षिक भ्रमण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध शहरों—आगरा, मथुरा, वृंदावन, फतेहपुर सीकरी और जयपुर—में संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। शैक्षिक दल का नेतृत्व बी.एड. विभाग के डॉ. संतोष अंश और डॉ. सीमा सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को भ्रमण के दौरान हर स्थल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता से परिचित कराया। आगरा में छात्रों ने ताजमहल और आगरा किले का गहन अध्ययन किया, जबकि फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा, दीवान-ए-खास, शेख सलीम चिश्ती की दरगाह आदि का भ्रमण किया। मथुरा और वृंदावन में धार्मिक स्थलों के दर्शन कर भारतीय संस्कृति और दर्शन से जुड़ी गहरी अनुभूति प्राप्त हुई। जयपुर में प्रशिक्षुओं ने आमेर किला, हवा महल, बिड़ला मंदिर, सिटी पैलेस, एशिया के सबसे बड़े सिनेमा घर राज मंदिर, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय समेत अन्य प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। बाजारों में खरीदारी कर उन्होंने स्थानीय संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। कॉलेज के प्रबंधक बालचंद्र सिंह ने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रत्यक्ष अनुभव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने भ्रमण को छात्रों के अनुशासन, टीमवर्क और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने वाला बताया। डॉ. संतोष अंश और डॉ. सीमा सिंह ने भ्रमण को वैचारिक व सांस्कृतिक उन्नति का माध्यम बताया। अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए एक चर्चा-सत्र में भाग लिया और भ्रमण से संबंधित रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। कॉलेज प्रशासन ने इस सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही।

## सैनिक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस

**अमेठी।** शनिवार को सैनिक स्कूल अमेठी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय पराक्रम, साहस और बलिदान को सम्मान देते हुए 26 जुलाई शनिवार को कारगिल विजय दिवस का गौरवपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर देशभक्ति की भावना, चिंतनशील मौन और सम्मानित सैन्य नेताओं के प्रेरक शब्दों का उच्चारण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

## कोंचिंग से लौट रही छात्रा से शोहदों ने सरेराह की छेड़खानी

- पीड़िता ने दो आरोपियों को नामजद कर आयेदिन परेशान करने का लगाया आरोप

**रायबरेली।** कोचिंग से घर जा रही नाबालिक छात्रा के साथ दो युवकों द्वारा छेड़खानी किये जाने का मामला प्रकाष में आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा की पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस को षिकायती पत्र देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी बालिका ने बताया कि वह कस्बे के बैसवारा इंटर कालेज की इंटर की छात्रा है। विद्यालय के बाद वह कोचिंग पढ़ने के लिये मुबारकपुर स्थित एक संस्थान प्रतिदिन जाती है। जहां से वापस लौटते समय दयालपुर गांव के दो षोहदे अक्सर उसके साथ अष्लील हरकतें व छेड़खानी करते है। बालिका ने बताया कि आज वह कोचिंग से लौट रही थी तभी पूरे बेंचू गांव के पास दोनों आरोपी मिल गये और जबरन उसकी साईकिल रोककर उसके साथ अष्लीलता करने लगे जिसका विरोध करने पर दोनों ने उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। बालिका के चीखने की आवाजें सुनकर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी बाईक समेंत फरार हो गये। डरी सहमी छात्रा अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी दास्तां बताई। जिसके बाद परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और दोनों आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस को षिकायती पत्र दिया है। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि दयालपुर गांव के सनी व गौरव पासवान के खिलाफ छेड़खानी किये जाने की षिकायत मिली है। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## प्रसूता की मौत के मामले में थाने का किया घेराव

**सलोन, रायबरेली।** प्रसूता की मौत के मामले में शनिवार को भीम आर्मी के साथ पहुँचे मृतक के परिजनों ने कोतवाली पहुँचकर थाने का घेराव किया। इस दौरान लापरवाह डॉक्टरों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। भीड़ को देख कोतवाल भड़क उठे। परिवार के लोगों ने एसडीएम से मिलकर सीएचसी के दोषी डॉक्टरों पर कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा है। कोतवाली क्षेत्र के धरई गांव की प्रसूता प्रीति को गुरुवार की शाम सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया था। महिला ने भर्ती होने के एक घण्टे बाद बेटे को जन्म दिया था। जन्म देने के बाद ही प्रसव पीड़िता की ब्लीडिंग शुरू हो गई थी। जिसके बाद लगभग साढ़े नौ बजे प्रशव पीड़िता को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया था। परिजनों के मुताबिक जिला अस्पताल पहुँचते ही प्रसव पीड़िता की मौत हो गई थी। इसके बाद आक्रोशित परिजन महिला का शव लेकर सीएचसी पहुँच गए और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर भीड़ लेबर रूम में घुसकर बवाल काटा। अस्पताल के अंदर बिगड़े हालात के चलते मरीजो और स्टाफ नर्स में हड़कम्प मच गया था। प्रदर्शन की सूचना पर पहुँची पुलिस से भी पीड़ित परिजनों की घण्टो बहस हुई थी। हालांकि दोषियों पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद परिजन महिला के शव को पीएम के लिए भेजने को राजी हुए थे। शनिवार की दोपहर मृतक के परिजनों के साथ भीम आर्मी के सौ से अधिक लोग थाने का घेराव करने पहुँच गए। इसके बाद पुलिस पर दोषी डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही न करने का आरोप लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया

## बाबू की जगह टेक्नीशियन कर रहे दफ्तरों का काम

- निर्देशों को दरकिनार कर टेक्नीशियन को सौंपा गया प्रभार

**अमेठी।** जिले के विद्युत महकमे में कार्य के बंटवारे को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पावर हाउस पर तैनाती के लिए नियुक्त किए गए टेक्नीशियन फील्ड के बजाय कार्यालयों में बाबुओं का कार्य कर रहे हैं। अधीक्षण अभियंता कार्यालय से लेकर अधिशासी अभियंता कार्यालय तक में टेक्नीशियन अधिष्ठान व राजस्व संबंधी कामों में लगे हुए हैं। जिससे न केवल मूल कर्तव्य व दायित्व अनदेखी हो रही है बल्कि पावर हाउस पर कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अधीक्षण अभियंता कार्यालय से लेकर एसडीओ कार्यालय तक में बाबुओं की कमी या उनकी गैरहाजिरी के चलते टेक्नीशियन से ही कागजी कार्य लिए जा रहे हैं। यह स्थिति न सिर्फ नियमों के खिलाफ है, बल्कि तकनीकी स्टाफ की योग्यता का भी दुरुपयोग है। टेक्निशियन को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, लाइन मेंटेनेंस और पावर हाउस संचालन जैसे कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, लेकिन उन्हें कागजों में उलझाकर अधिकारी अपना काम अपने तरीके से निपटा रहे हैं। चार दिन पूर्व अधिशाषी अभियंता सौमिल सिन्हा ने चार टेकनीशियन को लिपिकीय कार्य की जिम्मेदारी देते हुए पत्र जारी किया है। कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक द्वारा पहले ही यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि टेक्नीशियन को लिपिकीय कार्य से हटाकर पावर हाउस या फील्ड ड्यूटी पर तैनात किया जाए, ताकि आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सके। बावजूद इसके जिले में यह निर्देश जमीन पर लागू होता नहीं दिख रहा। अधीक्षण अभियंता, धर्म विजय का कहना है कि टेक्निशियन से कार्यालय में राजस्व संबंधी कार्य नहीं लिया जा सकता है। यदि कोई कार्यरत है तो उनकी फील्ड में तैनाती की जाएगी।

# मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत




**लालगंज, रायबरेली।** कारगिल शहीद के विशेष दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज में पूर्व मंत्री लोकतंत्र सेनानी गिरीश नारायण पांडे स्मृति अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 15 स्कूलों के बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को लोकतंत्र सेनानी गिरीश नारायण पांडे स्मृति सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला मजिस्ट्रेट मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चे प्रोत्साहित होते हैं और खास तौर से समाज के सामने पुरस्कृत होने से दूसरे बच्चों में भी पढ़ने की ललक जाग उठती है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विद्या धन ही सबसे बड़ा धन है, विद्या से हमें विनय की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि राजा की पूजा तो देश तक सीमित है लेकिन विद्वानों की पूजा विदेश तक होती है। उन्होंने पूर्व मंत्री को राष्ट्र निष्ठा के प्रति समर्पित, शिक्षाविद, ईमानदार पूर्ण राजनीतिक क्षेत्र का कुशल मनीषी बताया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रम बच्चों में उत्साह का जागरण करते हैं और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अनंत पांडे ने कहा कि पिताजी सदैव बच्चों के प्रति बहुत प्रेम रखते थे और अच्छे बच्चों को प्रोत्साहित किया करते थे। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्यो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्या मंदिर के उप प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश पांडे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिन्द पांडे, अजय पांडे, बैसवारा कॉलेज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, विद्या मंदिर के प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार त्रिवेदी, शिशु मंदिर प्रबंधक कैलाशवाजपेई, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य ममता सिंह, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूदरहे।

## अध्यक्ष पद पर राजीव व महासचिव पद पर चुने गये अनुपम

**रायबरेली।** जिला न्यायालय कर्मचारी संघ विभिन्न कार्यकारी पदों के लिए प्रतीक कुमार श्रीवास्तव एवं प्रदीप कुमार अवस्थी की देखरेख में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्विरोध निर्वाचन के साथ संपन्न हुई। चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजीव कुमार मिश्रा, महासचिव पद पर अनुपम अग्रवाल चुने गये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि प्रकाश व फैयाजुल हसन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल एवं विजय सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा चुने गये।

## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अभियोग में आरोपी को गिरफ्तार किया गया

**अमेठी।** महिला संबंधी अपराधों के रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए कठोरतम सजा दिलाए जाने हेतु अमेठी पुलिस कटिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक रजत कौशिक के निर्देश में, व समस्त क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में महिला संबंधी अपराधों की शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए अमेठी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। 20जुलाई को वादिनी द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि सुरजीत निषाद पुत्र रामरूप निषाद द्वारा वादिनी की पुत्री उम्र करीब 13 वर्ष को समय करीब 1 बजे दिन में घर पर अकेला पाकर घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए वादिनी की पुत्री के साथ दुष्कर्म व मारपीट की गयी। उक्त शिकायत पर अविलम्ब थाना मुसाफिरखाना पर मु0अ0स0 198/2025 धारा 65(1), 115(2), 333 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम सुरजीत निषाद पुत्र रामरूप निषाद पंजीकृत किया गया। विवेचक प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह द्वारा तत्काल विवेचना प्रारम्भ की गयी। विवेचना के क्रम में वादिनी/पीड़िता का अभिकथन, घटनास्थल निरीक्षण आदि साक्ष्य संकलन किया गया।

संक्षेप

## रोडवेज बस और अज्ञात वाहन में भिड़ंत, चालक की मौत, पांच घायल

**मथुरा**। थाना बलदेव क्षेत्र अंतर्गत आज तडके यमुना एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन से रोडवेज बस पीछे से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मथुरा के थाना बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से नोएडा साइड में किलोमीटर 139 गांव मगना सराय पर अज्ञात वाहन से बस की टक्कर होने से चालक की मौत हो गई, अन्य 5 सवारियां घायल हो गई हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ संजीव राय व थानाध्यक्ष रंजना सचान ने बताया आगरा से नोएडा साइड यमुना एक्सप्रेसवे किलोमीटर 139 गांव मगना सराय पर शनिवार सुबह 4.50 पर अज्ञात वाहन में पीछे से रोडवेज बस टकरा गई। रोडवेज बस चालक शिवधारी पुत्र दर्शन यादव निवासी मझिगांवा रानी की सराय, आजमगढ़ की मौके पर मौत हो गई। हादसे में पांच सवारियां घायल हो गईं। बस परिचालक महेन्द्र मिश्रा पुत्र कृपाशंकर मिश्रा निवासी अरसिया थाना सरपताह जिला जौनपुर, अन्य सवारियां श्यामबहादुर पुत्र सुखराम निवासी तिलोही थाना मोहनगंज जिला अमेठी, गंगाराम पुत्र श्यामलाल, रवेन्द्र निवासी बिरहीपुर जिला सुल्तानपुर, प्रमिला को एम्बुलेंस द्वारा कृष्णा अस्पताल आगरा पहुंचाया गया है।

## कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का किया जोरदार स्वागत

**मथुरा**। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का मथुरा जाते समय बाजना कट यमुना एक्सप्रेसवे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर एमएलसी विधायक योगेश नोबाहर के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक दल के नेताओं और कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मथुरा में पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह के आवास पर केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी जयंत सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयंत सिंह ने राष्ट्रीय लोक दल के सभी कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। केंद्रीय मंत्री के स्वागत में अतुल सिसोदिया उर्फ.लवी भैय्या ने जोशीला स्वागत किया।

# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा ने शहीदों को किया नमन

## कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा वलदेव में स्थानीय होटल पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र गामा और विशेष अतिथि वलदेव विधायक पूरन प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह ने की।

मुख्य अतिथि नरेंद्र गामा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना के शौर्य के कारण देशवासी आज सुरक्षित हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें भारत की मिसाइलों ने आतंकियों का खात्मा किया। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने टाइगर हिल जैसे दुर्गम स्थान को फतह किया और इस युद्ध में भारत के 527 वीर जवान शहीद हुए थे। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना को मजबूती मिली है। अब भारत रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। पहले देश को हथियारों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब भारत खुद हथियार बना रहा है और दूसरे देशों को निर्यात भी कर रहा है। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुवेर्दी ने कहा कि सेना के बलिदान और योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में हथियार निर्माण इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं। इससे देश की रक्षा शक्ति में वृद्धि हुई है। इस दौरान संगोष्ठी में जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी, कार्यक्रम प्रभारी श्याम चतुवेर्दी, मनीष पाराशर, भानु प्रताप सिंह, अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गोयल, सालिग राम , नारायण पांडे ,मनोज चौधरी ,चेतन उपाध्याय, वीरपाल भरंगर,जयपाल सिंह, महेश, बबलू सोनी राजन लाल प्रधान, तरुण सैनी, रिंकू सोनी, देवेंद्र परिहार, देवेंद्र कौशिक कौशिक, समेत कई कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि आयोजित करेगा अब तक का मेगा जॉब फेयर

**मथुरा**। संस्कृति विवि देशभर के नौकरी से वंचित रह गए नौजवानों को रोजगार का एक बड़ा मौका दे रहा है। विवि में एक और दो अगस्त को एक मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लगभग 100 कंपनियां दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को नौकरियों का अवसर प्रदान करने आ रही हैं। संस्कृति विवि ने एक समग्र और सर्व कल्याण की भावना के तहत देशभर के सभी विवि और कालेजों के पासआउट विद्यार्थियों, जो अभी तक नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं इस जॉब फेयर में आमंत्रित किया है। उद्योग विभाग के स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी इस अवसर का लाभ उठाने में रुचि दिखाई है।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता का कहना है कि उनकी शुरू से ही सोच रही है कि हमारे किसी भी नौजवान का सपना पूरा करने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं, तो जरूर करूंगा। यही वजह है कि संस्कृति विवि विद्यार्थियों को स्वयं का उद्योग खड़ा करने के लिए भी बड़े कदम उठा रहा है ताकि वे खुद नौकरी देने वाले बनें। इसी उद्देश्य से डीएसटी ग्रांट से विवि 10 स्टार्टअप को एक करोड़ रुपये दे रहा है। इस मेगा जॉब फेयर आयोजित करने के पीछे भी यही भाव है। यह पूरी पारदर्शिता के साथ और सबके लिए होगा। इसके लिए सभी विवि, कालेजों और उद्योग विभाग से संपर्क किया जा रहा है। विद्यार्थी सीधे भी इसमें बिल्कुल फ्री रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हम जो भी इस तरह का आयोजन करते हैं वह विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित करते हैं। इस मेगा जॉब का सारा मैनेजमेंट संस्कृति विवि के विद्यार्थी ही कर रहे हैं। इससे सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि विद्यार्थियों का अनुभव बढ़ेगा। वे कंपनियों के एचआर से सीधे संपर्क कर सकेंगे, उनकी आवश्यकताओं को समझ सकेंगे। जॉब फेयर का प्रबंधन देख रहे विद्यार्थियों ने बताया कि अभी तक 100 कंपनियों ने खुद से जॉब फेयर में आने में रुचि दिखाई है। इस जॉब फेयर में 100 से अधिक कंपनियां आ सकती हैं। इनमें से कुछ जैनपेक्ट, आरके ग्रुप, जेबीएम ग्रुप, जस्ट डायल, दैनिक जागरण, जेटीईकेटी, टेक महिन्द्रा, कोकाकोला, रायस पैक, स्विगी, योकोहामा टायर्स, ब्लिंकिट, मिल्को मोर, नौकरी डाटकाम, फ्लिपकार्ट, बिगएफएम, बाधो, न्यूएलनबरी वर्क्स, गोल्डी मसाले आदि हैं। ताजा जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक नौकरियों की उपलब्धता सामने आ चुकी है, यह और भी अधिक हो सकती है। जाब फेयर में ऐंटरटेनमेंट, एफएम रेडियो के लिए जॉकी, एनीमेशन, एग्रो इंडस्ट्रीज, फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां भी आ रही हैं।

## डीएम-एसएसपी ने सुनीं शिकायतें



**फिरोजाबाद**। थाना नारखी में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जन समस्याओं को सुनते हुए निर्देशित किया कि राजस्व और पुलिस की टीम सदैव जन समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहें, सरकार का उद्देश्य है,कि सभी अधिकारी थाना दिवस में समस्याओं को सुने और उनका समाधान करें,साथ ही पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध कायम हो, जिससे जन समस्याओं के समाधान में आसानी हो सके,उन्होंने समस्त पुलिस टीम एवं राजस्व टीम को निर्देशित किया कि यहां उत्पन्न होने वाली भूमि विवादों और अन्य शिकायतों को त्वरित निस्तारण करें,सभी पुलिस अधिकारी और राजस्व की टीम जनता के प्रति संवेदनशील बने, जिससे जन समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर ही निस्तारण किया जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी के पास राजस्व सम्बंधी अधिक मामले आए जिसका जिलाधिकारी ने तुरंत निस्तारण कराया और कुछ का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सीओ टूंडला थाना प्रभारी नारखी सहित राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण उमस से छात्रा बेहोश, मची भगदड़

**आगरा**। आजकल गर्मी एवं भीषण उमस का दौर जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती जारी है। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की स्थिति इस भयंकर उमस में बहुत खराब है। उमस भरे मौसम में बिजली न आने के करण बच्चे बेहोश हो रहे हैं। शुक्रवार दोपहर को बिचपुरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अरतोनी कंपोजिट की कक्षा 4 की छात्रा सलोनी बेहोश हो गई। और एकाध घंटे बेहोश रही शिक्षकों ने डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने बताया गर्मी एवं भयंकर उमस की वजह से बीपी कम हो गया इसलिए बच्ची बेहोश हो गई है। दो तीन घंटे बेहोशी की अवस्था रही। बच्ची के बेहोश होते ही शिक्षक शिक्षिकाओं के हाथ पांव फूल गए। बच्ची के चेहरे पर पानी छिड़का, जिसके बाद वह होश में आयी शिक्षकों ने इलेक्टोरल पाउडर पिलाकर और पंखे से हवा की । विद्यालय की प्रधानाध्यापक अल्का गोयल ने बताया कि बच्ची के माता पिता दोनों फैक्टरी में मजदूरी करते हैं। उनके पिता को फोन करने के कई घंटे बाद अभिभावक बच्ची को ले गए। बिजली ये स्थिति तो शहर के पास वाले क्षेत्र की है। अधिकांश परिषदीय विद्यालय दूरदराज इलाकों में स्थित हैं जहां गांवों में विद्यालय समय में बहुत कम बिजली आती है। एक एक कमरे 60 से 70 बच्चे बैठते हैं। ऐसी भीषण उमसभरी गर्मी में दोपहर 2 बजे तक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाना अथवा रोकना शिक्षकों के बहुत मुश्किल भरा होता है। गर्मी की वजह से बच्चे उल्टी कर रहे हैं और बेहोश हो रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ आगरा के जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह का कहना है कि जिलाधिकारी आगरा को संज्ञान लेना चाहिए या तो भीषण गर्मी एवं उमस में विद्यालय समय कम कर दें या फिर विद्यालय समय में ग्रामीण अंचल में बिजली की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करें।

## सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने की मथुरा के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक

**मथुरा**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विनियमन समीक्षा समिति की सभापति डा. प्रज्ञा त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद के अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विनियमन समीक्षा समिति के सदस्य डा० जयपाल सिंह ॑व्यस्त॑ एवं डा० रतन पाल सिंह उपस्थित रहे तथा एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, एम0एल0सी0 योगेश नौहवार, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार द्विवेदी, सीएमओ डॉ संजीव यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विनियमन समीक्षा समिति के अनु सचिव अरुण कुमार शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक राम प्रकाश पाल, अपर निजी सचिव रविपाल सिंह सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समिति की अध्यक्ष डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय सदस्यों द्वारा विधान परिषद में प्रश्न उठाए गए हैं, यदि उनके संबंध में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, तो उसकी सूचना शीघ्र संबंधित सदस्य को दी जाए। उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। बैठक में माननीय सदस्य डॉ0 जयपाल सिंह व्यस्त ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी माननीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करे। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से माननीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराए तथा उनके मार्गदर्शन में अधिकाधिक जनसामान्य को लाभान्वित करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि माननीय जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे जाएं। सभी अधिकारी माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए निदेर्शों का शत प्रतिशत समयबद्धता से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। सदस्य डॉ0 रतनपाल सिंह ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीयूजी नंबर को स्वयं उठाए। उन्होंने कहा कि यदि किन्हीं कारणों से फोन नहीं उठा पाते है, तो बाद में कॉल बैक करे।

# कॉरिडोर व न्यास के विरोध में गोस्वामी महिलाओं ने बनायी मानव शृंखला



**मथुरा**। वृंदावन मंदिर बांकेबिहारी ट्रस्ट बनाए जाने के विरोध में आंदोलन लगातार जारी है। शनिवार 59वें दिन मंदिर के गोस्वामी और उनके परिवार की महिलाओं ने लगभग आधा किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शित किया। मानव श्रृंखला मंदिर गेट से विद्यापीठ चैराहे तक दिखाई दी।

मंदिर गेट से विद्यापीठ चैराहे तक फैली इस श्रृंखला में नारेबाजी और भजनों के बीच ब्रज की संस्कृति बचाने का जुनून साफ दिखा। महिलाओं ने प्रशासन पर निशाना साधा। सबने एक सुर में कहा हर दिन नए संगठन लाकर समर्थन का ढोंग रचा जा रहा है, लेकिन ब्रजवासी बंटेंगे नहीं। पुजारी परिवार की नीलम ने दो टूक कहा ॑न कॉरिडोर चाहिए, न न्यास। बनाना ही है तो यमुनापार बनाओ !॑ श्यामा गोस्वामी ने सरकार को ललकारा- ॑सनातन संस्कृति के नाम पर जातिवाद की सियासत ? जनता जाग चुकी है। कुंज गलियों से छेड़छाड़ हुई तो लाशें बिछेंगी तब बनाना अपना कॉरिडोर !॑ सांवरिया गोस्वामी ने चेतावनी दी- ॑यह मानव श्रृंखला सरकार के लिए आखिरी चेतावनी है। अध्यादेश वापस लो, वरना भूख हड़ताल से लेकर बड़ा आंदोलन तैयार है ॑

महिलाओं ने बताया कि प्रशासन बेवजह सरकार में अपने नंबर बढ़वाने को कॉरिडोर का समर्थन में कथित संगठनों को आगे कर रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि पूरे देश में आस्था से जुड़े बांकेबिहारी मंदिर के कॉरिडोर और यहां न्यास बनाने का लगातार विरोध चल रहा है जिसमें सरकार को चाहिए कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए मंदिर पर कॉरिडोर और न्यास बनाने का प्रस्ताव एक तरह जहां देश और प्रदेश की सरकार सनातन धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का दावा कर रही है वहीं एक वृंदावन की संस्कृति सभ्यता और कुंज गलियों को बर्बाद किए जाने का कुचक्र रचा जा रहा है।

## आगरा में ऊर्जा मंत्री के खिलाफ अग्रवाल युवाओं ने किया प्रदर्शन, बर्खास्तगी की मांग

**आगरा**। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की कथित टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज में गहरा रोष व्याप्त है। इस टिप्पणी के खिलाफ अग्रवाल युवा संगठन के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों युवाओं ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर एके शर्मा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शन की शुरूआत सुभाष पार्क से हुई, जहां संगठन के कार्यकर्ता एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा मंत्री होश में आओ, राज्यपाल जी से यह पुकार, ऊर्जा मंत्री को करो बर्खास्त.. जैसे नारे लगाए। मामले की पृष्ठभूमि में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का एक कथन सामने आया है, जिसमें उन्होंने विभागीय बैठक के दौरान कहा था, यह कोई बनिए की दुकान नहीं चला रहे कि पैसा ले लिया और सामान नहीं मिलेगा। इस कथन को वैश्य समाज ने अपमानजनक बताया है। अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा, वैश्य समाज देश के सबसे बड़े करदाताओं में से है और हर संकट में राष्ट्र के साथ खड़ा रहता है।

## डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद/टूंडला**। शनिवार को डीएम रमेश रंजन एवं एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा आज रविवार को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती 2023 प्रारंभिक परीक्षा को निष्पक्ष एवं सूचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु टूंडला में स्थित दो परीक्षा केंद्रों दिल्ली पब्लिक स्कूल व ठा. बीरी सिंह महाविद्यालय का निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि यहां पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगे हो,कंट्रोल रूम में भी एलईडी स्क्रीन वाले टेलीविजन लगे हो,जिन कमरों में परीक्षार्थी परीक्षा दे रहें हो,उनको छोडकर बाकी कमरों को बंद रखा जाएं,चतुर्थ श्रेणी का कोई भी कर्मचारी बिना ड्यूटी के अंदर प्रवेश नहीं करेगा,इस बात को सुनिश्चित कर लें,साथ ही साथ यहां पर साफ-सफाई पेयजल इत्यादि की व्यवस्था दुरुस्त कर लें।

इसके पश्चात डीएम और एसएसपी सौरभ दीक्षित पुलिस लाइन में लगे जोनल,सेक्टर,स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को महत्वपूर्ण निर्देशों को देने हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने गए, डीएम ने इस अवसर पर कहा कि जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी आपस में समन्वय के साथ टीम भावना के रूप में कार्य करेंगे, जिससे इस परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके, इस परीक्षा के प्रबंधन में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने परीक्षा केंद्रों पर जाकर भली प्रकार वहां की व्यवस्थाओं को देख लें, जिससे बाद में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो, जो भी आयोग द्वारा गाइडलाइंस जारी की गई है,उन समस्त गाइडलाइंस को सभी सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट अवश्य पढ़ लें, सभी क्षेत्राधिकारी एवं एसएचओ अपने-अपने क्षेत्र के होटलों को जाकर चेक कर लें कि वहां पर कोई अवैध व्यक्ति तो प्रवास नहीं कर रहा है,जो इस परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। डीएम ने कहा की परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है, कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर न आए, वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने ए0आर0एम0 को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को केंद्रों पर पहुंचाने हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था की जाए, ताकि उनको केंद्र पर पहुंचने में असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि केंद्र पर यदि परीक्षार्थी समय से 10 मिनट पहले तक आ जाएं तो उसे अवश्य प्रवेश दिया जाए,जिससे कोई परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित न होने पाए,इस अवसर पर बोलते हुए एसएसपी ने कहा कि हर केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की टीम भी लगाई गईं है, सभी पुलिस कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ संपर्क में रहेंगे, साथ ही परीक्षार्थियों के सामानों को क्लॉक रूम में रखने की समुचित व्यवस्था हो, जिससे परिक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, साथ ही ने कहा इस समय कावड़ यात्रा चल रहीं है, ऐसी स्थिति में परीक्षा छूटने के पश्चात जाम लगने की समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए पहले से ही ऐसी व्यवस्था कर लें।

## व्यापार संगठन ने जलकर वसूली पर जताया रोष, कहा- खुली लूट

**आगरा**। आगरा मंडल व्यापार संगठन की शुक्रवार को एक बैठक संगठन के कार्यालय में जल संस्थान आगरा द्वारा जबरन की जा रही वसूली के संबंध में की। बैठक में उपस्थित पूर्व महामंत्री गिरीश चंद गोयल ने बताया कि जल संस्थान द्वारा उपभोक्ता के बिल जमा कराये जाने पर अनाधिकृत रूप से पिछले पांच वर्षों का एरियर निकाल कर इस वर्ष के बिल में लगाया जा रहा है और उसकी वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में संगठन के अध्यक्ष पवन बंसल ने रोष व्यक्त करते हुए कहां की जबकि पिछले वर्ष 2024 25 तक का बिल उपभोक्ताओं का पूरा टैक्स जमा है लेकिन जब उपभोक्ता 2025 26 का अपना बिल जमा करने के लिए सूर्य नगर कार्यालय गए तब उनके हाथ में पिछले 5 वर्षों का एरियर जोड़कर बिल थमा दिया गया जो की न्यायोचित नहीं है। बैठक में महामंत्री त्रिलोक चंद शर्मा ने कहा कि संगठन भविष्य में इस विषय पर संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक करेगा और उनको टैक्स जमा करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराएगा। बैठक में मुख्य रूप से चरन जीत थापर, रिंकू अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, श्रीमती नीतू अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सचिन गर्ग, राजीव गुप्ता, प्रदीप लूथरा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# धर्मांतरण गिरोह का पाकिस्तानी कनेक्शन

**आगरा**। अवैध धर्मांतरण के लिए फंडिंग पाकिस्तान से की जा रही है। ये पूरा रैकेट दुबई से चलाया जा रहा है। दीनी शिक्षा भी ऑनलाइन दी जा रही है। इस मामले में पुलिस के हाथ नई जानकारी लगी है। अवैध धर्मांतरण गिरोह का पाकिस्तानी कनेक्शन भी सामने आया है। दुबई में बैठे पाकिस्तानी तहसीन, तनवीर और दिल्ली निवासी सुलेमान गिरोह के लिए फंडिंग करते थे। साथ ऑनलाइन दीनी तालीम भी देते थे। धर्मांतरण कराने वालों को पैसा उपलब्ध कराते थे। गिरोह के संपर्क में आईं दो युवतियों से पुलिस की पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है। इनमें एक बरेली तो दूसरी देहरादून की रहने वाली है। दोनों को गिरोह ने अपने जाल में फंसाया था। बरेली की युवती गिरोह के लिए काम करने लगी थी, जबकि देहरादून की युवती तैयार नहीं थी। वर्ष 2020 में बरेली की रहने वाली सुमैया उच्च शिक्षा के लिए देहरादून गई थी। पिता सेवानिवृत्त फौजी हैं। वो फैशन डिजाइनिंग से स्नातकोत्तर कर रही है। पढ़ाई के दौरान जेब खर्च की समस्या रहती है। उसने अपनी चचेरी बहन से बात की। उसके ऑनलाइन मल्टी लेवल मार्केटिंग का काम करने लगी। कंपनी में बरेली की उरूज और कश्मीर के पंपोर जिले की तायबा भी साथ काम करती थीं। उरूज ने युवती से दोस्ती कर ली। दोनों आपस में बात करने लगे। इसी बीच उसने उसे धर्मांतरण के लिए बताना शुरू कर दिया। धर्म का प्रचार करने लगी। इससे संबंधित साहित्य भी उसे उपलब्ध करा दिया। वर्ष 2022 मे उरूज ने कलमा पढ़वा धर्मांतरण करा दिया। युवती का नाम सुमैया रख दिया। इसके बाद उसकी मुलाकात कश्मीर के बासित मुश्ताक से करा दी।

### हिंदू युवतियों में सेवानिवृत्त फौजी की बेटी तो कोई आर्थिक तंगी का शिकार

उसने उसे रिवर्ट मुस्लिम के कई ग्रुप से जोड़ लिया। दिल्ली निवासी अभिनव कपूर उर्फ अब्दुल्ला के रिवर्ट इस्लाम ग्रुप से भी जुड़ गई। पाकिस्तानी तहसीन दुबई में रहता है। वह युवती को ऑनलाइन दीनी तालीम देने लगा। ग्रुप के कई सदस्य दिल्ली के अब्दुल रहमान से भी जुड़े हुए थे। वर्ष 2022 में सुमैया दिल्ली में अब्दुल रहमान के घर गई थी। अब्दुल रहमान ने उसका निकाह रिवर्ट मुस्लिम अब्दुल्ला से करा दिया। इसके बाद वह भी धर्मांतरण गिरोह के जाल में फंस गई। वह धर्म परिवर्तन कराने के लिए युवतियों को बताने लगी। गिरोह में फंसाने लगी। सुमैया की दोस्ती वर्ष 2021 में देहरादून क्षेत्र की युवती से थी। सुमैया के माध्यम से ही गिरोह के सदस्य उसका भी धर्मांतरण कराने का प्रयास कर रहे थे। मगर, युवती तैयार नहीं थी। गिरोह के संपर्क में रहने से युवती को कई जानकारी हाथ लगीं। युवती ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि दुबई में रह रहा पाकिस्तानी तहसीन, तनवीर और दिल्ली का सुलेमान गिरोह के लिए फंडिंग करते थे। वह दुबई से अब्दुल रहमान और आयशा के खाते में रकम भेजते थे। दोनों आरोपी इस रकम को अपने साथियों में बांटते थे। धर्म परिवर्तन वालों को भेजते थे। मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान ने दिल्ली में सुमैया का निकाह रिवर्ट मुस्लिम से कराया था। इसके लिए सभी कागजात भी तैयार कराए थे। उसका आधार कार्ड सुमैया के नाम से अपडेट करा अपने घर का पता दर्ज करा दिया था। वह उसका पासपोर्ट भी बनवाने वाला था। गिरोह ग्रुप में शामिल लोगों को जूम एप के माध्यम से दीनी तालीम दिया करते थे। इससे पकड़े जाने का डर भी नहीं रहता था। इसमें नमाज पढ़वाई जाती थी। साथ ही धर्म के बारे में भी बताया जाता था। ईमान नाम से एक ग्रुप भी बनाया था।

# भाजपा की कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित

- मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उप्र उपस्थित रहे




**टूंडला**। शनिवार को असन रोड स्थित के आरबी डिग्री कॉलेज में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी आयोजित हुई। विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि राम प्रताप सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी की विधिवत शुरुआत भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राम प्रताप सिंह चौहान ने सम्मुख उपस्थित पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाकिस्तान अपनी आदत से कभी बाज नहीं आया हमेशा पाकिस्तान की सेना ने आतंकवाद फैलाने का काम किया है व आतंकवाद के समर्थन में रहा है। पाकिस्तान की सेना व आतंकवादियों में लेश मात्र भी भिन्नता नहीं है पाकिस्तान की सेना ही आतंकवादी है व आतंकवादी ही पाकिस्तान की सेना है। विचार गोष्ठी में में पूर्व सैनिक नेम सिंह,अजय पाल सिंह, जगत सिंह,अवधेश सिंह, श्यामवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह,राघवेंद्र सिंह, राजू सिंह, सत्यवीर सिंह, समरजीत सिंह,सुनील सिंह, विक्रम सिंह,विशंभर सिंह आदि का शॉल व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत टूंडला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश धनगर के नेतृत्व में कॉलेज कैंपस में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। गोष्ठी में टूंडला ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र धनगर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश धनगर नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, टूंडला चेयरमैन भंवर सिंह जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह नीलम दिवाकर डॉ.अमित गुप्ता जिला मंत्री शैलेंद्र सिंह शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा,मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन गोपाल कृष्ण सिंह पुष्पेंद्र पाल सिंह,महिपाल निषाद,महावीर सिंह दिनेश गुप्ता,धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू, विनोद पाल सिंह बिन्नू, कोमल वाल्मीकि, शीलेंद्र धाकरे, हनी जादौन मुकेश धामा सतेंद्र धाकरे, अजय धनगर,सतेंद्र बघेल जुबीन भारद्वाज, देवांशू उपाध्याय गौरव सिसोदिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं का निस्तारण करें पंचायत सचिव : डीएम




**फिरोजाबाद**। डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में सीडीओ शत्रोहन वैश्य समस्त खंड विकास अधिकारियों एडीओ पंचायत सचिव डीसी मनरेगा परियोजना निदेशक की उपस्थिति में आईजीआरएस सहित विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। डीएम ने नारखी और शिकोहाबाद के एडीओ पंचायत को सबसे खराब आईजीआरएस निस्तारण हेतु एडवर्स एंट्री देने की बात कही,मदनपुर और एका के खंड विकास अधिकारियों का आईजीआरएस निस्तारण में स्थित सबसे खराब पाई गई।

डीएमने कहा कि सभी उपस्थित अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि मौके पर जाकर मामले की जांच करें, जब तक शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि न मिले,तब तक गुणवत्तापूर्ण आईजीआरएस निस्तारण नहीं माना जाएगा, उन्होंने आईजीआरएस के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 10 सचिवों को कारण बताओं नोटिस भी जारी करने के आदेश दिए,साथ ही साथ जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों की भर्ती शीघ्र कराये, साथ ही जिन पंचायत सचिवों के यहां पंचायत सहायकों की भर्ती के एक भी आवेदन नहीं आए, उनके वेतन रोकने के निर्देश डीएम ने दिए,साथ ही उन्होंने आदेश दिए कि ग्राम सभा की बैठक कराकर आवेदन प्राप्त करें,जिससे उनकी भर्ती शीघ्र कराई जा सके, जिलाधिकारी ने सबसे कम खर्च करने वाले एडीओ पंचायत की समीक्षा की जिसमें 7 एडीओ पंचायत सबसे कम खर्च करने की श्रेणी में दिखाई दिए,डीएम ने इन सभी एडीओ पंचायत को एडवर्स एंट्री देने की बात कही, साथ ही डीएम ने कहा कि यह स्थिति बेहद खेद जनक है, की एडीओ पंचायतों ने विकासात्मक कार्यों के कुछ भी खर्च नहीं किया है, साथ ही डीएम ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत सचिव पंचायत भवन पर नियमित 10 से 12 अवश्य बैठे, जिससे जन समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही किया जा सके,अगर कोई भी पंचायत सचिव 10 से 12 नहीं बैठेगा तो उसके वेतन में कटौती की जाएगी,सभी सचिवों को शासन ने समूहों के बढ़ोतरी हेतु सभी पंचायत सचिवों को एस आर एल एम में नोडल के रूप में नियुक्त किया है, इसलिए सभी सचिव पंचायत भवन में एस एस जी समूह की महिलाओं के साथ बैठक करें और समूह की प्रगति में अपना योगदान दें, साथ ही साथ सभी सचिव वर्तमान प्रधान व पूर्व प्रधान के द्वारा बताई गई समस्याओं को प्रारंभिक स्तर पर ही दूर करने का प्रयास करें, साथ ही साथ गांव के बने आरआरसी सेंटरों को सक्रिय करें, जिसका प्रभाव गांव में परिलक्षित होना चाहिए, इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले नौ सचिवों के एक दिन का वेतन काटने के आदेश जिलाधिकारी ने दिये।

# वृद्धि की रफ्तार बनाये रखना प्राथमिकता

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय आर्थिक वृद्धि के प्रेरकों में शामिल है। यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह वृद्धि चार वर्षों में सबसे धीमी थी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि 9.2 प्रतिशत थी।

आर्थिक समीक्षा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। सीतारमण ने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, वृद्धि को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। वृद्धि सर्वोपरि है, और इसलिए यह रोजगार सृजन के तरीके से भी जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को प्रासंगिक बनाए रखना, नेतृत्व की स्थिति में बने रहना और अन्य देशों के साथ आगे बढ़ना भी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने वैश्विक दक्षिण की आवाज को फिर से परिभाषित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने ए वर्ल्ड इन फ्लक्सः इंडियाज इकोनॉमिक प्रायोरिटीज नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि राजकोषीय बाधाओं के बीच घरेलू आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधन ढूंढना एक और प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के प्राथमिक चालकों में से एक है। वित्त मंत्री ने कहा, सार्वजनिक निवेश ने गति बनाए रखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट निर्देश रहा है कि हमें पूंजीगत व्यय को बढ़ाना है और उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के प्राथमिक चालकों में से एक है। सरकार का दूसरा मुख्य ध्यान एक अनुकूल और आकर्षक एफडीआई नीति के जरिये वृद्धि को बढ़ावा देना है, ताकि भारत में अधिक से अधिक निवेश हो सके।

# पीएम मोदी ने तमिलनाडु में 4,900 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण



तूतीकोरिन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तमिलनाडु में 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं तमिलनाडु में हवाई अड्डे, राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाह और बिजली से संबंधित हैं। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें 17,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला नया अत्याधुनिक टर्मिनल भवन भी शामिल है। इस मौके पर तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने प्रधानमंत्री को चेन्नई के प्रतिष्ठित वल्लुवर कोट्टम की प्रतिकृति, एक स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री पी. गीता जीवन, लोकसभा सदस्य कनिमोई और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने में बड़ी भूमिका निभाई और दुश्मनों की नींद उड़ा दी। मोदी ने कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में विकसित भारत और विकसित तमिलनाडु का संकल्प लिया।

## संक्षेप

### मराठी में नामपट्टिका न लगाने पर 65 प्रतिष्ठानों को नोटिस

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिला प्रशासन ने 65 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को अपने नामपट्टिकाओं पर मराठी भाषा में नाम नहीं लिखने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कार्वाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है जिनमें बताया गया था कि कई होटल, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि श्रम उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले भर में कई स्थानों पर विशेष अभियान शुरू किया गया। इसमें कहा गया है, विभिन्न टीमों ने नामपट्टिकाओं में प्रयुक्त भाषा की जांच के लिए अभियान शुरू किया। जिन प्रतिष्ठानों ने मराठी में नामपट्टिकाएं प्रदर्शित नहीं की थीं, उनकी पहचान की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद प्रवर्तन टीमों ने ऐसे 65 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए। इन व्यवसायों को निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए तुरंत अपनी नामपट्टिका बदलने का निर्देश दिया गया।

### पंजाब : मादक पदार्थ तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े एक मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अटारी निवासी रंजीत सिंह और करण मसीह तथा अमृतसर जिले के निवासी मनप्रीत सिंह और अजयपाल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने एक ऑटो-रिक्शा भी जब्त किया है जिसका इस्तेमाल आरोपी मादक पदार्थों की खेप लाने और पहुंचाने के लिए करते थे। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी शाह नामक एक पाकिस्तानी तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो सीमा पार से मादक पदार्थों की खेप गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करता था। उन्होंने बताया कि आरोपी राज्य के विभिन्न स्थानों पर यह खेप पहुंचाते थे।

### एक्साइड ने तैयार की लीथियम बैटरी

कोलकाता। एक्साइड इंडस्ट्रीज ने शनिवार को कहा कि वह अपने पारंपरिक लेड-एसिड बैटरी व्यवसाय और अगली पीढ़ी के लिथियम-आयन खंड पर ध्यान देकर ऊर्जा भंडारण के भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। कंपनी की 78वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में एक्साइड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्रीधर गोरथी ने कहा, व्यापक आर्थिक चुनौतियों और सभी क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय में मंदी के बावजूद, आपकी कंपनी ने मजबूती दिखाई है और नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और टिकाऊवृद्धि के नए क्षितिज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (ईईएसएल) के तहत लिथियम-आयन सेल निर्माण सुविधा में व्यावसायिक उत्पादन चालू वित्त वर्ष के दौरान शुरू होने की उम्मीद है।

# गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ जोड़ने पर चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने उर्वरक विनिर्माताओं को चेतावनी दी है कि यूरिया और डीएपी जैसे सब्सिडी वाले मृदा पोषक तत्व बेचते समय किसानों को कीटनाशकों, नैनो-आधारित फसल पोषक तत्वों जैसे गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को जबरन बेचने पर कड़ी कार्वाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले उर्वरक विभाग ने 21 जुलाई को इस मुद्दे पर सभी उर्वरक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को एक पत्र लिखा। पत्र में कहा गया, विभाग को पता चला कि कुछ गैर-सब्सिडी वाले उत्पाद जैसे कीटनाशक, नैनो उर्वरक, जैव-उत्तेजक और अन्य उत्पादों को यूरिया और डीएपीएनपीके जैसे सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ जोड़कर किसानों को बेचा जा रहा है। विभाग ने कहा कि उर्वरक आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तुएं हैं और इसलिए, अन्य उत्पादों को सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ गलत तरीके से जोड़ना इस कानून के साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का भी उल्लंघन होगा।

# सशस्त्र बल अब मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्वतंत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत की रक्षा नीति में व्यापक बदलाव आया है, क्योंकि पहले सशस्त्र बलों को सीमा पार से गोलीबारी का जवाब देने के लिए दिल्ली के आदेशों का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब वे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्वतंत्र हैं।

कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने दुश्मन देश के खिलाफ लड़ाई लड़कर पाकिस्तान से जुड़े आतंकवाद से निपटने में एक न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों और उनका समर्थन करने वालों को समान रूप से दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की परमाणु धमकी का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत का रक्षा उत्पादन और निर्यात बढ़ा है।

# फाडा ने ब्याज दर कटौती में देरी करने पर आरबीआई से की हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाहन बिक्रताओं के संगठन के महासंघ (फाडा) ने वाहन खरीदारों को ब्याज दरों में कटौती का लाभ देने में निजी बैंकों द्वारा कथित देरी के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से हस्तक्षेप की मांग की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा को लिखे एक पत्र में, फाडा ने वाहन ऋण पोर्टफोलियो में निजी बैंकों द्वारा रेपो दर में देरी की समीक्षा करने और वाहन उधारकर्ताओं को 100 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक निर्देश जारी करने की अपील की। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, आरबीआई ने अपने इतिहास में नीतिगत दरों में सबसे तेज़ कटौती की है, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक स्पष्ट सकारात्मक संकेत है। फिर भी, खुदरा वाहन क्षेत्र में इसका लाभ पूरी तरह से दिखाई नहीं दे रहा है। जहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक वाहन उधारकर्ताओं को रेपो दर में कटौती का लाभ तुरंत देते हैं, वहीं कई निजी बैंक आंतरिक लागत-मूल्यांकन के बहाने इसे लागू करने में देरी करते हैं। निजी बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए फाडा ने आरबीआई से आग्रह किया कि वह सभी बैंकिंग संस्थानों में नीतिगत दरों में बदलावों की सख्त और समयबद्ध निगरानी करे और उन्हें लागू करे।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर जारी छापेमारी

एजेंसी



मुंबई। मुंबई में रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्वाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एजेंसी ने कई स्थानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण जब्त किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय जांच एजेंसी ने 24 जुलाई को कथित तौर पर 3,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के तहत छापेमारी शुरू की थी। इसके अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोप भी हैं। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बृहस्पतिवार को छापेमारी की कार्वाई शुरू की गई थी और मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में से कुछ स्थानों पर यह शनिवार को भी जारी रही। उन्होंने बताया कि ये परिसर 50 कंपनियों और 25 लोगों के हैं, जिनमें अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल हैं। ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिये लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजार को बृहस्पतिवार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्वाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया में आई खबरों में जो जानकारी दी गई है वह 10 साल से भी पुरानी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन्स लिमिटेड (आरसीओएम) या रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के लेन-देन से संबंधित आरोपों से जुड़ी प्रतीत होती हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों को उनके संस्थानों में धनराशि प्राप्त हुई थी जो रिश्वत के लेनदेन का संकेत देता है। एजेंसी रिश्वत और ऋण से जुड़े मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी यस बैंक द्वारा रिलायंस अंबानी समूह की कंपनियों को दी गई ऋण स्वीकृतियों में पिछली तारीख के ऋण दस्तावेज, बैंक की ऋण नीति का स्पष्ट उल्लंघन कर बिना किसी उचित जांच या ऋण विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित करना जैसे घोर उल्लंघनों के आरोपों की जांच कर रही है।

# सदन में सोमवार से होगी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा शुरू होगी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाग लेने की संभावना है।

इस विशेष चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और ऐसे में यह चर्चा तीन दिन तक चल सकती है। चर्चा के दौरान विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क करने के बाद सैन्य कार्वाई रोकने पर विचार हुआ। लोकसभा सचिवालय ने सोमवार के अपने एजेंडे में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष चर्चा सूचीबद्ध की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी इस चर्चा में हस्तक्षेप करने की उम्मीद है, हालांकि सरकार की तरफ से इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को दुनिया की 33 राजधानियों तक पहुंचाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सांसदों के भी संसद के दोनों सदनों में होने वाली इस चर्चा में भाग लेने की उम्मीद है।

## पेज एक का शेष

### कृतज्ञ राष्ट्र

अवसर पर द्रास स्थित करगिल युद्ध स्मारक सहित देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के कारण शुरू हुए संघर्ष में 500 से अधिक भारतीय सैनिकों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, देशवासियों को करगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी करगिल युद्ध में भारत की जीत सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैन्य कर्मियों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, करगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

### भारत-मालदीव

परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व तक, मालदीव ने विश्व मंच पर अपने लिए एक विशिष्ट स्थान बनाया है। मोदी ने कहा, मालदीव के महान लोगों को मेरी ओर से शुभकामनाएं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिसरी समेत प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल के कई सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय यात्रा पर माले पहुंचे थे। उनका मुख्य उद्देश्य मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेना था। मोदी की मालदीव यात्रा को तनाव के दौर के बाद द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों में यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन के करीबी माने जाने वाले मुइज्जू नवंबर 2023 में इंडिया आउट अभियान के बल पर द्वीपीय राष्ट्र की सत्ता में आए हैं।

### सेना ने

को दी थी। इसके खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ऑपरेशन विजय को आगे बढ़ाया था। 26 जुलाई, 1999 को कारगिल विजय की घोषणा हुई थी। युद्ध में पाकिस्तान की सेना ऊंचाई पर थी, जबकि भारतीय सैनिक नीचे थे। लेकिन भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये थे। उस समय पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने अमेरिका के माध्यम से भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अमेरिका के दबाव के सामने नहीं झुके। अन्ततः पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा। आज हम कारगिल विजय दिवस के रूप में पूरे उत्साह और उमंग के साथ भारत माता के उन महान सपूतों को नमन कर रहे हैं। जब भी देश की आन-बान-शान के लिए अपना बलिदान करने की आवश्यकता पड़ी है, तो हमारे जवानों ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। विजय का वरण वही कर सकता है, जो चुनौतियों से जुझेगा और उनका सामना करेगा। जो युद्ध नहीं लड़ेगा, चुनौती स्वीकार नहीं करेगा तथा पलायन का रास्ता अपनाएगा, वह कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता है। समाज में विद्वेष पैदा कर उसे बांटने वाले तत्व नहीं, बल्कि चुनौतियों से जुझते हुए अपना मार्ग प्रशस्त करने वाले लोग ही अपनी मंजिल प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखण्डता सदैव बलिदान मांगती है। हमे भी इसमें अपना योगदान देना होगा। यदि आज हम चैन से सो पाते हैंए समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ पाते हैं, विकास के नये आयामों का लाभ ले पाते हैं और आधुनिक सुविधाओं से लाभान्वित हो पाते हैं, तो इसका कारण यह है कि भारत के वीर जवान सम विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल के युद्ध में लखनऊ के जांबाज जवान कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, कैप्टन आदित्य मिश्रा, लांस नायक केवलानन्द द्विवेदी, रायफल मैन सुनील जंग तथा मेजर रितेश शर्मा के योगदान का स्मरण पूरा देश करता है। आज हमें इन वीर जवानों के परिजनां का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। वाह्य व आन्तरिक सुरक्षा में शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार द्वारा 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को प्रदेश सरकार में नौकरी देती है। राज्य सरकार शहीद जवान के नाम पर एक स्मारक बनाये जाने में योगदान देती हैं।

### उन्नाव में

मिशन और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है और उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का उन्नाव जनपद, साहित्य, संस्कृति, इतिहास और प्रतिभा की एक विशिष्ट भूमि रहा है। गंगा मैया के आशीर्वाद से पावन यह भूमि चंद्रिका देवी मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों की उपस्थिति से समृद्ध है। स्वतंत्रता संग्राम में राजा राव रामबख्श सिंह जैसे वीरों ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। इसी धरती ने पं. प्रतापनारायण मिश्र, निराला, डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन, हसरत मोहानी जैसे साहित्य मनीषियों को जन्म दिया जिन्होंने लेखनी के माध्यम से भारत की चेतना को स्वर दिया। आज यह जनपद तकनीकी क्रांति की ओर एक नई उड़ान भर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का नया परिसर यहां स्थापित किया गया है। यह विश्वविद्यालय न केवल आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा और नवीनतम तकनीकी शिक्षा का संगम भी प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थानों की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि उन्होंने स्वयं को एक सीमित दायरे में, एक प्रकार से 'टापू' के रूप में बांध लिया था। युवाओं के हित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी अक्सर छात्रों तक नहीं पहुंच पाती थी। इससे वे अपने भविष्य की रणनीति समय पर नहीं बना पाते थे।

### बीएलए का

पाकिस्तान के सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया गया। बीएलए ने दावा किया कि हमले में तीन सैन्य वाहन सीधे तौर पर क्षतिग्रस्त हुए और लड़ाकों ने पीछे हट रहे सैनिकों को घेर लिया। इस दौरान 13 सैनिक मौके पर ही मारे गए। घटनास्थल से सैनिकों के हथियार छीन लिए गए इसके अलावा मस्तुंग के तल्ख कावी क्षेत्र में बीएलए लड़ाकों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से सैन्य कर्मियों को निशाना बनाया। इसमें मेजर जियाद नामक एक वरिष्ठ अधिकारी सहित छह लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। मस्तुंग के आब गुल क्षेत्र में एक दूसरे आईईडी हमले में कथित तौर पर दो और सैनिक मारे गए और चार घायल हो गए।

### झारखण्ड

माइकल एस. राज ने बताया कि अभियान अभी भी जारी है। गुमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हारिस बिन जमान ने कहा, मृतकों में से एक की पहचान घाघरा के बेलागड़ा निवासी 32 वर्षीय दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान करने की कवायद अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि जेजेएमपी के सदस्य पिछले दो-तीन दिनों से लावादाग चोरलटवा गांव के पास एक घर में छिपे थे। उन्होंने कहा पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और भागने की कोशिश की। इसके बाद जवाबी गोलीबारी में जेजेएमपी के तीन सदस्य मारे गए, जबकि दो भागने में सफल रहे।

### स्वर्ण अक्षरों

उपनल से 22,500 युवाओं को रोजगार मिल चुका है और विनियमितीकरण की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। सैनिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल और चमोली जिलों में सैनिक विश्राम गृहों की स्थापना की घोषणा की। इससे सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिजनों को यात्रा और प्रवास में बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेनाएं पहले से कहीं अधिक सशक्त और तकनीकी रूप से समृद्ध हुई हैं। हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने मात्र चार दिन में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। यह नया भारत है जो बहन-बेटियों की ओर उठने वाली हर नजर को जड़ से खत्म कर देता है। अब गोली का जवाब गोले से दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते चार वर्षों में उत्तराखंड सरकार ने सैनिकों और उनके परिजनों के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं, जिनमें शामिल हैं। देहरादून में सैन्य धाम का निर्माण अंतिम चरण में है जिसमें प्रदेश की 28 नदियों का जल और शहीदों के घरों से लाई गई मिट्टी समाहित की गई है। अनुग्रह राशि में पांच गुना बढ़ोतरी 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया गया है। परमवीर चक्र विजेताओं को अब 1.5 करोड़ की सम्मान राशि दी जाएगी। ड्रोन दीदी योजना के तहत वीरांगनाओं और शहीदों की बेटियों को ड्रोन ऑपरेशन का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 60 वर्ष से ऊपर पूर्व सैनिकों के लिए मुफ्त बद्रीनाथ यात्रा कराई जा रही है। सरकारी नौकरी में अब तक 37 शहीद आश्रितों को नौकरी दी गई।

### छांगुर बाबा

ने दो दिन का समय और मांगा था, इसलिए उसे दो दिन का समय और दिया गया। दो दिन पूरा होने के बाद शनिवार को कार्रवाई की गई। मकान में एक किचन, एक कमरा और एक बरामदा बना हुआ था। धर्मांतरण में करता था सहयोग, बजाता है बैंड बाजा एटीएस की जांच पता चला है कि सबरोज पहले शादियों में बैंड-बाजा बजाता था। कव्वालियां भी करता था। इसी दौरान वह अपने चाचा छांगुर के साथ गिरोह से जुड़ गया। छांगुर बाबा की पत्नी कुतबुन्निशां रेहरा माफी गांव की पूर्व में 2011 से लेकर लगातार दो बार प्रधान रह चुकी है। इसी दौरान सबरोज ने छांगुर की मदद से सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था और उस पर मकान बनवा दिया। जिसे आज बुलडोजर से गिरा दिया गया। छांगुर के भतीजे के घर बुलडोजर एक्शन के दौरान डीएम पवन अग्रवाल और एसपी विकास कुमार भी मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि गांव रेहरा माफी छांगुर का पैतृक गांव है। उसके भतीजे सबरोज का ये मकान सरकारी नवीन परती जमीन पर बना हुआ था। जिसे आज बुलडोजर से गिरा दिया गया है। एहतियातन गांव में 4 थानों का फोर्स और पीएसी को भी तैनात किया गया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आधे घंटे में पूरी कर ली गई है।

### धर्मांतरण मामले

कर तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया जा चुका है। वहीं, नोएडा के सेक्टर 113 थानाक्षेत्र में कथित रूप से एक महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ काफी दिनों तक बलात्कार करने तथा अब उसपर धर्म परिवर्तन करने एवं शादी करने का दबाव डालने को लेकर एक सैलून संचालक पर मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि महिला ने सुबह रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह कुछ समय पहले सेक्टर 122 में आसिफ के सैलून में काम करवाने गई थी तथा फिर दोनों के बीच से दोस्ती हो गई। महिला का आरोप है कि आसिफ ने अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ काफी दिनों तक बलात्कार किया तथा अब वह उसपर दबाव बना रहा है कि वह धर्म परिवर्तन करके उसके साथ शादी करे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार है तथा उसकी तलाश की जा रही है।पीड़िता शादीशुदा है। उसका एक बच्चा है। उसका पहले पति से विवाद चल रहा है। वह पहले पति से बिना तलाक लिए आसिफ के साथ रह रही थी।




# भारत के दो विकेट पर 174 रन

## मैनचेस्टर टेस्ट, राहुल-गिल ने भारत को 100 पार पहुंचाया:शून्य पर गंवा दिए थे दो विकेट, शुभमन फिफ्टी बनाकर खेल रहे

एजेंसी

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 174 रन बना लिए। टीम से ओपनर केएल राहुल 87 और कप्तान शुभमन गिल 78 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों पांचवें दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। चौथे दिन इंग्लैंड ने 669 रन बनाकर 311 रन की बढ़त हासिल की थी। टीम अब भी 137 रन से आगे हैं। हालांकि, उन्हें मुकाबला जीतना है तो आखिरी दिन भारत के 8 विकेट गिराने पड़ेंगे। वहीं भारत को मुकाबला ड्रॉ कराने के लिए पूरे दिन बैटिंग करनी होगी। भारत का जीत पाना बहुत मुश्किल है। शुभमन गिल ने किसी एक दौरे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान की सूची में विराट कोहली (655 रन) को पीछे छोड़ दिया है। वे अब सुनील गावस्कर (732 रन) से पीछे हैं। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओपनर बेन डकेट ने 94, जैक क्रॉली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया।



टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 104 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 207 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में शतकीय पार्टनरशिप हो चुकी है। गिल फिफ्टी बना चुके हैं। लंच से पहले टीम इंडिया ने शून्य पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में पवेलियन भेज दिया था। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया।

इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। शुभमन गिल ने किसी एक दौरे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान की सूची में विराट कोहली (655 रन) को पीछे छोड़ दिया है। वे अब सुनील गावस्कर (732 रन) से पीछे हैं। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 656/8 कि स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओपनर बेन डकेट ने 94, जैक क्रॉली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 39वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी की। इस साझेदारी ने भारतीय टीम को शुरूआती झटकों से उबार दिया है। टीम इंडिया ने शून्य पर दो विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारतीय टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया। इतना ही नहीं, केएल राहुल और गिल की जोड़ी ने 85 रन बना डाले। कप्तान गिल ने टी-ब्रेक से ठीक पहले फिफ्टी पूरी की। भारतीय टीम ने लंच से पहले शून्य पर दो विकेट गंवा दिए थे। भारतीय पारी के 29वें ओवर में कप्तान शुभमन गिल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने जो रूट के ओवर की दूसरी बॉल पर 3 रन दौड़े और फिफ्टी पूरी की। 25वें ओवर की आखिरी बॉल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला।

## तन्वी और वेन्नाला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में जीता कांस्य



सोलो (इंडोनेशिया)। उभरती शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने शनिवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते। वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन इसके बाद वह गलती कर बैठी जिसका फायदा उठाकर लियू ने सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम कर लिया। एक अन्य मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा को चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से 35 मिनट में 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी करते हुए 6-। की बढ़त बना ली।

## स्मिथ ने इंग्लैंड को किया आगाह

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज भले ही घरेलू मैदान पर काफी सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में विकेट बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहे हैं और स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस तरह की पिचों पर खेलने का अधिक आदी नहीं होना चाहिए। मौजूद श्रृंखला में दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और उन्होंने लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। बीबीसी स्पोर्ट ने स्मिथ के हवाले से कहा उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाज पिछले कुछ समय से सपाट और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेटों पर खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में उन्हें अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। उन्होंने कहा पिछले तीन-चार वर्षों में ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ों के लिए काफ़ी मुश्किल रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी।

## संक्षेप

### रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में रालर स्कोटिंग में जीता स्वर्ण

मुंबई। भारत की 13 वर्षीय रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एकल फ्री डांस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता के 20वें सत्र का आयोजन दक्षिण कोरिया के जेचियन शहर में हो रहा है जहां छह बार की राष्ट्रीय चैंपियन रिदम ने देश का नाम रोशन किया। रिदम ने इस साल की शुरुआत में ताइवान में हुई आर्टिस्टिक रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। मुंबई की खिलाड़ी ने चार साल की उम्र से स्केटिंग करना शुरू कर दी थी। रिदम का लक्ष्य अब ब्रिसबेन में होने वाले पैसिफिक कप में भाग लेना है।

### अटवाल, जीव व ज्योति ने सीनियर ओपन में कट हासिल किया

सनिंगडेल (ब्रिटेन)। अर्जुन अटवाल, जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा की भारतीय गोल्फ तिकड़ी ने यहां आईएसपीएस हांडा सीनियर (50 साल से अधिक) ओपन में कट हासिल कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों ने किसी मेजर (गोल्फ के शीर्ष स्तर का टूर्नामेंट) में एक साथ कट हासिल किया है। शुरुआती दिन 67 का कार्ड खेलने वाले अटवाल दूसरे दिन दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर है। जीव (71-69) संयुक्त 49वें स्थान पर है जबकि रंधावा (70-71) एक ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रहे इस प्रतियोगिता का कट एक ओवर का रहा।

### राष्ट्रीय खेलों की संयुक्त राज्यों के प्रतिनिधियों ने की बैठक

शिलांग। केंद्र ने 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए एक अनूठा मॉडल प्रस्तावित किया है, जिसमें सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों को इस आयोजन की सह-मेजबानी करने के लिए कहा गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को शिलांग में खेल मंत्रियों, खेल सचिवों और राज्य ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की पहली क्षेत्रीय बैठक के दौरान इस प्रस्ताव को सर्वसम्मत समर्थन मिला। मेघालय के खेल मंत्री शक्लियर वारजरी की अध्यक्षता और अरुणाचल प्रदेश के खेल मंत्री केंटो जिनी की सह-अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन बंद कमरे में हुआ। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इस क्षेत्र में 1999 (मणिपुर) और 2007 में हुआ है। मेघालय राज्य ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जॉन एफ. खारशिंग ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के प्रतिनिधियों ने इन सभी राज्यों की संयुक्त मेजबानी में लिए समन्वय पर अपने सुझाव पेश किये।

## एम्मा और लेयला डीसी ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी



वाशिंगटन। एम्मा राडुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

राडुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराया। महिला वर्ग में 2021 के अमेरिकी ओपन की उप विजेता लेयला फर्नांडीज ने भी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-4,7-6(4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फर्नांडीज का अगला मुकाबला 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना से होगा जिन्होंने मैग्डानेला फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया। मैग्डानेला फ्रेच ने इससे पहले गुरुवार को वीनस विलियम्स को हराया था। पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन लगातार दूसरे साल डीसी ओपन के सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए हैं।

उन्होंने क्वार्टर फ़ाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफ़ो को 7-6(2) 6-4 से हराया। एलेक्स डी मिनौर और कोरेंटिन मौटेट भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका आमना सामना होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से और मौटेट ने 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया।

### क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला

बासेटेरे (सेंटकिट्स)। टिम डेविड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे तेज शतक बनाया जिससे उनकी टीम ने शुक्रवार को पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप के नाबाद 102 रन की मदद से चार विकेट पर 214 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डेविड और मिशेल ओवेन की 128 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 16.1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की और श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की। डेविड ने सेंट किट्स के वार्नर पार्क में छोटे मैदान का पूरा फायदा उठाते हुए अपना छठा चौका लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक पूरा किया और ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने सिर्फ़ 37 गेंदों में 11 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए और पिछले साल स्कॉटलैंड के खिलाफ़ जोश इंग्लिस द्वारा बनाए गए 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्णकालिक सदस्य देशों में यह क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में तीसरा सबसे तेज शतक भी है। केवल भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ही उनसे आगे हैं।

## दिव्यांषी व तरनजीत, कपिल व सलौनिया में फाइनल आज



**लखनऊ।** आज तीसरे दिन गोमती नगर स्थित बी0बी0डी0 बैडमिंटन हॉल में आयोजित की जा रही लखनऊ जिला बैडमिंटन द्वारा आयोजित योनेक्स-सनराइज उ0प्र0 राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन, पूर्वी क्षेत्र सिलेक्शन टीम (अंडर-19) प्रतियोगिता मे बालिका वर्ग में दिव्यांषी गौतम (आगरा) ने आषे सिंह (मथुरा) को 21-15, 21-17 से हराया। तथा दूसरे सेमीफाइनल में तरनजीत कौर (मुरादाबाद) ने रिद्धि भारद्वाज को 21-6, 21-11 से हराया।

सेमीफाइनल के बालक वर्ग मे हुसैन अंसारी (गोरखपुर) ने मो0 आमर अफजल (हापुड़) को 21-14, 21-10 से हराकर फाइनल मे अपनी जगह बनायी। बालक युगल वर्ग में अभिषेक कुशवाहा (गोरखपुर), कपिल सलोनिया (स्पोर्टस कालेज) ने हर्षित चौधरी (मुजफ्फरनगर), युवराज सिवाच (मेरठ) को 21-18, 16-21, 21-16 दूसरे युगल मे देवांग तोमर (मुरादाबाद) व सरेख चौरसिया (झांसी) ने आर्यन भट्ट (मुरादाबाद), देवेन्द्र सिंह ठाकुर (ललितपुर) को 21-18, 21-10 से हराया। बालिका युगल वर्ग मे आदित्या यादव (गोरखपुर) व रिद्धिमा सिंह (मुरादाबाद) ने अदित्री कटियार, अंषिका गुप्ता को (21-6, 21-6) से हराया। पुरस्कार वितरण दिनांक 27 जुलाई को शाम 04 बजे होगा, जिसके मुख्य अतिथि श्री विराज सागर दास, (चेयरमैन-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ), डा0 नवनीत सहगल, (अध्यक्ष-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ), चेयरमैन प्रसार भारती (भारत सरकार), डा0 सुधर्मा सिंह (सचिव-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) जिला सचिव अनिल ध्यानी द्वारा किया जायेगा। मुख्य निर्णायक श्री रविन्द्र चौहान, डा0 योगेश शेट्टी, डा0 अनुराग दीक्षित जी, अभिजीत यादव आदि मौजूद रहेगें। तत्पष्चात उ0प्र0 टीम के चयन की घोषणा की जायेगी।

**योनेक्स-सनराइज उ0प्र0 राज्य जूनियर (अंडर-19) बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025**

### दीक्षा स्कॉटिश ओपन में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय

नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)। दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। चौबीस साल की दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही। इस दौर के 16वें होल तक उनका स्कोर छह ओवर का था। टूर्नामेंट में खेल रही दो अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (75-73) और त्वेसा मलिक (77-77) कट से चूक गईं।

## यूएई में एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक

एजेंसी



कराची। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने एक्स पर एक औपचारिक घोषणा में बताया, मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक होगा। हम इसमें शानदार क्रिकेट देखने की उम्मीद करते हैं। इसका विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा।

एशिया कप के आयोजन स्थल का निर्णय 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया। इस बैठक में सभी 25 सदस्य देशों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट का मेजबान बीसीसीआई है, लेकिन इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है क्योंकि भारत और पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच मौजूदा तनाव के कारण 2027 तक केवल तटस्थ स्थानों पर प्रतिस्पर्धा करने पर पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है। एसीसी के प्रसारकों के साथ हुए समझौते के अनुसार, भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा और सुपर सिक्स चरण में भी उन्हें एक-दूसरे से भिड़ने का एक और मौका मिलेगा। दोनों टीम अगर फाइनल में पहुंचती है तो टूर्नामेंट में तीसरे मैच की भी संभावना होगी। भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए एशिया कप का यह सत्र टी20 प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। एशिया कप का प्रारूप आम तौर पर आईसीसी के अगले वैश्विक टूर्नामेंट के मुताबिक होता है। वहीं दूसरी ओर

**बुमराह ले सकते हैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास: कैफ**

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के बाद जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अगले क्रिकेटर हो सकते हैं क्योंकि दुनिया के नंबर एक गेंदबाज का शरीर साथ नहीं दे रहा। इकतीस वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लय में नहीं दिखे और 28 ओवर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जैमी स्मिथ का एकमात्र विकेट लिया। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने कैफ ने एक्स पर एक वीडियो में पोस्ट किया मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें। उन्होंने कहा विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी संन्यास ले चुके हैं। और अब लगता है, बुमराह की बारी है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को शायद इसकी आदत डालनी होगी।

मेरा मानना है कि अब आपको बुमराह के बिना टेस्ट मैच देखने की आदत डालनी होगी। कैफ ने कहा मुझे उम्मीद है और दुआ है कि मैं गलत हूं। लेकिन इस टेस्ट में मैंने जो देखा, उससे ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल भी आनंद नहीं ले रहे हैं। वह अपने शरीर से लड़ाई हार गए हैं। जोश और जुनून तो वही है, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा है। और ऐसी स्थिति में आप क्या कर सकते हैं। रोहित के संन्यास के बाद भारतीय थिंक-टैंक की कप्तानी के लिए पहली पसंद बुमराह थे लेकिन उन्होंने अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इस पद के लिए नहीं कह दिया। बुमराह ने एक साक्षात्कार में कहा था, हां, बीसीसीआई टीम के नेतृत्व के लिए मुझे चाहते थे। लेकिन फिर मुझे मना करना पड़ा। यह टीम के लिए भी उचित नहीं है कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कोई तीन मैचों में और कोई दो मैचों में नेतृत्व करे। यह टीम के लिए उचित नहीं है और मैं हमेशा टीम को प्राथमिकता देना चाहता था। बुमराह 2024 से आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर काबिज हैं, पर साल की शुरुआत से ही वह फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## मेस्सी एक मैच के लिए निलंबित, इंटर मियामी ने जताया विरोध

एजेंसी



फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा, यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है। मेस्सी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेस्सी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं। मास ने कहा कि क्लब ने मेस्सी और अल्बा को ऑल-स्टार मैच से बाहर रखने का फैसला किया। एमएलएस के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो लीग से अनुमति लिए बिना ऑल स्टार मैच में नहीं खेलता उसे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर

शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप ई के शुरुआती मैच में शनिवार को यहां मलेशिया आर्म्ड फोर्सेज फुटबॉल टीम को 6-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। एवरब्राइटसन सना और फ्रांसकी बुआम ने शिलांग की टीम के लिए दो-दो गोल किए। स्थानापन्न खिलाड़ी ट्रेइमिकी लामुरोंग और देइबोरमेम टोंगपर ने एक-एक गोल दागा कर टीम की एकतरफा जीत में योगदान दिया। मध्यांतर तक शिलांग की टीम सिर्फ एक गोल से आगे थी लेकिन इसके बाद टीम ने अपना दबदबा कायम करते हुए दूसरे हाफ में पांच गोल दागे।

**वहीं दूसरी ओर जावी हर्नांडेज और पेप गार्डियोला के आवेदन वास्तविक नहीं थेः एआईएफएफ**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को कहा कि विश्व कप विजेता स्पेनिश खिलाड़ी जावी हर्नांडेज का भारतीय फुटबॉल कोच पद के लिए ईमेल से भेजा गया आवेदन वास्तविक नहीं पाया गया तथा इस पद के लिए तीन अन्य आवेदकों की सिफारिश की गई है। महासंघ के एक अधिकारी ने शुक्रवार को गोपनीयता की शर्त पर कहा था कि स्पेन के दिग्गज फुटबॉलर जावी ने भी भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन किया है लेकिन उनके नाम पर विचार नहीं किया जा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय महासंघ उनका खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। एआईएफएफ ने छंटनी की गई सूची में नामों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन माना जाता है कि खालिद जमील स्पेन के मनोलो मार्केज़ द्वारा खाली किए गए पद के लिए सबसे आगे हैं। वह वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, एआईएफएफ को स्पेनिश कोच पेप गार्डियोला और ज़ावी हर्नांडिज़ से आवेदनों से संबंधित एक ई-मेल प्राप्त हुआ। उनके आवेदनों की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी और बाद में यह सामने आया कि ई-मेल से किए गए आवेदन वास्तविक नहीं थे। ऐसा माना जा रहा है कि आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने जमील के अलावा पहले भी भारत के कोच रह चुके इंग्लैंड के स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्लोवाकिया के स्टीफन टारकोविच के नाम की भी सिफारिश की है।

### डब्ल्यूयूजी : भारतीय ने किया निराश, रिले टीम से उम्मीद

राइन-रूहर (जर्मनी)। भारत की हाफ मैराथन में बड़ी उपस्थिति शनिवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में निराशाजनक रही क्योंकि पुरुष और महिला वर्ग में 10 धावकों में से कोई भी पोडियम पर जगह नहीं बना पाया। कुछ धावकों ने हालांकि व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किए लेकिन वे भी पदक नहीं जीत सके। भारतीय पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष वर्ग में पांच भारतीय लंबी दूरी के धावकों में से मोहित और मोहित चौधरी क्रमश :1:04:08 सेकंड और 1:06:51 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज करते हुए इस मुश्किल स्पर्धा में क्रमशः छठे और 21वें स्थान पर रहे। अरुण धनसिंह राठौड़ (26वें), शुभम बालियान (32वें) और अंकित देसवाल (36वें) ने क्रमशः 1:07:19 सेकंड, 1:08:32 सेकंड और 1:09:07 सेकंड का समय लिया जिससे लंबी दूरी के धावकों के चयन पर सवाल खड़ा हो गया है। जापान के शिनसाकु कुडो ने इस स्पर्धा में डब्ल्यूयूजी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1:02:29 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता जबकि तुर्की के रमाजान बास्टुग (1:02:35) ने रजत और जापान के ही रियुटो उहारा (1:02:39 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला हाफ मैराथन में भी भारतीय धाविकाओं ने निराश किया। इसमें ज्योति ।:21:22 सेकंड का समय लेकर 27 धावकों में 21वें स्थान पर रहीं। चीन की मा शिउजेन ने उनसे नौ मिनट कम समय में 1:12:48 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए लायेगा क्रांति

## हर वर्ग के लोगों को मिलेगा लाभ : पीयूष गोयल

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को क्रांति लाने वाला करार दिया और कहा कि इससे किसानों, युवाओं, उद्यमियों और एमएसएमई सहित हर वर्ग को लाभ होगा। व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता भी कहे जाने वाले भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर गोयल और उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गोयल ने एफटीए पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा यह एक परिवर्तनकारी समझौता है। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), युवाओं, मछुआरों और समाज के हर वर्ग के लिए अपार अवसर लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने 99 प्रतिशत निर्यात को ब्रिटेन को शुल्क-मुक्त भेज सकेगा। गोयल ने ज़ोर देकर कहा कि ब्रिटेन के साथ यह समझौता भारत की शर्तों पर विश्वासपूर्वक किया गया है और कृषि एवं डेयरी क्षेत्रों में संवेदनशील वस्तुओं की सुरक्षा की गई है। उन्होंने आगे कहा, हमने चावल और चीनी जैसी अपनी कई संवेदनशील वस्तुओं की सुरक्षा की है। डेयरी और एथनॉल को अभी तक नहीं खोला गया है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों में खुद को सुरक्षित रखा है। (इन क्षेत्रों में) कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत की भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ा संदेश देता है। आने वाले वर्षों में हम सभी देखेंगे कि भारत को इसके तहत क्या लाभ होंगे। गोयल ने कहा कि जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सत्ता में थी, तो वे उन आसियान देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करते थे जो हमारे साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने कहा, वे ऐसे देशों के लिए हमारे बाज़ार खोल देते थे, और उन पर शून्य शुल्क लगाते थे।

वे देश भारत में अपना माल सस्ते दामों पर बेचते थे और भारत के विनिर्माण क्षेत्र को नुकसान पहुंचाते थे। कई व्यापारिक संगठनों, उद्योग मंडलों और एमएसएमई दिग्गजों ने कई बार कहा है कि संप्रग के दौरान जिस तरह के एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए थे, वे देश के हित में नहीं थे। हाल ही में हुए प्रादा-कोल्हापुरी चप्पल विवाद का हवाला देते हुए, मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए के लागू होने से भारत को अपने जीआई (भौगोलिक संकेत) उत्पादों का श्रेय मिलेगा। उन्होंने कहा किसी ने हमारे कोल्हापुरी चप्पल के डिज़ाइन का इस्तेमाल किया। वाणिज्य मंत्रालय ने तुरंत इस पर कार्वाई की। भविष्य में, जब कोल्हापुरी चप्पलों का निर्यात किया जाएगा, तो भारत को इसका श्रेय मिलेगा। इसे भारत के जीआई उत्पाद के रूप में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारतीय उत्पादों के साथ जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही हैं।

# जम्मू आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के लिए 2,300 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना




जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए 2,300 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था शनिवार को यहां आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तीन जुलाई से शुरू हुई 38 दिन की लंबी यात्रा के बाद से अब तक 3.60 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के पिघलने के कारण पिछले कुछ दिनों से मंदिर में आने वाले लोगों की संख्या में कमी होनी शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि 34 वाहनों में 741 श्रद्धालुओं को लेकर पहला काफिला गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे लेकिन कठिन बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुआ, जबकि 58 वाहनों का दूसरा काफिला 1,583 श्रद्धालुओं के साथ अनंतनाग जिले के 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग के लिए निकला। यह तीर्थयात्रा नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी।

## संक्षेप

### ईरान में अदालत भवन पर हमला, 6 की मौत

दुबई। ईरान के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक अदालत की इमारत पर शनिवार को अज्ञात हमलावरों ने बंदूक और ग्रेनेड से हमला किया, जिसमें एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सरकारी टीवी ने एक खबर में यह जानकारी दी। खबर के अनुसार देश के अशांत दक्षिणी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुई सशस्त्र झड़प में सुरक्षा बलों ने तीन बंदूकधारियों को मार गिराया। खबर में किसी भी पीड़ित की पहचान नहीं बताई गई है।

# कारगिल की जीत ने भारत के साहस व गरिमा को प्रदर्शित किया : रेखा गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि कारगिल युद्ध में मिली जीत ने भारत के साहस, संयम और गरिमा को प्रदर्शित किया है।

उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के सैनिकों के अद्वितीय पराक्रम, अनुशासन और समर्पण को श्रद्धांजलि है। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। भारतीय सेना ने 1999 में इसी दिन तोलोलिंग और टाइगर हिल समेत करगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने तक चली लड़ाई के बाद ऑपरेशन विजय की सफल समाप्ति की घोषणा की थी। गुप्ता ने कहा कि कारगिल युद्ध केवल एक क्षेत्र की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि ये लड़ाई भारत के सम्मान, संप्रभुता और संकल्प की रक्षा के लिए भी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा, कारगिल की विजय भारत के साहस, संयम, गरिमा और मातृभूमि के प्रति समर्पण की जीत थी। हम इस पावन दिवस पर वीर शहीदों को कृतज्ञता और श्रद्धा के साथ नमन करते हैं।

# संसद की कार्यवाही बाधित होने से विपक्ष का नुकसान

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से विपक्ष को अधिक नुकसान होता है, क्योंकि वह सरकार को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण अवसर खो देता है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब मानसून सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी सांसदों के बार-बार विरोध प्रदर्शन के कारण कोई विशेष कामकाज नहीं हो सका।

प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित संसद रत्न पुरस्कार समारोह में रीजीजू ने याद दिलाया कि कैसे नौकरशाह संसद स्थगित होने पर कभी-कभी राहत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा मैं आपको बता दूं कि जब संसद नहीं चलती तो अधिकारी राहत महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें सवालों से छुटकारा मिल जाता है। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। जब सदन चलता है, तो मंत्रियों को कठिन सवालों का सामना करना पड़ता है। जब सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट में स्थगित हो जाती है, तो वे सवाल भी नहीं उठते। संसद की कार्यवाही बाधित होने से सरकार से अधिक नुकसान विपक्ष को होता है। रीजीजू ने कहा सदन की कार्यवाही बाधित करने वालों को लगता है कि वे सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन वास्तव में, वे लोकतंत्र में अपनी भूमिका को कमजोर कर रहे होते हैं। संसदीय जवाबदेही के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, किसी भी लोकतंत्र में, सरकार को संसद के माध्यम से जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए।

# रूस और यूक्रेन के हवाई हमलों में चार लोगों की मौत

एजेंसी



मॉस्को। रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर रात भर हवाई हमले किए जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों में दो-दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी निप्रो और उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्रों पर रॉकेट और ड्रोन से संयुक्त हमला हुआ। निप्रो क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि इस हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

निप्रो शहर में हमले के दौरान एक बहुमंजिला इमारत और व्यवसायिक प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए और इस क्षेत्र में एक शॉपिंग सेंटर में आग लग गई। सैन्य प्रशासन ने कहा कि सूमी में तीन लोग घायल हुए हैं। खारकीव में रात भर भीषण हवाई बमबारी हुई और स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर तीन घंटे की अवधि में चार निर्देशित हवाई बम, दो बैलिस्टिक मिसाइल और 15 ड्रोन से हमला किया गया। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि हमले में ऊंची आवासीय इमारतें, स्थानीय व्यवसाय, सड़कें और संचार नेटवर्क क्षतिग्रस्त हो गए। वायु सेना की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने रात भर में कुल मिलाकर 208 ड्रोन और 27 मिसाइलों से यूक्रेन को निशाना बनाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, वायु रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध ने 183 ड्रोन और 17 मिसाइलों को मार गिराया या रोक दिया, लेकिन नौ स्थानों पर 10 मिसाइलें और 25 ड्रोनों से हमले दर्ज किए गए।

मॉस्को के अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने रात में रूस के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। कार्यवाहक गवर्नर यूरी स्लुसार ने बताया कि यूक्रेन की सीमा पर स्थित रोस्तोव क्षेत्र में एक ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई। गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने टेलीग्राम पर बताया कि पड़ोसी स्टावरोपोल क्षेत्र में ड्रोन ने एक अनिर्दिष्ट औद्योगिक केंद्र पर हमला किया, लेकिन उन्होंने सटीक स्थान के बारे में नहीं बताया। मेयर सर्गेई सोबयानिन के अनुसार, ड्रोन ने मॉस्को को भी निशाना बनाया लेकिन उसे मार गिराया गया।

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मोनिका शुक्ला
ग्राम प्रधान
भटपुरवा कलां, श्रावस्ती

# कांग्रेस की चुनावी हार के लिए निर्वाचन आयोग जिम्मेदार

एजेंसी



आणंद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात में पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों को आश्वासन दिया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय उनकी राय पर भी विचार किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान (पार्टी संगठन को मजबूत करने का अभियान) के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसके मुख्य गढ़ गुजरात में हराना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आणंद शहर के पास एक रिसॉर्ट में जिला पार्टी कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के लिए शिविर का आयोजन किया है। पार्टी के मिशन 2027 के लिए खाका तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का समापन 28 जुलाई को होगा। गुजरात कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आश्वासन दिया कि नेतृत्व पूरी तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है। राजकोट जिला कांग्रेस प्रमुख राजदीपसिंह जडेजा ने कहा, राहुल गांधी ने हमसे लोगों से जुड़े मुद्दे उठाने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभिन्न चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन से पहले शहर और जिला इकाई प्रमुखों से परामर्श किया जाएगा।

एक अन्य नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती अंपायर होने का आरोप लगाया, जिसके कारण कांग्रेस चुनाव हार रही है। कांग्रेस की सुरेंद्रनगर जिला इकाई के प्रमुख नौशाद सोलंकी ने कहा, क्रिकेट में अगर आप बार-बार आउट हो जाते हैं, तो आप खुद पर शक करने लगते हैं।

# सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा : गवई

अमरावती। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने शनिवार को कहा कि वह अपनी सेवानिवृत्ति के बाद परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करेंगे तथा कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। वह अमरावती जिला एवं सत्र न्यायालय में दिवंगत टी.आर. गिल्डा मेमोरियल ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, मैंने पहले भी कई मौकों पर घोषणा की है कि 24 नवंबर के बाद मैं कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। मैं परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करूंगा।

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विद्या प्रकाश
प्रधान-कल्याणपुर
श्रावस्ती

# पीएम मोदी तमिलनाडु में 4,800 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

तूतीकोरिन (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाएं शनिवार को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और इसका दौरा भी करेंगे। वह देश को दो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाएं समर्पित करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-36 के सेथियाथोपे से चोलापुरम तक 50 किमी हिस्से को चार लेन में विकसित किया गया है। इसे विक्रवंडी-तंजावुर कॉरिडोर के तहत 2,350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है।




कार्यालय-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र

जनसाधारण के लिए संचारी रोगों से बचाव के संदेश एवं उपाय

वर्षा ऋतु एवं बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुएए संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु निम्नलिखित उपाय अनिवार्य रूप करना है:-

1. गड्ढों में जलजमाव न होने दें जमा पानी में जला हुआ मोबिल डालें जिससे मच्छरों के लार्वा समाप्त हो जायेंगे।
2. कूलर/गमला एवं पुराने टायर में कहीं भी साफ पानी जमा न होने दें।
3. घर के आसपास झाड़ियों की कटाईए नाली की सफाई करें।
4. स्कूल जाने वाले बच्चे पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें।
5. मच्छरदानी का प्रयोग करें।
6. शौच के उपरान्त एवं भोजन करने के पहलेए हाथ अच्छी तरह धोकर भोजन करें।
7. बासी खाना न खायें।
8. साफ पानी पियें। सम्भव हो तो उबाल कर/छान कर पियें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सोनभद्र

पत्रांक:- मु.चि.अ./संदेश/2025-26/43 दिनांक 15.07.2025

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मोहम्मद सुहेल
पूर्व प्रधान
चैनपुर, श्रावस्ती

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं



इमरान मेकरानी
श्रावस्ती मेडिकल ऐजेन्सी, श्रावस्ती

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com